संसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.173 ▼ -0.094

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 21.0 |
| धनबाद | 25.0 | 14.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 12.0 | 25.0 |
| पलामू | 25.0 | 13.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 24 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 317, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय जन गण मन के महानायक हैं अटल ... 8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

चीनी वीजा मामले में ईडी के सामने पेश हुए ...12 देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 81,000

## एक नजर

### हजारीबाग में एएसआई घूस लेते गिरफ्तार

**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को हजारीबाग के विष्णुगढ़ के एएसआई मनोज कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मनोज कुमार मूल रुप से बिहार के जहानाबाद जिले के रहने वाले है। बताया जाता है कि हजारीबाग निवासी ललिता देवी ने एसीबी से लिखित शिकायत की थी कि उनके पति बदरी यादव के खिलाफ थाने में एक केस दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीबी की टीम ने जांच करने पर आरोप सही पाया। इसके बाद टीम ने रंगेहाथ छह हजार रुपये रिश्वत लेते एएसआई को गिरफ्तार कर लिया।

### धनबाद-गोमो से गुजरनेवाली कई ट्रेनें 30 से 16 तक रद्द

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में हसनपर्ती रोड और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी लाइन की कमिशनिंग के मद्देनजर दोनों स्टेशन पर एनआई कार्य किया जा रहा है। इसके कारण धनबाद और गोमो से होकर गुजरनेवाली कई ट्रेनों को 30 दिसंबर से 16 जनवरी के बीच अलग-अलग तिथियों में रद्द कर दिया गया है। धनबाद से होकर गुजरनेवाली ट्रेन नंबर 12521 बरौनी-एनार्कुलम एक्सप्रेस एक और आठ जनवरी और ट्रेन नंबर 12522 एनार्कुलम-बरौनी एक्सप्रेस पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 3 और 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल 30 दिसंबर और 13 जनवरी, ट्रेन नंबर 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 2, 9 व 16 जनवरी और गोमो होकर जानेवाली ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 1, 3, 8 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल 3 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 5 और 12 जनवरी को रद्द रहेगी।

### तेजस्वी को मिली आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड जाने की इजाजत

**नई दिल्ली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सरकारी दौरे के लिए विदेश जाने की इजाजत मिल गई है। दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट के इस फैसले के बाद तेजस्वी यादव 6 से लेकर 18 जनवरी तक आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के सरकारी दौरे पर जा सकेंगे। कोर्ट ने तेजस्वी यादव को 25 लाख के एफडीआर जमा करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि विदेश दौरे के दौरान तेजस्वी यादव आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में रुकने की जगह और अपना मोबाइल नंबर कोर्ट को बताएंगे।



## सीएम आर्चबिशप हाउस पहुंचे, राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व की दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी सीएम को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं क्रिसमस पर्व के मौके पर पूरे झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूं। इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एबीपी-सी वोटर सर्वे : राहुल विपक्षी गठबंधन के सबसे पसंदिदा चेहरा

### 50 फीसदी लोगों को विपक्षी इंडिया गंठबंधन के टिके रहने का भरोसा नहीं

### पांच राज्यों के सर्वे में चार में भाजपा की बड़ी जीत का दावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने दावा किया था कि भारत जोड़ो यात्रा को लोगों का काफी समर्थन मिला है लेकिन इसका फायदा 2024 के चुनाव में होगा या नहीं, इसे लेकर एबीपी न्यूज के लिए किए गए सी वोटर ओपिनियन पोल में जनता ने राय दी है। पोल में 37 फीसद लोगों ने राहुल गांधी को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाने की बात कही। वहीं 13 फीसद अरविंद केजरीवाल के पक्ष में दिखे। नीतीश कुमार को दस फीसद व ममता बनर्जी को मात्र नौ फीसद



ने पसंद किया है। लेकिन विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे चिंता की बात है कि पोल में शामिल 50 फीसदी लोगों को विश्वास नहीं है कि गठबंधन टिकेगा। सर्वे में बताया गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को 2024 में बड़ा बहुमत मिलने जा रहा है। वहीं दक्षिण के राज्यों में भाजपा की चुनौती बरकरार है लेकिन कर्नाटक में भाजपा बाजी मारती नजर आ रही है। सर्वे में बीजेपी राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में जबरदस्त प्रदर्शन करती नजर आ रही है। इस तरह

**नोट :** एबीपी न्यूज के लिए सी वोटर ने 2024 का पहला ओपिनियन पोल किया है। सर्वे में सभी 543 लोकसभा सीटों पर 13 ,115 लोगों से बात की गई है। सर्वे 15 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच किया गया है। इसमें मार्जिन ऑफ एरर प्लस माइनस 3 से प्लस माइनस 5 फीसदी है।

कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के ओपिनियन पोल सी-वोटर सर्वे के हिसाब से बीजेपी कुल 110 सीटों में 82 से 92 सीटों पर जीतती नजर आ रही है। वहीं कांग्रेस के खाते में 13-23 और अन्य के खाते में 4-6 सीटें मिलने का अनुमान है।

इधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी जनवरी के दूसरे सप्ताह से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अपने गृह जिला में केंद्र सरकार पर जमकर गरजे मुख्यमंत्री

# यह गाजर-मूली की सरकार नहीं कि कोई हिला दे : हेमंत

### झारखंड में डबल इंजन की सरकार ने ऐसा काम किया कि गांव में बढ़ती गई समस्या

### स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 सहित कुल 92 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अपने गृह जिला रामगढ़ पहुंचे। यहां वह केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला व चुनौती दी। कहा, झारखंड में गाजर-मूली की सरकार नहीं है। इसे उखाड़ना या हिलाना संभव नहीं है। गरीबों और आदिवासियों ने यह सरकार बनाई है। कहा, कथित डबल इंजन की सरकार ने राज्य में ऐसा काम किया कि गांव की समस्या बढ़ती गई और सुनने वाला कोई नहीं रहा। इस दौरान डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 एवं 2 अन्य कुल 92 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। सीएम ने कहा कि गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। इसके लिए आपकी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 किमी ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है।




#### 652 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 49 करोड़ 95 लाख रुपये की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 98 करोड़ 94 लाख रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 652 करोड़ की लागत से बनने वाले 172 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ जनता को दिया।

#### अधिकारियों को योजनाओं की गठरी के साथ गांवों में भेजा है

सीएम ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को योजनाओं की गठरी के साथ हर गांव में भेजा है। यही वजह है कि सभी को योजनाओं का लाभ उनके घर पर मिल रहा है। झारखंड गरीब प्रदेश है और यहां की जनता योजनाओं को लेकर उतनी जागरूक नहीं है। लेकिन जब अधिकारी खुद उनके घर पहुंच रहे हैं तो ग्रामीणों को भी हर चीज की जानकारी हो रही है। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई योजना, अबुआ आवास योजना, सीएम पशुधन योजना, जाति प्रमाण पत्र, साइकिल डीबीटी, मनरेगा, वन पट्टा से जुड़े मामले के लाभुकों को सौगात मिली।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपनी टीम में किया बदलाव

## 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इनमें सबसे प्रमुख नाम प्रियंका गांधी वाड्रा का है। जिन्हें महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है, लेकिन फिलहाल उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह पिछले करीब पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है। प्रियंका गांधी के स्थान पर झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडेय को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। वहीं गुलाम अहमद मीर को झारखंड के नये प्रभारी होंगे। वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवड़ा और विजय




इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्य प्रदेश के प्रभार वापस लिया गया है और अब वह सिर्फ कर्नाटक के प्रभारी बने रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप गई है। सिंह पहले से ही असम के प्रभारी की भूमिका निभा रहे हैं। महासचिव कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे। मोहन प्रकाश को बिहार, राजीव शुक्ला को हिमाचल और चंडीगढ़ और देवेंद्र यादव को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कई राज्यों में भी नये प्रभारियों की नियुक्ति की गयी।

## बीते 24 घंटे में कोविड के 752 नए मामले, चार लोगों की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार



कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार कि सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 24 घंटे में केरल में दो व राजस्थान व कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है।

### चंद्रयान 3 की लैंडिंग के 4 महीने बाद गुड न्यूज

## इसरो लीफ एरिक्सन लूनर से सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के तीसरे मून मिशन चंद्रयान-3 ने चार महीने पहले चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करके इतिहास रच दिया था। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बना था, जिसने अपना यान चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करवाया हो। अब चार महीनों के बाद इसरो को एक और गुड न्यूज मिली है। दरअसल, इसरो को चंद्रयान-3 मिशन के लिए प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो को उसके सफल



चंद्रयान-3 मिशन के लिए आइसलैंड के हुसाविक में स्थित 'एक्सप्लोरेशन म्यूजियम' ने 2023 लीफ एरिक्सन लूनर प्राइज से सम्मानित किया है। रेकजाविक स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि यह पुरस्कार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान की पहली 'सॉफ्ट-लैंडिंग' और "चंद्रमा संबंधी खोज को आगे बढ़ाने एवं आकाशीय रहस्यों को समझने में योगदान देने में इसरो के अदम्य जज्बे" की सम्मान प्रदान करता है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर धन्यवाद देते हुए एक वीडियो संदेश भेजा और भारत की अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से राजदूत बी श्याम ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। 'लीफ एरिक्सन पुरस्कार' एक्सप्लोरेशन म्यूजियम द्वारा 2015 से दिया जाने वाला एक वार्षिक सम्मान है। इसका नाम खोजकर्ता लीफ एरिक्सन के नाम पर रखा गया है जिन्हें क्रिस्टोफर कोलंबस की यात्रा से लगभग चार शताब्दी पहले महाद्वीपीय अमेरिका पर पैर रखने वाला पहला यूरोपीय माना जाता है।

## इंडिया पद्म पुरस्कार लौटाए नहीं जा सकते छीने जरूर जा सकते हैं



सुनील बादल

*कुश्ती* में ओलंपिक पुरस्कार विजेता बजरंग पूनिया टीवी पर प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर ही अपना पद्मश्री पुरस्कार रख कर वापस लौटते दिखाई देते हैं लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि पद्म पुरस्कार लौटायाजा सके। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 'कोई पुरस्कार विजेता चाहे तो कारण बताकर लौटाने की घोषणा कर सकता है, लेकिन पद्म पुरस्कार के नियम में ऐसी परिस्थिति को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। नियम में सिर्फ इतना है कि बिना किसी आधार के राष्ट्रपति पुरस्कार रद्द नहीं कर सकते और जब तक राष्ट्रपति फैसला नहीं लें तब तक विजेता के नाम राष्ट्रपति के निदेर्शानुसार बनाए गए पद्म प्राप्तकताओं के रजिस्टर में बने रहते हैं । राष्ट्रपति अगर किसी का पुरस्कार रद्द कर दें तो उनके फैसले को कैसे रद्द किया जा सकता है, नियम में इसका भी प्रावधान है।'पद्म पुरस्कार कभी रद्द नहीं किए गए हैं। 2018 में गृह राज्य मंत्रीकिरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया था, 'देश की जांच एजेंसियों की तरफ से व्यक्ति के चरित्र और पृष्ठभूमि का सत्यापन किए जाने के बाद ही पुरस्कार दिए जाते हैं।' सामान्य प्रथा के अनुसार, पुरस्कार की घोषणा से पहले ही संभावित प्राप्तकतार्की इच्छा अनौपचारिक रूप से पूछी जाती है। कई लोग पूछने पर ही पुरस्कार लेने सेइनकार कर देते हैं। एक बार किसी व्यक्ति को पद्मविभूषण, पद्म भूषण या पद्म श्री से सम्मानित करने के बाद उसका नाम भारत के गजट में प्रकाशित होता है और ऐसे प्राप्तकर्ताओं का एक रजिस्टर बनाए रखाजाता है। एक अधिकारी ने कहा, 'भले ही पुरस्कार विजेता बाद में पद्म पुरस्कार लौटाने की घोषणा करता है, उसका नाम गजट या पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर से नहीं हटाया जाता है।'पद्म पुरस्कार 'वापसी' से जुड़े चर्चित मामले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस ढिंडसा के थे। उन्होंने 2020 में राष्ट्रपति को लिखा था कि वे तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध कर रहेकिसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपना पुरस्कार 'वापस' कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बादल और ढिंडसा कानाम अभी भी पद्म पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर में दर्ज है। भारतमें चार नागरिक सम्मान में सबसे बड़ा नागरिक सम्मान भारत रत्न होता है इसके बाद पद्मविभूषण आता है, इसकेबाद पद्मभूषण और फिर अंत में पद्मश्री । सम्मानितव्यक्ति जब कहीं जाते हैं तो उसके नाम के आगे उसके पुरस्कार का नाम जोड़ दिया जाता है। सचिन तेंदुलकर को संबोधित करते हुए सचिन तेंदुलकर नहीं बल्कि भारत रत्न श्री सचिन तेंदुलकर कहा जाता है, जोनियम के अनुसार गलत है। जिन-जिन को पद्म पुरस्कार या भारत रत्न दिया जाता हैउन्हें इस बारे में जानकारी दी जाती है लेकिन कुछ लोग अपने नाम से पहले या नामके बाद में पुरस्कार का नाम लगाना बेहद गौरव की बात समझते हैं। ऐसा करने पर पुरस्कार वापस लिया जा सकता है। आम आदमी या फिर इन पुरस्कारों के विजेताओं के मन में सवाल जरूर उत्पन्न होगा कि यह तोउन्हें सरकार द्वारा उपाधि दी गई है। उनके सम्मान में यह पुरस्कार उन्हें दिया गया है। तो ऐसे में क्यों ना वह उसे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर बंगाल गवर्नर ने कुलपति को हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शनिवार को बुद्धदेव साव को कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के अंतरिम कुलपति पद से हटा दिया। रविवार को होने वाले जेयू के दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या से पहले उन्हें हटाया गया है, जिससे अंतिम क्षण में कार्यक्रम को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई। राज्यपाल ने, सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते विश्वविद्यालय के लड़कों के छात्रावास में एक नए छात्र की रैगिंग से संबंधित दुखद मौत के बाद इस साल अगस्त में साव को अंतरिम कुलपति नियुक्त किया था। साव की नियुक्ति से पहले जेयू लंबे समय से बिना स्थायी कुलपति के ही चल रहा था।

## गुमला में पूर्व पंसस के पति की गोली मारकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपा वन गांव में शुक्रवार रात पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार सुबह एनएच-23 पर जाम लगा दिया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गईं। आक्रोशित ग्रामीण हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बताया जाता है कि अपाची बाईक पर सवार दो अपराधी विजय की दुकान पर आये और उससे पेट्रोल, चॉकलेट, गुटखा खरीदा। इसके बाद पेचकस मांगा। इसी दौरान अपराधियों ने पीछे से विजय उरांव की पीठ में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। बाद में एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल भी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में गुमला के एसपी एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बाईक सवार दो अपराधी मुंह ढंककर पूर्व पंचायत समिति सदस्य के दुकान पहुंचे थे। दुकान पहुंचते ही पेट्रोल लिया। इसके बाद कुछ अन्य सामान भी खरीदे। अंत में बाइक खराब होने के नाम पर पेचकस मांगी। विजय उरांव ने बेटे से पेचकस लाने को कहा। इस बीच अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। अपराधियों के बारे में कुछ जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला

**जामताड़।** जामताड़ा सदर थाना क्षेत्र के सहरपूरा पंचायत के जोड़भीठा गांव के बोनपाड़ा जंगल में एक अज्ञात युवक का लास ग्रामीणों ने सुबह देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने जामताड़ा थाना पुलिस को इसकी सूचना दिया। मौके पर जामताड़ा पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने युवक की लाश को अलकसिया के पेड़ में फांसी के फंदा से लटका हुआ बरामद किया है। मौके पर पुलिस ने कहा कि एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया गया है। यह हत्या है या आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर पुलिस जांच में जुट गई है। युवक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। वहीं सहरपुरा पंचायत के मुखिया पति परेश मुर्मू ने बताया कि जोड़भीठा गांव से एक ग्रामीण ने फोन कर शव मिलने की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर यहां पहुंचे हैं।

### युथ कांग्रेस ने किया क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



मांडर। यूथ कांग्रेस के द्वारा मांडर बाजार टांड़ में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मौके पर बोलते हुए युथ कांग्रेस के नेता अमित खलखो ने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म मानव के कल्याण के लिए हुआ था। आपस में शांति और भाईचारा बनाए रखें यही हमारे प्रभु यीशु का संदेश है। मौके पर जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित खलखो, जिला महासचिव युवा कांग्रेस हसीब अंसारी, अंजू खलखो, शिवलाल लोहार, ललिता खलखो, सुनीता खलखो, अंजलि खलखो, अनिल खलको, संध्या खलको, बबलू उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अस्पताल को है ईलाज की जरुरत




**डकरा।** सीसीएल एनके एरिया स्थित क्षेत्रीय अस्पताल को केंद्रीय अस्पताल में परिणत तो कर दिया गया, लेकिन सुविधा के नाम पर पहले से भी बदतर बनी हुई है। यूं कहा जाए तो सिर्फ यह अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। इसके अलावा यहां भ्रष्टाचार भी काफी बढ़-चढ़कर बोल रहा है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि अस्पताल के कामगार ही मरीजों का निवाला को डकारने में लग गए। जिसका ताजा उदाहरण है जिस नाम से वेंडर कोड बिल बनाया गया है उस नाम का दुकान ही नहीं है और ना ही बिल में कोई जीएसटी नंबर का जिक्र है। इस धंधे में अस्पताल कर्मी की ही मिलीभगत के कारण कोई रोक-टोक करने वाला नहीं है। इसके अलावा सिक फिट का मामला हो या नौकरी के लिए फिट करने का बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता।

# केन्द्र सरकार की योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाना है लक्ष्य : आराधना पटनायक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को संकल्प यात्रा रथ प्रखंड के झींझरी पंचायत पहुंचा। जागरूकता रथ के आगमन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में मौके पर पहँची केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव आराधना पटनायक एवं उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा स्टॉल भ्रमण कर इसका निरीक्षण किया गया। इससे पूर्व स्वास्थ्य सचिव एवं उप विकास आयुक्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्य क्रम की शुरआत की गई। स्वास्थ्य सचिव आराधना पटनायक ने ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की यह पहल है। विकसित भारत रथ यात्रा के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाएं की जानकारी गरीबों तक पहुंचाना एवं उसका लाभ उनको दिलाना। साथ ही भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाकर गरीब मुक भारत का निर्माण करना है। सभी ग्रामीण जागरूक होकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाएं, चाहे वह आयुष्मान भारत कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि सम्मान योजना, एवं कृषि के क्षेत्र में भारत सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण अवश्य ले। क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का एक मात्र उदेश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। मौके पर डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर अकाई मिंज, अभियान निदेशक अलोक त्रिपाठी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचलधिकारी विजय हेमराज खलखो, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




गोसनर मिडिल स्कूल में क्रिसमस की गैदरिंग पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते गोसनर स्कूल के बच्चे

### न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**रातू।** न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सोसो कमड़े रातू का वार्षिकोत्सव मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर अरविंद उरांव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल की स्थापना 2005 में 5 बच्चों के साथ की गई थी और आज इस विद्यालय में 500 बच्चे पढ़ रहे हैं। यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार करके विकास का एक नया द्वार खोल रहा है । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल शामिल हुए । उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाकर न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल एक नई मिसाल के रूप में उभर कर सामने आया है। बतौर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जंग बहादुर पांडे ने कहा कि आज शिक्षा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता बन गई है। बच्चों को हिंदी अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी मातृभाषा की शिक्षा भी देने की आवश्यकता है। स्कूल की प्राचार्य निर्मला गुप्ता ने कहा कि आज कैरियर हर सेक्टर में है।

### दो दिवसीय आरटीपीबीसी सखी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उदघाटन



**सिल्ली/मुरी।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 2 दिवासीय आरटीपीबीसी सखी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि बीपीएम जोकिम कंडेर सिल्ली के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड से आए 23 महिलाओं ने भाग ली। मुख्य अतिथि ने संदेश दिया कि बी सी सखी का बहुत बड़ा जिमेबारी है, बीसी सखी जो कार्य कर रही वह काबिले तारीफ है जो भी हमारे गांव में उम्रदराज व्यक्ति है जो चल कर बैंक नहीं जा पाते है उन व्यक्ति के लिए बी सी सखी घर तक पैसा पहुंचाने और खाता खोलने का भी कार्य करती है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल , जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब में खिचड़ी भोग का वितरण

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब की ओर से भक्तों के बीच शनिवार भोग खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के द्वारा भगवान को भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। भोग में खिचड़ी, आचार एवं चिप्स दिये गये। भोग वितरण कार्यक्रम में महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा तथा समीर नायक आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### रांची प्रेस क्लब का चुनाव 29 को

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब का चुनाव की प्रकिया शुरू हो गयी है। वार्षिक आम सभा के निर्णय के अनुसार आज 24 दिसंबर से नामांकन शुरू होगा, जबकि मतदान 29 दिसंबर को होगा। अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार की शाम को कर दिया गया। नामांकन आज से 26 दिसंबर तक किये जायेंगे। नाम वापसी 26 दिसंबर की शाम 6 बजे तक। प्रत्याशियों के नामों की अंतिम सूची का प्रकाशन 26 दिसंबर को शाम 6.30 बजे किया जायेगा। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। मतगणना 29 दिसंबर को मतदान के तुरंत बाद शुरू कर दी जायेगी। चुनाव कराने के लिए रिटायर्ड एडीजे वीएन प्रसाद मुख्य रिटर्निंग अफसर होंगे।

## डॉ सुनील चंद्र दुबे बने बिरसा कृषि विवि के नये कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में सहायक महानिदेशक (पौध संरक्षण एवं बायोसेफ्टी) के पद पर कार्यरत डॉ सुनील चंद्र दुबे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति नियुक्त किए गए हैं। उनका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। राज्यपाल सचिवालय द्वारा हाल में इस आशय की अधिसूचना जारी की गई। गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 2 फरवरी 1963 को जन्मे डॉ दुबे ने स्कूल और कॉलेज की अपनी आरंभिक शिक्षा गोरखपुर में ही प्राप्त की। उसके बाद चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर से बीएससी (कृषि), एमएससी (पौधा रोग) एवं पीएचडी (पौधा रोग) की डिग्री प्राप्त की।

## आध्यात्मिक ज्ञान से किसानों को उत्पादन के लिए सुझाव देना आवश्यक : बहन निर्मला



**रांची** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। मौके पर शिवनारायण साहू ने कहा कि हमारे किसान बहुत ही मेहनती हैं। उसकी मेहनतकश जिन्दगी को सारा देश नमन करता है। किसान खेतों में कड़ी मेहनत करके अनाज पैदा करते हैं, तभी भोजन हमारी थालियों तक पहुंच पाता है। ऐसे में हमसभी को अन्न ग्रहण करते समय किसानों को कोटी-कोटी धन्यवाद करना चाहिए। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा हमें किसानों को उन्नत खेती उत्पादन के लिए सुझाव देना आवश्यक है। वैज्ञानिक कृष्णा प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार एक माता अपने बच्चों का लालन-पालन त्याग तपस्या की साधना से करती है, ठीक उसी प्रकार किसान भी त्याग व तपस्या का दुसरा नाम है। कार्यक्रम में बबलू महतो एवं सुजीत महतो ने भी संबोधित किया। एक अन्य कार्यक्रम में गीता जयंती मनायी गयी।

### मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची को ऑटोनोमस मिलने पर सभी को बधाई : डॉ. मनोज कुमार

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में महाविद्यालय स्टाफ काउंसिल की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। प्राचार्य महोदय ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे लिए खुशी का अवसर है कि हमारे महाविद्यालय की स्वतता जारी है । इसके लिए आप सभी शिक्षक एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं और हमारी ओर से आप सभी को बधाई और ढेरों शुभकामनाएं। आज की इस विशेष बैठक इसलिए बुलाई गई है कि आगे कि रणनीति तैयार की जा सके कि हम नैक(ठअअउ) टीम की जांच में कैसे अव्वल दर्जा और ग्रेडिंग प्राप्त करें ताकि हमारे महाविद्यालय की स्वायतता लंबे समय तक जारी रहे। प्रो. इंचार्ज डॉ. आर.आर. शर्मा एवं डी.एस.डब्लू. डॉ. तरुण चक्रवर्ती ने भी सभी को बधाई दी। इसमें शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

### कड़ाके की ठंढ में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के बुढ़ाबेरा में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा गरीब, विधवा,असहाय और जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। विदित हो की फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों के बीच कम्बल,छाता एवं अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुएं वितरण किया जाता है। मौके पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष साधु चरण महतो, श्याम सुंदर महतो ,विश्वनाथ महतो ललित प्रसाद आदि मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार महतो ने दी।

### एसीसी हाई स्कूल खलारी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

## प्रभु यीशु ने दुनिया को दिया प्रेम का संदेश : एसएन तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

एसीसी हाई स्कूल खलारी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि प्रभु यीशु ने दुनिया में प्रेम का संदेश दिया है। क्रिसमस हमें स्नेह और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। बच्चों ने नाटक के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म को दशार्या। ऊंची कक्षाओं की छात्राओं ने कैरोल गीत व क्रिसमस डांस के माध्यम से प्रभु यीशु के शांति संदेशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांता क्लाज बने बच्चों ने छात्र-छात्राओं के बीच चाकलेट और उपहार दिया। पूरे कार्यक्रम में सांता क्लाज बने बच्चों ने अन्य बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के सचिव ने कहा कि परमेश्वर को धरती पर प्रकट करने के लिए यीशु मसीह का जन्म हुआ। परमेश्वर को किसी ने नहीं देखा। उन्हें मनुष्यों के बीच में प्रभु यीशु मसीह ने ही प्रकट किया। मंच संचालन अध्यापक अजय सिंह ने किया। बच्चों को प्रशिक्षण करने में नेली तिर्की, सोनल बारा, रेशमा मिंज, सुनीता किसपोट्टा व पम्मी आदि शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

इनके अलावा अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने-अपने स्तर से सहयोग किया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात बच्चों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया।

### खलारी के खीस्त राजा चर्च में क्रिसमस की तैयारी पूरी

## यीशु का जन्मोत्सव आज रात

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी स्थित खीस्त राजा चर्च में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। क्रिसमस को लेकर चर्च में आकर्षक चरनी बनाया गया है। इसके साथ ही चर्च को रंगीन झंडी, फूलों से सजाया गया है। इनोसेंट कुजूर ने बताया कि युवा मंडली द्वारा चर्च परिसर को आकर्षक ढंग से सजाने का काम किया जा रहा है। लाइटिंग लरी और स्टार से पूरे परिसर को सजाने का कार्य चल रहा है। वहीं प्रभु यीशु के आगमन को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फादर हिलारियूस तिग्गा ने बताया कि 24 दिसंबर की शाम से ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। शनिवार को रात में मिस्सा पूजा के साथ ही प्रभु यीशु का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह है। घरों को भी सजाया गया है साथ ही कई घरों में क्रिसमस ट्री भी बनाया और सजाया जा रहा है। इधर खलारी के मुख्य बाजार केडी में मसीही समुदाय के लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की जा रही है। कई दुकानों में चरनी बनाने व घर सजाने के लिए स्टार, लाइट्स आदि सामानों की खरीददारी करते देखा गया।

## स्वर्गीय विजय महतो स्मृति मेले की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

शनिवार को पंचपरगना ऑल अर्टिस एसोसिएशन लोटा सिल्ली के कलाकारों बंधुओ एवं ग्रामीणों का गांव सुरगुंजाडीह में आगामी 1 जनवरी 2024 को कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी को लेकर एक बैठक दशरथ महतो की अध्यक्षता में एवं संचालक विकास कुमार महतो ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप में पंचपरगना ऑल अर्टिस एसोसिएशन सिल्ली के अध्यक्ष ठाकुर दास कोइरी, सचिव बजरंग पातर, उप सचिव देवेंद्र नाथ महतो, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, परशुराम महतो, लखीराम नायक, परेश महतो,आयोजक सिदाम महतो, लोटा मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, कार्तिक चन्द्र महतो, अर्जुन राम महतो,विकास महतो, पशुपति महतो, रघुनाथ महतो, हरिदास मुण्डा, गुहीराम महतो, चन्द्रमोहन महतो, रमेश चन्द्र महतो, भूषण चन्द्र महतो, लसुवा महतो, संतोष कुमार महतो, बानेश्वर महतो, पाण्डव महतो, अनुज महतो, अमित कुमार महतो, तारकेश्वर महतो, तेजनाथ महतो, युगल किशोर महतो, महेश चन्द्र महतो, धीरेन्द्र नाथ महतो, बलराम महतो इत्यादि कला प्रेमी एवं ग्रामीण बैठक में उपस्थित थे।

### 42 साल पहले हुई थी खलारी के खीस्त राजा चर्च की स्थापना

**खलारी।** खलारी के शांतिनगर स्थित खीस्त राजा चर्च की स्थापना चार दशक पूर्व 29 नवंबर 1981 को हुई थी। रांची के तत्कालीन आर्चबिशप डा पियूष केरकेट्टा ने खलारी के इस चर्च का उद्घाटन किया था। वर्ष 1975 में तत्कालीन फादर डिमोल्डर ने चर्च की नींव रखी थी। तब इस चर्च का नाम ह्यचर्च आफ संत जान पाल रखा गया था। चूकि संत जान पाल द्वितीय उस समय तक जीवित थे, इसलिए रांची के कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो ने 08 मई 2003 को इस चर्च का नाम बदलकर ह्यक्राइस्ट दि किंग चर्च यानी खीस्त राजा चर्च रख दिया। वर्तमान में इस चर्च के फादर हिलारियूस तिग्गा व फादर आस्कर टोप्पो हैं। फादर आस्कर टोप्पो तीसरी बार खलारी चर्च के फादर के रूप में पदस्थापित हुए हैं। चर्च के इनोसेंट कुजूर ने बताया कि प्रत्येक तीन साल में फादर बदल दिए जाते हैं। पूर्व में यीशु समाज के लोग इस चर्च का संचालन करते थे। बाद में संत विंसेंट पल्लोटी समाज से जुड़ गए और अब उसी के अनुरूप चर्च का संचालन होता है। इन्हें पल्लोटाइन समाज (एसएसी) भी कहा जाता है।

## श्री श्याम मंदिर में 92 वां श्री श्याम भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्री श्याम मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके श्री श्याम मंदिर में भजन कार्यक्रम से मंदिर परिसर गूंज रहा था। अवसर था 92 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान नंदलाल प्रसाद गुप्ता शोभा देवी जयंत लाल गुप्ता अंजू देवी हेमंत लाल गुप्ता सुजाता साहू आर्यन साक्षी यशांश अविराज एवं गुप्ता परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। गुप्ता परिवार ने खाटूनरेश को भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को गुप्ता परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 92 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में अजवाइन पुड़ी आलू मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी टॉफी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–राजा तिर्की, उम्र–14 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई– 5 फीट,
पहनावा–काला रंग का जिंस एवं सफेद रंग का शर्ट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का राजा तिर्की, पिता–सुकरा नायक, पता–नार्थ आफिस पाड़ा थाना–डोरण्डा, जिला–राँची जो दिनांक–27.10.2023 को बिना किसी से बताए कहीं चला गया है जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में डोरण्डा थाना सन्हा सं0–27/23, दिनांक–30.10.23 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राँची। – 9431706143
थाना प्रभारी डोरण्डा ,राँची। –9431706168

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.314281 Police(23-24):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09/2023–.24


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 03.01.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of DDC Residence , Hazaribag . | 211450/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of E-Type Quarter E4 in near Jheel Hazaribag, for the year 2022-23 | 246400/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Renovation of B-Type B-Block No -03 in near Carmel Chowk Hazaribag ,for the year 2022-23. | 249800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Renovation of B-Type A-Block No -01 in near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2022-23 | 233650/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Construction of Toilet Room for guard and repair of guard room in campus of Principal Family Judge' residence , Hazaribagh, District-Hazaribag. | 248261/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | Emergent Repair of D-1/3 type Quarter Near Mazar Road (Change of occupancy quarter allote to Munsif Cum JMFC Hazaribag) at , Hazaribag | 249611/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | E/R to Fourth Grade Staff Quarter ( Ramesh kr Lohiya) B.C.D Sarvodaya Colony Located Near Carmel School at Hazaribag for the year of 2023-24 | 205200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Renovation of A-Type No -02 in near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2023-24 | 206200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Construction of Drain for the excess and outflow of water in residential quarters situated in Judicial colony situated in sarvoday colony ,Hazaribag | 230850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 10 | Renovation of E-Type Quarter E2 in near Jheel ,Hazaribag for the year 2022-23 | 238100/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 11 | Renovation of Quarter of T.A in B.C.D Circle Hazaribag Situated in Sarvodaya Colony at Hazaribag for the year 2023-24 | 249600/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 12 | Emergent work of flooring in Courtyard, Aluminium Penaling Work in Wardrob at F- Block near Carmel Chowk , Hazaribag | 246449/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 13 | Renovation of B-Type B-Block No -02 in near Carmel Chowk , Hazaribag for the year 2022-23 | 215450/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 14 | Renovation of Pedestal(Sitting Platform) of Pepal tree Situated in front of Magistrate Building Hazaribag , District - Hazaribag | 249534/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 314214Building(23-24)#D

## आर्य समाज ने मनाया स्वामी श्रद्धानंद का 97 वां बलिदान दिवस



रांची। आर्यसमाज मंदिर में त्रिदिवसीय 129 वॉ वार्षिकोत्सव की शुरूआत शनिवार को हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन और यज्ञ के साथ हुआ। सुबह 8.30 बजे शहर के विभिन्न डीएवी विद्यालयों एवं गुरुकुल, हजारीबाग से आई ब्रह्मचारणियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के सदस्यों ने विशाल शोभायात्रा निकाली। जिसमें लगभग 700 विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाओं व आर्य समाज के अधिकारियों ने भाग लिया। शोभायात्रा आर्यसमाज मंदिर से विश्वविद्यालय द्वार, अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड, हनुमान मंदिर से होते हुए शहीद चौक, महावीर चौक होते हुए पुनःआर्य समाज मंदिर में लौटी। शोभायात्रा में शामिल बच्चे हाथ में ओम ध्वज, अपने-अपने स्कूलों के बैनर और स्लोगन लिखी पट्टियॉ लिए हुए थे। जिनमें समाज को जागरूक करने के संदेश लिखे थे। हजारीबाग गुरूकुल की ब्रह्मचारणियों के द्वारा प्रदर्शित करतब लाठी, तलवारबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर के सभागार में डीएवी विद्यालयों के बच्चों ने स्वामी श्रद्धानंद और आर्यसमाज विषय पर अपने विचार रखे। प्रेम प्रकाश आर्य ने स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान स्वतंत्रता सेनानी, अमर बलिदानी, वैदिक गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के पुरोधा थे। कार्यक्रम में सुनील गुप्ता, रवि प्रकाश तिवारी, अशोक पाठक, डॉ प्रद्युमन शास्त्री, विमलेंद्र शास्त्री और पवन मिश्रा शामिल थे।

## शहर में क्रिसमस की धूम, सजावट-सांता क्लाज और टोपियां खूब बिकीं



क्रिसमस पर शहर में सांता क्लाउज का क्रेज दिख रहा है। कई स्कूलों में भी बच्चों को सांता के ड्रेस में गैदरिंग के लिए बुलाया गया।

रांची। राजधानी में क्रिसमस की धूम है, शहर के चौक चौराहों से लेकर रास्ते और गलियों में रंग बिरंगी रोशनी तथा क्रिसमस प्रतीक चिन्ह की बिक्री हो रही हैं। क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों की सजावट के लिए मसीही समुदाय के अलावा दुसरे समुदाय के लोग भी खरीदारी करते दिखे। सांता क्लाज का ड्रेस बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है। सभी मुख्य चौक चौराहों पर मेरी क्रिसमस के कट आउट के साथ ही रंग बिरंगी रोशनी नए साल का स्वागत करने के लिए बेकरार है। शहर की दुकानों से लेकर मॉल, बिग बाजार, प्रतिष्ठान, सब जगह चहल पहल नजर आ रही है। क्रिसमस की सजावट के लिए चरनी, क्रिसमस ट्री, सजावट की वस्तुएं के साथ बम पटाखों और केक की खूब बिक्री हो रही है। सभी चर्च को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। आज शाम को होने वाली प्रार्थना के लिए चर्च में विशेष व्यवस्था की गयी है। चर्च में ओस से बचाने के लिए शामियाना और बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की गयी है।



## येसु मसीह का मुक्तिदाता के रूप में दुनिया को संदेश





प्रति वर्ष हम 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाते है। यह पर्व अपने आप में एक अद्भुत खुशी और उल्लास हमारे दिलों में भरता है। यह जयंती उस महान घटना की याद दिलाती है जब पिता ईश्वर ने मानव के मुक्ति इतिहास में लोगो के मुक्ति और उद्धार के लिए अपने एकलौते पुत्र येसु मसीह को मुक्तिदाता के रूप में इस दुनिया में भेजा। वे कुंवारी मरियम और जोसफ के साधारण परिवार में जन्म लिये। बाद में वे अपने जीवन और शिक्षा से लोगों को प्रेम का पाठ सिखाया। वे अपने पिता ईश्वर के आज्ञा के अनुसार जीते हुए दुनिया के लिए आदर्श बने। उन्होंने अपने जीवन से सच्चे प्यार का मतलब समझाया कि अपने दुश्मनों के लिए एक अच्छी सोच रखना और उनकी गलतियों को छमा करना। हर एक क्रिसमस चरणी और तस्वीर इसी महान घटना को बतलाती है। यह चरणी येसु के जन्म का वर्णन करती है। यदि हम गौर से चरणी को निहारते है तो हम बाईबल के जीवित वचन को हमारे आँखों के सामने पाते है। ईश्वर ने हमसे से इतना प्यार किया कि वह हमारे बीच से एक बन गया है, ताकि हम उसके साथ एक हो सकें। चरणी में छिपा है क्रिसमस का अद्भुत सन्देश। हर एक दुखित परिवार को हौसला देता है यह क्रिसमस। चरणी में वर्णित कुंवारी मरियम, जोसफ और अन्य लोगों के जीवन हमें आदर्श मां, कर्ताब्यानिष्ट पिता, आज्ञाकारी पुत्र पुत्रिया बनने के लिए प्रेरित करता है। हम तभी एक आदर्श परिवार की स्थापना कर पाएंगे जब हम स्वयं आदर्श बनेनेगे।

**फा. सुशील टोप्पो**

पोंतिफिकल यूनिवर्सिटी सत थॉमस अक्विनस (अन्जेलिकुम), रोम इटली

# धर्मांतरित को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का नहीं मिले लाभ

### जनजाति सुरक्षा मंच की मोरहाबादी में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तल्ले आज मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है। इस महारैली में हजारों की संख्या में जनजाति समाज के लोग उपस्थित होंगे। महारैली के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखने का आह्वान करेंगे। मोरहाबादी मैदान में प्रेस कांफ्रेंस में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत (पूर्व मंत्री छतीसगढ़) ने बताया कि 24 दिसंबर को महारैली के माध्यम से धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं देने की मांग की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उरॉव ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था। ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदिवासी समुदाय




का परित्याग कर दिया और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिये है। उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाय। उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले। श्री भगत ने बताया कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिये संविधान निर्माताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं। हमारी मांग है कि राजनीतिक दल अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीट पर धर्मान्तरित व्यक्ति को टिकट नहीं दें।


## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

**रांची।** राजधानी रांची के ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार देर रात ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की ओर से लाला लाजपत चौक, बिरसा चौक, सर्कुलर रोड, लालपुर चौक और रातू रोड के न्यू मार्केट चौक पर चले अभियान में 14 से अधिक वाहन चालक शराब के नशे में पकड़ में आए। इनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल थे। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर तीन घंटे से अधिक समय तक अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। एसपी ने शराब पीकर दो पहिया और चार पहिया वाहन नहीं चलाने का आह्वान शहरवासियों से किया है। एसपी ने कहा कि नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से हादसे होते हैं और कई परिवार इस वजह से आहत होते है।

# वीर बाल दिवस पर 26 को स्कूली बच्चों के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिताएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को पत्र जारी किया है। इसके तहत ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक राज्य में सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी स्कूलों को ऑनलाइन वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसके तहत भारत सरकार के माई गोभ पोर्टल एवं माई भारत पोर्टल में जाकर बच्चे ऑनलाइन इंटरैक्टिव क्विज में भाग ले सकते है। सभी जिलों को परियोजना की ओर से कहा गया है कि स्कूल इस दिन साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह से संबंधित ऑनलाइन कविता, निबंध एवं पेंटिंग जैसे रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाएं। 26 दिसंबर सिख इतिहास में बहुत महत्व रखता है। दरअसल यह दिन 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्रों छोटे साहिबजादे की वीरता कि याद दिलाता है।



### अल्पायु में ही साहिबजादों ने दिया था बलिदान

**रांची।** 26 दिसंबर सिख इतिहास में बहुत महत्व रखता है। क्योंकि, यह 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्रों 'छोटे साहिबजादों' की वीरता कि याद दिलाता है। गुरु गोबिंद सिंह के संतान साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह ने 26 दिसंबर, 1705 को अल्पायु नौ वर्ष एवं छह वर्ष में ही महान बलिदान दिया था। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार ने इस दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके झारखंड सहित सभी राज्यों में इसका आयोजन हो रहा है।

## बीएयू में वन, जलवायु परिवर्तन व आजीविका विषय पर सेमिनार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शनिवार को 'वन, जलवायु परिवर्तन एवं आजीविका' विषय पर एक सेमिनार तथा वानिकी संकाय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का एक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संबोधित करते हुए राज्य के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा झारखंड राज्य वन विकास निगम के प्रबंध निदेशक एनके सिंह ने कहा कि झारखंड की लगभग 40% आबादी गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करती है और इसमें से अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार गैर कास्ट वन उत्पाद है। हमें वनों से लकड़ी के अलावा सालों भर कुछ फल, औषधीय पौधा, घास, केंदु पत्ता आदि मिलता रहता है। झारखंड में लगभग एक लाख लोग केंदु पत्ता संग्रह के काम से जुड़े हुए हैं। आवश्यकता है इन उत्पादों का संगठित बाजार विकसित करने की ताकि वनवासियों को संग्रह किए गए वन उत्पादों का सही मूल्य मिल सके। शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि हमारे कृषि और वन क्षेत्र मधुमक्खियां से मुक्त हो जाएं तो 13500 पादप प्रजातियों का प्रजनन नहीं हो पाएगा। अमेरिका में बादाम के बागानों के मलिक मधुमक्खी पालकों को खुशामद करके बुलाते हैं और मधुमक्खी के बक्से अपने बागानों में रखवाते हैं।

## युवा पीढ़ी को शिक्षित एवं कौशल युक्त बनाने की जरूरत : कुलपति

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल और संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग का दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव शनिवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षित एवं कौशल युक्त बनाने की जरूरत है। 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। युवाओं में नवाचार एवं शोध की प्रवृत्ति विकसित करने की जरूरत है। डिजिटल युग में शिक्षा को सरल और सुगम बनाया जा सकता है। संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानव निर्माण होना चाहिए। शिक्षा से ही व्यक्ति सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है।

## दो दिनों तक छाए रहेंगे बादल कड़ाके की ठंड रहेगी जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में ठिठुरन वाली ठंड से लोग परेशान हैं। उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है, जिसका असर मैदानी इलाकों में भी नजर आ रहा है। राज्यों के जिलों में तापमान में गिरावट हो रही है। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण ही कई झारखंड शीतलहर की चपेट में हैं। शनिवार को रांची तथा आसपास सुबह से बादल छाये रहने के कारण ज्यादा ठंड महसूस होने लगा। ठंड से बचने के लिए लोगों को दिन के समय भी गर्म कपड़ें, टोपी और मफलर का सहारा लेना पड़ा। हलांकि बादल छाये रहने के कारण कनकनी कुछ कम रही, फिर ठंड से लोगों को कोई राहत नहीं है। झारखंड में 19 दिसंबर से झारखंड में शीतलहर चल रही है। तापमान में लगातार हो रही गिरावट के कारण रांची के कांके का पारा गिरकर 3 डिग्री तक पहुंच गया। शुक्रवार को भी कांके का तापमान 3 डिग्री ही रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, बादल छाये रहने से रांची का न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है।



### क्रिसमस के दिन कोहरा छाये रहने की संभावना, मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग की मानें तो अभी झारखंड में मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। एक-दो दिनों तक आसमान में बादल छाये रहेंगे। इसके बाद न्यूनतम तापमान थोड़ा चढ़ सकता है। मौसम केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले पांच से सात दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन में कोहरा रह सकता है। अभी कुछ दिनों तक आंशिक बादल छाये रहेंगे। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। राजधानी का अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेसि के आसपास रहने का अनुमान है।

## राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में 29 दिसंबर को आयोजित किये जाने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी जारी है। इसे लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यक्रम को लेकर अब तक गयी तैयारी की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस बार मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उपायुक्त ने इस संबंध में लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निदेश दिये। कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय और आस पास साफ-सफाई को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम के पदाधिकारी को निदेशित किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा।

## मुक्तिदा एकादशी पर व्रत धारण कर भक्तों ने बैकुंठ द्वार से किया प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बैकुंठ एकादशी को मुक्तिदा अथवा मूक्कोटी एकादशी भी कहते हैं । मुक्कोटी का अर्थ है 33 कोटि। यह माना जाता है कि इस दिन भगवान ब्रह्मा अपने तैतीस कोटि देवी देवताओं के साथ अरुणोदय काल के समय भगवान श्रीमन्नारायण श्रीवेंकटेश्वर के दर्शन के लिए आते हैं। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में धनुर्मास -श्रीगोदा- रंगनाथ व्रत के अंतर्गत बैकुंठोत्सव में चार दिवसीय सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान के तीसरे दिन 23 दिसम्बर शनिवार को वैकुंठ एकादशी तिथि में चारों पाली की आयोजित अनुष्ठान में सैकड़ों यजमान - परिवार सहित सहभागिता निभायी। इसके पूर्व प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में 4:30 बजे भगवान का विश्वरूप दर्शन , सुप्रभातम आदि के पश्चात पाञ्चरात्र आगम विधि से नित्यराधन कर महाभिषेक हुआ । दूध दही हल्दी चंदन नारियल पानी ,गंगाजल शहद आदि से भगवान का हुआ अभिषेक । भगवान का रजनीगंधा और गुलाब के पुष्प मालाओं से हुआ भव्य श्रृंगार। इसके बाद भोग, महा आरती, स्तुति आदि कराकर भक्तों के बीच फलाहारी साँवा दाना का खीर प्रसाद वितरण हुआ। प्रातः 8:00 से प्रथम पाली की अर्चना सभी यजमानों के नाम गोत्र से संकल्प कराकर शुभारंभ किया । चारों पाली की अर्चना रात्रि 7:00 बजे तक संपन्न हुआ।

## एक नजर

### झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी बने जीए मीर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय का कद बढ़ गया है। उन्हें प्रियंका गांधी वाड्रा की जगह उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। अविनाश पांडेय की जगह जीए मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीर को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

### हरमू में ताला तोड़कर सामान ले भागे चोर

**रांची।** रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मकान का ताला तोड़कर चोरों ने टीवी समेत कई सामान लेकर फरार हो गए। घटना 18 दिसंबर की है। इस संबंध में डॉ अमिता नारायण ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ अमिता ने बताया कि वह पटना में रहती है। उनकी मां राजकुमारी यादव हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रहती है। 14 नवंबर को उनकी मां अपनी पुत्र की घर दिल्ली चली गई। एक महीने से घर बंद था। उन्हें दुकानदार से यह सूचना मिली कि उनके मकान में चोरी हुई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अजय जैन गंगवाल द्वारा अपने पिता स्व. कन्हैयालाल जैन गंगवाल की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हाथों गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। इस मौके पर अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सूर्यकांत शुक्ला, अजय सिंह, छोटू सिंह, नरेन्द्र लाल गोपी, अजय चौधरी, रामानंद केशरी मौजूद थे। अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ हमेशा रहा है। महागठबंधन सरकार भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य के गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटती रही है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भी ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल बांटते रहे हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रांची।** रांची के कोकर गढ़हाटोली पुल के पास ट्रक ने एक युवक को धक्का मार दिया। इस घटना युवक की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की है। मृतक का नाम शंभू कुमार है और वह बरियातू जोड़ा तालाब इंद्रप्रस्त कॉलोनी का रहने वाला था। इस संबंध में अंजला देवी के बयान पर ट्रक संख्या जेएच01एफडी-6464 व उसके चालक के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जस्टिस की गाड़ी में नशे में धुत युवक ने मारा धक्का, गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने जस्टिस आनंद सेन की गाड़ी में धक्का मारने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दिनेश कुमार राम है और वह रामगढ़ के बरकाकाना का रहने वाला है। इस मामले में एएसआई मिथिलेश कुमार ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## मुख्यमंत्री की पत्नी ने स्वजनों के साथ उठाया पेरवाघाघ जलप्रपात का लुत्फ

# 'बहुत ही मनोहारी है पेरवाघाघ, अद्भुत है प्राकृतिक सुंदरता'



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वजनों ने शनिवार को प्रसिद्ध पेरवाघाघ में नौका विहार कर यहां के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। पेरवांघाघ जल प्रपात के सौंदर्य और प्राकृतिक छटा को देखकर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाना है, तो लोग यहां जरूर आयें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों तथा दोस्तों के साथ पेरवाघाघ में नौका विहार करना अनोखा अनुभव रहा। कल्पना सोरेन ने कहा कि बहुत दिनों से पेरवाघाघ की मनोरम सुंदरता के बारे में सुनती आ रही थी, आज इसे देखने का मौका मिला। पढ़ाई के बाद छुट्टियों में बच्चों के साथ सुनहरे वातावरण में समय बिताना अच्छा लगा। शहर से दूर वादियों के बीच पेरवाघाघ जलप्रपात एक बहुत ही सुंदर नजारा है। खूबसूरत वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह पिकनिक स्थल एक आकर्षक आकृति के साथ मनोरम दृश्य बनाती है। छोटी-बड़ी चट्टानों के बीच से होकर दूर तक बहता पानी यहां आए सैलानियों का मन मोह लेता है। लोग अपने घर से कहीं दूर जाकर प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्य के बीच पिकनिक का आनंद लेना अधिक पसंद करते हैं। ऐसे ही पिकनिक स्थलों में से एक है पेरवाघाघ। पेरवाघाघ को अच्छा से विकसित करने की बात मुख्यमंत्री से करेंगी। वहीं मुख्यमंत्री के स्वजनों के कार्यक्रम को लेकर यहां 30 नये लाइफ जैकेट लाये गये थे। पेरवाघाघ में सुबह से नौका विहार और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। उस जगह पर खास साफ सफाई भी की गई थी। सभी मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात थे।

## हेमंत सरकार 29 दिसंबर को पूरा करेगी चार साल

# भव्य समारोह की तैयारियां तेज




### ■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को देंगे कई सौगात


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार अपने कार्यकाल के चार वर्ष 29 दिसंबर को पूरा कर रही है। इस मौके पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार के आला अधिकारी जुट गए हैं। मुख्य सचिव एल खियांग्ते के निर्देश पर कार्यक्रम की सफलता के लिए भू-राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा और पीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का जहां समापन होगा, वहीं अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदन के तहत आवास स्वीकृत किया जाएगा। अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की जनता को कई सौगात देने की तैयारी की गई है। जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का जहां उद्घाटन होगा, वहीं करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित करने की तैयारी की जा रही है। सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्ता पक्ष की ओर से रिपोर्ट कार्ड जारी करने की तैयारी की जा रही है। सत्तारुढ़ दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सरकार के कामकाज को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हेमंत सरकार ने जनता को सीधे लाभ देने का काम किया है।

प्रमुख विपक्षी दल भाजपा हेमंत सरकार के कामकाज पर आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा है कि विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रही है और चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भी पार्टी ने आरोप पत्र जारी करने का निर्णय लिया है।



### जनता के लिए बोझ है सोरेन सरकार : मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में जनता के लिए बोझ बनकर रह गई है और जनता इससे मुक्ति पाने के लिए समय का इंतजार कर रही है। भाजपा विधायक अमित मंडल ने हेमंत सोरेन सरकार के चार साल के कामकाज को फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि भाजपा आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। 29 दिसंबर के मौके पर पार्टी सरकार की विफलता को गिनाने का काम करेगी। अमित मंडल ने कहा कि सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, जिस भरोसे से पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था उसे पूरा करने के बजाय सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन दिनों आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल रहा है। गोड्डा दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री जब लोगों से योजना के लाभ के बारे में पूछा तो उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल गया। अबुआ आवास योजना इस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है लेकिन यह कैसे सीमित समय में कैसे पूरा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है।

### सरकार के 4 साल को सत्ता पक्ष ने उपलब्धियों भरा और विपक्ष ने हर मोर्चे पर नाकाम बताया

**राज्य** सरकार 29 दिसंबर को चार साल पूरा करने जा रही है। सत्ता पक्ष जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार के चार साल को उपलब्धियों भरा बता रहे हैं, वहीं विपक्ष हर मोर्चे पर नाकाम बता रही है। भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और रोजगार जैसे तीन ऐसे मुद्दे रहे जो विगत चार सालों में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे। अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के गिरफ्तार होने के बाद विपक्ष और भी हमलावर होता रहा। ईडी की लगातार छह नोटिस के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर भाजपा सवाल खड़ी करती रही। हालांकि, सत्तापक्ष, विपक्ष के हमले को नाकाम करने में अब तक सफल रहा है। इस संबंध में सत्ता और विपक्ष के नेताओं से बातचीत की गई। राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विगत चार सालों में दो साल कोरोना की वजह से कामकाज प्रभावित रहा। शेष बचे दो सालों में जिस तरह से काम हुआ उससे विपक्ष के अंदर बेचैनी है। कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ हो या रांची शहर में फ्लाईओवर जैसी सुविधा। ये सभी उपलब्धि हेमंत सरकार की है। 23 वर्षों में 18 साल भाजपा ने यहां शासन चलाया लेकिन राज्य का विकास कितना हो पाया यह सब जानते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चार साल बेमिसाल रहा है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि राज्य हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। विपक्ष होने के नाते ऐतिहासिक कार्यकाल भी उन्हें विफलता दिख रहा है।

# शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने एक बड़े शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें चोर के साथ चोरी का सामान खरीदने वाला दुकानदार भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों में हिंदपीढ़ी के मो फैजान आलम, गुमला के मो साद, मोहित कुमार राम, पंकज इंदुआर और खरीदार शेख अनवर शामिल है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने आई 20 कार, लैपटॉप, बाइक, दो लाख रुपए के अलावा सोने व चांदी के जेवरात बरामद किया है। आरोपियों में पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि चोरी के सामानों की बिक्री करने के बाद उससे मिली राशि से चोरों ने कार व लैपटॉप खरीद लिया था। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पिठोरिया थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें हो रही थी। एसएसपी के निर्देश पर पश्चिमी अंचल सदर के इंस्पेक्टर राज कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपियों को दबोच लिया। इन आरोपियों ने अनगड़ा, एयरपोर्ट, जगन्नाथपुर, बीआईटी मेसरा और लोअर बाजार थाना क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।



## कोर्ट की खबरें

### पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने दायर की जनहित याचिका



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने शनिवार को जनहित याचिका दाखिल की है। उन्होंने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि ईडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों के ऊपर कार्रवाई की भी अनुशंसा की लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपितों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

### शराब घोटाला मामले में ईडी के चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान




**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी, 2024 निर्धारित की है। रांची ईडी की टीम ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की भी जानकारी दी है। साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह भी जानकारी भी दी थी। इसमें शराब के कारोबार करने वाली 10 कंपनियों का भी नाम का उल्लेख किया गया है।

### साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में एफएसएल ने दी जानकारी




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, रांची ने हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया है। यह रिपोर्ट विधि विज्ञान निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने दायर किया है। उन्होंने बताया है कि कोर्ट ने आठ नवंबर को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे एवं उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी। डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके तथा पिता की डीएनए मैच नहीं हुआ है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बरामद लड़का पीड़ित पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है। पिछली सुनवाई में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर डीएनए टेस्ट को एक जटिल प्रक्रिया बताते हुए कोर्ट से समय की मांग की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही है। खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रांची मांगी थी। उल्लेखनीय है कि कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

# अबुआ आवास योजना अफवाह व धोखा : बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

झारखंड के नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी ने कहा कि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी मां-बहनों के सशक्तिकरण के लिए सिलाई मशीन वितरण करने व उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने का काम शुरू किया है। इसी काम के लिए झारखंड की जनता ने 2019 में हेमंत सोरेन को जिम्मेदारी दी थी लेकिन राज्य सरकार पहाड़, गिट्टी, बालू बेचने में लगी है।

वे पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर के मौर्या फार्म हाउस में शनिवार को विधायक निधि से महिला स्वयं सहायता समूह के बीच सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना अफवाह व धोखा है। यह लुटेरी सरकार है। आवास देने के नाम पर 10 से 15 हजार रुपये की अवैध वसूली चल रही है। झारखंड में रोज गरीब के बहू-बेटियों की आबरू लूटी जा रही है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि जो काम हेमंत की सरकार को करनी थी वो पांकी विधायक डॉ मेहता कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत अमर कुमार बाउरी, कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विजयानंद पाठक, हरेकृष्ण सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलित कर की। पांकी विधायक डा मेहता ने कहा कि सखी मंडल की बहनों से पूर्व के चुनाव में किए वायदा को सिलाई मशीन व अंगवस्त्र दे कर पूरा करने की शुरूआत कर रहे हैं। सिलाई मशीन वितरण के उपरांत प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी व सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

## राष्ट्रीय किसान दिवस पर बोले क्रेंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा

# अन्नदाता को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने को मोदी सरकार कृतसंकल्पित




**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि व कृषक कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को जमशेदपुर से ओड़िशा के क्योंझर जाने के दौरान रास्ते में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। खूंटपानी के पांड्राशाली चौक पर किसानों को राष्ट्रीय किसान दिवस की बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि आगामी एक जनवरी को खरसावां के गोंदपुर में किसान मेला का आयोजन होगा। इस किसान मेला से किसानों को लाभ मिलेगा।

**देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का बड़ा योगदान :** अर्जुन मुंडा ने उन किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया, जो देश की अर्थव्यवस्था में बहुत योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत के कारण देश खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है। किसानों और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे कृषि ड्रोन की शुरूआत का उपयोग फसल छिड़काव और फसल निगरानी जैसी अतिरिक्त गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम फसल बीमा, पीएम किसान समृद्धि समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## फ्लैशबैक | अमृत योजना के तहत रांची, हटिया समेत अन्य स्टेशनों का हुआ पुनरुद्धार

# झारखंड के रेल यात्रियों के लिए सौगात भरा रहा 2023



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के लिए ऐसे तो कई मायनों में साल 2023 बेहद खास रहा लेकिन रेलवे यात्रियों के लिए अधिक सौगात लेकर आया। एक ओर रेलवे ने अलग-अलग समय में रांची हटिया से चलने वाली अलग-अलग ट्रेनों के परिचालन का अवधि विस्तार किया तो दूसरी ओर पटना, हावड़ा समेत अन्य स्थानों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की भी खुशी राज्यवासियों को मिली। हालांकि, समय-समय पर अलग-अलग स्थानों के ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से राज्यवासियों को कुछ परेशानी का भी सामना करना पड़ा लेकिन नयी ट्रेनों के परिचालन से लोगों को सहूलियत भी हुई। इस संबंध में सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि राजधानी वासियों को साल 2023 कई मायनों में महत्वपूर्ण भरा रहा। इस साल कई नयी ट्रेनों का परिचालन हुआ। स्टेशनों का पुनरुद्धार किया गया। अमृत योजना के तहत रांची, हटिया समेत अन्य स्टेशनों का पुनरुद्धार करते हुए नयी व्यवस्थाएं शामिल की गयी। साल 2024 की बात करें तो जितने भी स्टेशनों में अमृत योजना के तहत काम जारी है, वो पूरा हो जायेगा। इसके बाद यात्रियों की सुविधाएं और भी सरल हो जायेगी। इतना ही नहीं, नयी ट्रेनें भी संभावित रूप से चलेंगी।

### ये ट्रेनें मिली राज्य को सौगात के रूप में

- रांची-पटना को वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से रांची से पटना की दूरी 7 घंटे 55 मिनट में पूरी हो रही है। ऐसे में रांची और पटना दोनों ही जगह के यात्रियों को इस ट्रेन से राहत मिली।
- रांची से हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे यात्रियों के लिए एक और सौगात बनकर आयी। ट्रेन का परिचालन दोनों तरफ से है, जहां लगभग सात घंटे में ट्रेन अपनी यात्रा पूरी करती है।
- रांची से न्यू गिरिडीह के बीच इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ। ये ट्रेन विस्टाडोम कोच वाली राज्य की पहली ट्रेन है। इसके परिचालन के साथ ही रांची से गिरिडीह की दूरी सात घंटे में पूरी हो जायेगी।
- पहली बार नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव लोहरदगा स्टेशन पर इस साल की गयी। साथ ही सौदाग स्टेशन पर अंडरपास का निर्माण कर इसे लोगों को समर्पित किया गया।
- रांची रेल मंडल के अधीन रांची रेलवे स्टेशन, हटिया रेलवे स्टेशन समेत अन्य 14 रेलवे स्टेशनों का रेनोवेशन इस साल किया गया। हालांकि, कार्य जारी है लेकिन जैसे-जैसे कार्य होता गया लोगों को ये समर्पित किया गया।

## तारा शाहदेव मामला

# कोहली उर्फ रकीबुल व उसकी मां ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी ने सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाए गए सजा को अपील दायर कर चुनौती दी है। सीबीआई कोर्ट ने रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी थी। साथ ही उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। सीबीआई की के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था। सजा के खिलाफ अपील में रंजीत कोहली की ओर से कहा गया है कि वह शादीशुदा था। ऐसे में उस पर आईपीसी की धारा 376 (2एन) नहीं लग सकता है। कोहली की मां कौशल रानी की ओर से अपील में कहा गया है कि उन्हें आईपीसी की धारा 120 बी सह पठित धारा 376( 2एन) में सजा दी गई है। जब उनपर धारा 376 (2एन) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है तो 120 बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन दोनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है। इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किया गया था।

### बरही के धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन

# योग्य लाभार्थी लाभ से वंचित न रहें : विधायक





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, महिला नेत्री सह मुखिया प्रतिनिधि ममता कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जेएसएलपीएस की महिलाओं ने विधायक सहित अतिथियों का स्वागत किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ और योजनाओं के प्रति रुझान से स्पष्ट है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफल होता दिख रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि सभी विभाग तत्परता से कार्रवाई करते हुए आहर्ता प्राप्त लोगों के आवेदनों का सकारात्मक रूप से निष्पादन करेंगे। कहा कि कोई भी योग्य लाभुक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए पदाधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक सशक्त माध्यम है, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अबुआ आवास योजना के लागू किए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चुंकि अबुआ आवास के प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दिसंबर माह में ही पूर्ण कर लिया जाना है, ऐसे में नए साल में नई ऊर्जा के साथ ग्राम पंचायत में स्वीकृत अबुआ आवासों का निर्माण कराते हुए हम सभी आवासहीन और कच्चे मकान में रह रहे पंचायत वासियों को पक्के मकान का आशियाना उपलब्ध करा पाएंगे। धनवार पंचायत भवन का चहारदीवारी, धनवार और कोरियाडीह स्कूल का चहारदीवारी का मांग मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने विधायक उमाशंकर अकेला से किया। शिविर में अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया गया और जिन आवेदकों की समस्याओं का निराकरण ऑन द स्पॉट किया जा सकता था उनका निपटारा किया गया। शिविर में 1925 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 1290 स्वीकृत हुआ और 635 आवेदन लंबित है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, गाजो यादव अन्य मौजूद थे।

## सॉफ्टेक कंप्यूटर का 26 वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह आज

### 20 आईडियल्स सहित कई प्रतिभागी होंगे सम्मानित : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रविवार को सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही का 26 वां स्थापना दिवस सह समारोह रविवार प्रखंड परिसर स्थित बहुद्देशीय भवन में आयोजित किया जाना है. जानकारी देते हुए केंद्र निदेशक यदि कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे. कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगा. जिसे तीन चरणों में समापदित किया जायेगा. 10:00 बजे से 1:00 बजे तक प्रथम चरण का समय निर्धारित है. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी आदि सहित कई गणमान्य शामिल होंगे. 1.00 बजे से 3.00 बजे तक दूसरे चरण का समय है. इस चरण में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के वरिष्ठ नेता बिनोद विश्वकर्मा, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू आदि सहित कई प्रबुद्धजनों ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी है. वही अतिथि चरण के लिए बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बरही के बीच आईडियल्स सहित 26वें स्थापना दिवस पर आयोजित क्विज, सेमिनार, अंताक्षरी आदि कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा. जिन्हे तीनों चरणों में अतिथियों के हाथों सम्मानित किया जाना है. कार्यक्रम राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षा इशो सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किए जायेंगे. कार्यक्रम की पूरी तैयारियां की जा चुकी है.

## एक नजर

### बरकट्ठा में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में शनिवार को बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का बैठक आयोजित की गई।वहीं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने किया गया । बैठक में उपस्थित सभी विभागों की कार्यों की समीक्षा की गई और बारीकी से प्रत्येक विभाग की कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिस विभाग से कोई अधिकारी व कर्मी उपस्थित नहीं हुआ उन्हें अनुपस्थित रहने के कारणों का स्पष्टीकरण मांगी गई है । आँगनवाडी के सेविकाओं तथा स्वास्थ्य, शिक्षा जेएसएलपीएस, मनरेगा, पंचायतीराज भी उपस्थित अनुपस्थित कर्मी के संबंध में पूछा गया । वन विभाग, बिजली, आपूर्ति, कृषि एवं पशुपालन विभाग अनुपस्थित रहे। बैठक मे शामिल 20- सूत्री अध्यक्ष/उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, प्रखंड बड़ा बाबु सी के चौधरी चौधरी,सीओ कांत लाल मांझी, बीडीओ रोशमा डूंगडूंग, शिक्षा विभाग से संजय प्रसाद,सीडीपीओ कार्यालय से सुपरवाइजर अन्नुश्री कुमारी, जेएसएलपीएस से नीरज कुमार, चिकित्सा विभाग से डा0 राकेश कुमार, अनिल कुमार एमडब्लू, मनरेगा से बीपीओ, पंचायती राज से संतोष कुमार, सदस्य राधा देवी, राजाराम, मुनिया खातून उपस्थित थे।

### बेलकपी पैक्स के अध्यक्ष बने संजय साव



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर विशेष आमसभा का आयोजन आंदोलनकारी धीरेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में की गई। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी कारू राम की उपस्थिति में संजय साव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन पदाधिकारी कारु राम के मुताबिक 8 दिसंबर को अध्यक्ष पद के लिए दो लोग संजय साव और अजीत कुमार पाण्डेय ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया था। वहीं अजीत कुमार पाण्डेय के नामांकन पत्र में त्रुटियां पाये जाने के कारण उनका नामांकन रद्द किया गया। और संजय साव निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### बरही में चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**बरही।** शनिवार को हजारीबाग ट्रैफिक पुलिस की टीम बरही चौक सहित हजारीबाग रोड में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान दोपहिया, तीन पहिया, चारपहिया मोटरसाकिल आदि वाहनो के कागजात, ओभारलोडिंग, प्रदूषण, डीएल, आरसी इत्यादि की चेकिंग हुई. वही दोपहिया वाहन वालो के लिए ट्रिपल लोडिंग, हेलमेट आदि का जांच किया गया. इस दौरान नो पार्किंग जॉन में लगाए गए वाहन सहित नियम नहीं पालन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना भी वसूले गए. वही कुछ वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी के साथ छोड़ा गया.

## यूट्यूबर पत्रकार मनीष कश्यप के जेल से रिहा होने पर उनके समर्थकों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** यूट्यूबर पत्रकार बिहार निवासी मनीष कश्यप शनिवार को 9 महीने बाद पटना के बेऊर जेल से रिहा हुए। मनीष कश्यप के रिहा होने के बाद उनके समर्थकों और चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। हजारीबाग में भी मनीष कश्यप के समर्थकों में खासा उत्साह दिखा। हजारीबाग के झील स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में मनीष कश्यप के भगवाधारी आकर्षक लुक की आदमकद तस्वीर के साथ हजारीबाग के उनके समर्थक मिठाई बांटकर खुशियां मनाते नजर आए। यहां उनके जेल से रिहाई होने पर खुशियां मनाते हुए नेता, जनता, विद्यार्थी, मजदूर और पत्रकार एक साथ दिखे। सभी ने मनीष कश्यप की रिहाई पर एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर जेल का ताला टूट गया- मनीष कश्यप छूट गया, सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित कदापि नहीं, मनीष कश्यप मत घबराना - तेरे पीछे सारा जमाना जैसे नारे खूब गूंजे। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा की डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पत्रकारिता की दुनिया में एक अलग क्रांति लाने वाले, निर्भीक और निष्पक्षता के साथ सत्य की आवाज उठाने वाले, रियल हीरो मनीष कश्यप का 9 महीने का वनवास खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि मनीष कश्यप ने अपने पत्रकारिता के अनोखे अंदाज और सत्यता के साथ खबरों को पुरस्कार देश दुनिया में जिस प्रकार अपना डंका बजाया है निश्चित रूप से आने वाले समय में वह एक नए स्वरूप में जनता के बीच जनता के दिलों में राज करते हुए अपनी एक नई पारी की शुरूआत करेंगे और समाज के जरूरतमंद वंचित, गरीब, दलित और शोषितों की आवाज को प्रबलता प्रदान करते रहेंगे। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, रंजन चौधरी, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, डॉ. देवेंद्र सिंह देव, अतिशय जैन, संजय कुमार, सागर पांडेय, अनुज सिन्हा, रितेश खंडेलवाल, शशांक शेखर, धीरज कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, सोनू केशरी सहित अन्य लोग मौजूद रहें ।

## सदर विधायक ने ग्रामीण पथों के निर्माण कार्य की रखी आधारशिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** शनिवार की सुबह विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के कई क्षेत्रों का सघन दौरा किया और करीब 30 करोड़ 81 लाख की विकास योजनाओं का आधारशिला रखते हुए क्षेत्र की जनता को सौगात दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत कटकम दाग प्रखंड क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी से की। जहां ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नरसिंह स्थान मुख्य पथ से पंचशील कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य का विधिवत्त शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस पथ की कुल लंबाई 2.63 किमी है। जिसका निर्माण करीब 1 करोड़ 57 लाख रुपए से जल्द होगा। यहां के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुधारीकरण योजना अंतर्गत कुंडलीबागी चौक से मरहंड मोड तक पथ का विशेष मरामत्ति कार्य का शुभ भूमिपूजन कर आधारशिला रखा। इस पथ की कुल लंबाई 1.70 किमी है और कुल 2 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि से इस पथ का कायाकल्प जल्द होगा ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग विधानसभा में विकास का काम रुक नहीं और हजारीबाग कभी झुके नहीं इस दिशा में उनका सकारात्मक प्रयास हमेशा रहता है।

### हजारीबाग के गौरिया करमा में 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण कोर्स का समापन


**हजारीबाग।** भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरिया करमा में विगत 25 दिनों से जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग एवं रामगढ द्वारा प्रायोजित 200 घंटे का माली प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन किया जा रहा था . इसका समापन समारोह श्रीमती निकिता कुमारी, सहायक उद्यान निदेशिका, हजारीबाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ . कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि अनुसंधान संस्थान के ओअसडी डॉ. विशाल नाथ ने किया. उन्होंने प्रशिक्षनार्थियों में उद्यान के क्षेत्र में उद्यमशीलता विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए ऐसे प्रशिक्षणों से लाभ लेने का प्रोत्साहन किया ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके . सहायक उद्यान निदेशिका जी ने उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसान उनका लाभ किन माध्यम से ले सकते हैं . भविष्य में ऐसे प्रशिक्षणों की और जरुरत पर बल दिया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उद्यान विभाग से जुड़ पाएं एवं उनका लाभ लें.

### परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में मना क्रिसमस



**रामगढ़।** शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक, परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू द्वारा शनिवार को क्रिसमस मनाया गया। जिसमें छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या नेहा राज बनर्जी के उद्घाटन भाषण से हुआ। उनके शब्दों ने एक हृदयस्पर्शी और उत्सवपूर्ण सभा का माहौल तैयार कर दिया। शाम का मुख्य आकर्षण छात्रा अनुराधा, शिवानी, सिमरन, जोहरा, परी, खुशी, साक्षी और अन्य द्वारा किया गया। आराध्या चटर्जी, प्रियांशी, परी मुंडा, अर्नव सिंह, उमेश कुमार, आर्य राज पटेल, आतिफा, तनीषा और आकृति सहित प्री-प्राइमरी छात्रों ने उत्साह और संक्रामक ऊर्जा फैलाते हुए एक आकर्षक नृत्य प्रदर्शन के साथ शो को लूट लिया। परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू के निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबध निदेशक विकास कुमार सिंह ने खुशी के अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने उत्सव और सीखने का माहौल बनाने के समर्पण के लिए छात्रों और कर्मचारियों की सराहना की। मौके पर रश्मि कुजूर, संगीता, सोमा, कंचन, नंदिनी, रजनी और अर्चना शामिल थीं।

### राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में रामगढ़ जिले को मिले दो गोल्ड और एक सिल्वर



**रामगढ़।** युवा कार्य एवं खेल विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में रामगढ़ जिला की टीम ने कुल 9 विधाओं में भाग लिया। जिसमें एकल फोक गीत में जीनत परवीन को प्रथम पुरस्कार,युवा कृति हस्तशिल्प में रानी कुमारी को प्रथम एवं कुमारी पलक वर्मा को द्वितीय पुरस्कार मिला। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव नाशिक में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी विकास कुमार, मो० मुन्तजिर,राहुल कुमार,अजित गुप्ता,नवीन कुमार,रेशमा सिंह,पूजा कुमारी,शालिनी केरकेट्टा,मेधा कुमारी,अपर्णा कुमारी,विष्णु देव,राम देव,संगीता कुमारी,जया कुमारी आदि उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी अनसुलझे पहलू : झारखंड का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान व भारतीय विरासत विषय पर विभिन्न वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम 23 दिसंबर को संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन साह एवम गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर किया । कुलाधिपति बी. एन. साह कहा कि इतिहास विभाग द्वारा आयोजित राष्टीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से पधारे विद्वतजनों के विचारो से सभी शोधार्थी ,अध्ययनरत छात्रों को अवश्य लाभ मिलेगा तथा सफल आयोजन के लिए इतिहास विभाग को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.(डॉ.) त्रिवेणी साहू , झारखंड खुला विश्वविद्यालय रांची उपस्थित थे। उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में झारखंड का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ,वीर बुधु भगत ,सिद्धो-कान्हू, हलधर -गिरधर, नीलांबर-पीतांबर जैसे अनेक सपूतों ने गुलामी की छटपटाहट से मुक्ति के लिए आंदोलन किया। मुख्य वक्ता डॉ. सीमा ममता मिंज , केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ.शत्रुधन पांडे ,विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, डॉ. अरबिंद कुमार चौधरी एनडीए आईआईटी इंस्टीट्यूशन डायरेक्टर दिल्ली ,मीडिया प्रभारी डॉ. संजय सिंह ने अनसुलझे पहलू झारखंड के स्वतंत्रता आंदोलन पर विचार व्यक्त किए।

## वार्ड नंबर 3 में पीसीसी पथ का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 3 अंतर्गत राजस्थान कलेवालय से कुंवर टोला मोड़ तक 3171941 रूपए की लागत से आधा किलोमीटर बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि विधायक सुनीता चौधरी, छावनी परिषद रामगढ़ के अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल , अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की शहर के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नही हो इस बात का मैं हमेशा ख्याल रखता हूं। कहा की मैंने रामगढ़ वासियों की हमेशा सेवा की है और जहां भी लोगों को मेरी जरूरत हुई मैं वहां मौजूद रहा हूं और आनेवाले समय में भी शहर वासियों के हित में कार्य करता रहुंगा। कहा की लोगों की सेवा और मदद मेरा लक्ष्य है और मैं इसी को अपना कर्त्तव्य समझता हूं । वहीं, विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की इस पथ के बन जाने से वार्ड नम्बर 3 के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी । मौके पर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर, नीरज मंडल, शिव कुमार महतो, रंजन फौजी, राजेश शर्मा, पंकज दांगी, सत्यजीत सिंह, आनंद जायसवाल, रविंद्र शर्मा, रूपेश कुमार, अभिमन्यू कुशवाहा, अशेश्वर महतो, रूपेश महतो ऋषिकेश सिंह आदि उपस्थित थे । कुछ माह पूर्व राजस्थान कलेवालय से कुंवर टोला मोड़ तक जर्जर पथ के निर्माण को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रामगढ़ से जिला मुख्यालय तक पदयात्रा का आयोजन कर इस ओर संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट करवाने का कार्य किया था।

### व्यवस्थित एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का होगा आयोजन : अखिलेश कुमार



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में आज आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा की व्यवस्था एवं सारी तैयारी से संबंधित जानकारी विद्या विकास समिति,झारखंड के गुमला विभाग निरीक्षक सह प्रांतीय प्रतिनिधि एवं आचार्य चयन परीक्षा के पर्यवेक्षक,अखिलेश कुमार ने आज केंद्राधीक्षक, ब्रेन कुमार टुडू,देवघर सह विभाग निरीक्षक, एवं सह पर्यवेक्षक कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोडरमा के प्राचार्य, शर्मेंद्र कुमार साहू, सह पर्यवेक्षक शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कोडरमा के प्राचार्य रमेश एवं आचार्य गण के साथ बैठक में ली। मौके पर अखिलेश कुमार ने कहा आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन व्यवस्थित एवं कदाचार मुक्त होगा । परीक्षा के संचालन हेतु उन्होंने आचार्यों को दिशा निर्देश देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा परीक्षा का संचालन ससमय एवं हो। गौरतलब है कि इस आचार्य चयन परीक्षा में पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग केंद्र पर 744 परीक्षार्थी परीक्षा देने वाले हैं । परीक्षा की व्यवस्था एवं तैयारी से संबंधित इस बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन ने परीक्षा व्यवस्था की जानकारी आचार्यों को दी । उन्होंने परीक्षा की सफलता के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

## रक्तदान महादान

### फहीमा एकेडमी में रक्तदान शिविर का आयोजन

# 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** फहीमा एकेडमी विद्यालय परिसर में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य फरहा फातमी सहित कई समाजसेवियों के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपना मिसाल पेश किया। वही विद्यालय परिसर में 110 बच्चियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की दृष्टिकोण से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया। रजिस्ट्रेशन की प्रतिक्रिया में काफी लोग सम्मिलित हुए। रजिस्ट्रेशन की प्रतिक्रिया अगले 30 जनवरी तक प्रारंभ रहेगी। निशुल्क बच्चियों को शिक्षा नर्सरी से 12वीं कक्षा तक दी जाएगी। साथ ही विद्यालय परिवार के द्वारा गरीब, जरूरतमंदों तथा विधवा महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया नन्हे नन्हे बच्चों को गर्म टोपी प्रदान किया गया। रक्तदान करने वालों में मोहम्मद सिल्लू, अफाक अहमद, राहुल कुमार यादव, मोहम्मद अजहर, सोमनाथ कुमार, एमडी सहाबुद्दीन खान, दीपक कुमार रजक, मोहम्मद सलाउद्दीन पांडु मुंडा सहित कई लोगो ने रक्त दान किया। विद्यालय की प्राचार्य फरहा फातमी ने अपने दादा रफीक अंसारी को नमन करते हुए कहा कि दादा के दिखाए गए मार्गों पर हम सभी चल रहे हैं। दादाजी की 11वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया विद्यालय परिवार आपका आभार प्रकट करता है। साथ ही विद्यालय परिवार के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं नन्हे नन्हे बच्चों को गर्म टोपी दिया गया। साथ ही कहा की शिक्षा के साथ समाज की सेवा में योगदान देना हमारा पहला कर्तव्य है। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय सहायक सनत कुमार सिन्हा, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य रितेश खण्डेलवाल, पवन कुमार, मोहम्मद शमशाद, एवं स्कूल शिक्षक हसरत अली, मो बेलाल, फैसल इमाम, गौतम कुमार,कुणाल कुमार, राहुल कुमार, मो शफीक, अबदाल आलम, सोमनाथ कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिना हेलमेट के अब नहीं मिलेगा पेट्रोल : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में उपायुक्त ने वर्ष 2023 में हुए अब तक की सड़क दुर्घटना की जानकारी ली। यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित कराते हुए लगातार विशेष जांच अभियान चलाते रहने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने उपायुक्त को बताया कि परिवहन विभाग एवं थाना से सामन्वय स्थापित कर लगातार विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पिछली वर्ष की तुलना में दिसंबर माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी हुई है।उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु लगातार जागरूकता एवं जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च पथ एवं आर.सी.डी. अभियंता को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क में चलते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए उसे संबंधित बोर्ड व स्लोगन लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क किनारे दुर्घटना संभावित पेड़ एवं विद्युत पोल को हटाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को शहरी क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला अन्तर्गत सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं प्रबंधक को सड़क सुरक्षा में आवश्यक सहयोग करने हेतु निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी पेट्रोल पंप पर अच्छी गुणवत्ता वाला सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ₹नो हेलमेट' नो पेट्रोल₹ से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालक से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने हेतु जागरूक करने एवं जो बिना हेल्मेट का उपयोग कर अपने वाहन का परिचालन करते है।



## अवैध बालू लोड तीन ट्रैक्टर जब्त, तीनों ड्राइवर हिरासत में

**कोडरमा।** जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोशाला रोड से सदर प्रखंड के सीओ कमल किशोर सिंह और तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बालू लोड तीन ट्रैक्टर को पकड़ा है. साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे चालक को पकड़कर थाना ले गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर के चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है. बता दें कि जिले में बालू माफिया प्रत्येक दिन सैंकड़ों ट्रैक्टर बालू निकाल बाजार में ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं.

# कोडरमा : नदारद रहे कई डॉक्टर डीसी ने शो-कॉज का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को कोडरमा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी अनुपस्थित पाए गए. वहीं चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के विलंब से अस्पताल पहुंचने की शिकायत प्राप्त हुई. इस पर नारजगी व्यक्त करते हुए डीसी ने अनुपस्थित चिकित्सक एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछ कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों को समय से अस्पताल पहुंचने का निर्देश दिया. सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा. उपायुक्त ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से भी बात की और उनके स्वास्थ की जानकारी ली. अस्पताल में चिकित्सक द्वारा इलाज व अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संदर्भ में पूछा.



### एक नजर

## देर रात शहर भ्रमण पर निकलीं डीसी, गरीबों को दिये कंबल



**कोडरमा।** बढ़ती ठंड का असर कोडरमा में भी दिखने लगा है. कंपकपाती ठंड से लोग परेशान हैं. सड़क किनारे अपनी जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों को इस समय काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में जिला प्रशासन उनकी मदद के लिए आगे आया है. डीसी मेघा भारद्वाज पदाधिकारी और कर्मियों के साथ शुक्रवार की देर रात कड़ाके की ठंड में झुमरी तिलैया शहर का जायजा लेने निकली. डीसी ने शहर और आसपास के क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, झुमरी तिलैया बस स्टैंड, महतो आहर व अन्य क्षेत्र में भ्रमण किया. इस दौरान डीसी ने झुमरी तिलैया शहर अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया और उनका हालचाल जाना. डीसी ने कहा कि प्रमुख चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था की जा रही है. आपलोग ठंड से बचकर रहें. साथ ही पदाधिकारियों को वृद्ध महिला व पुरुष को वृद्ध आश्रम में शिफ्ट करने को कहा. उन्होंने बेसहारा लोगों को रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद को दिया.

## क्लोरोफिल स्कूल में सांता क्लॉज ने की बच्चों के साथ खूब मस्ती

**कोडरमा।** क्लोरोफिल स्कूल झुमरी तिलैया परिसर में शुक्रवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। सांता क्लॉज की वेश में शिक्षिका आंचल कुमारी ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया। वैगन आर गाड़ी सांता का स्लेज बनी हुई थी। पूरे ग्राउंड का तीन-चार राउंड लगाकर जब कार से निकलते हुए सांता ने अपनी झलक दिखाई, तो बच्चे खुशी के मारे झूम उठे। प्रिंसिपल कंचन अग्रवाल ने में कहा कि क्लोरोफिल में हर साल सांता क्लॉज का एक नए अंदाज में आगमन होता है, जिसका बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सांता क्लाज ने घूम- घूमकर सारे बच्चों को उपहार और चॉकलेट बांटे। बच्चों के साथ खेलते हुए तस्वीरें खिंचवाई। पार्श्व में जिंगल बेल, जिंगल बेल का कर्णप्रिय संगीत लगातार बज रहा था।

## भाकपा अंचल कमेटी की बैठक, मोदी सरकार पर साधा निशाना

**कोडरमा।** भाकपा अंचल कमेटी चंदवारा की बैठक प्रखंड के सांस्कृतिक भवन में कुलेश्वर पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय ने प्रस्तुत किया, जिसे सबों ने सर्वसम्मत से पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि दिल्ली के संसद में डेढ़ सौ से ऊपर विपक्षी सांसदों को मोदी सरकार ने निलंबित कर लोकतंत्र व संविधान को गला घोट दिया है। मोदी के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, अपराधी दुष्कर्म जैसी घटनाएं में वृद्धि हुई है। मोदी के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

### करमडीह पेरिस में क्रिसमस गैदरिंग, 14 मंडली हुए शामिल

# क्रिसमस पर शांति और भाईचारे का संबंध बनाने का लें संकल्प : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** प्रखंड के करमडीह पेरिस मुख्यालय में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम के साथ मनाया गया। युवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी 14 मंडली के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने लोगों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति, सेवा और भाईचारा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मिलने-जुलने से दूरियां मिटती है और परस्पर सद्भाव का माहौल बनता है। यही तो हमारी सामाजिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकास की सकारात्मक सोंच के आधार पर ही हम सामाजिक बराबरी के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के मौके पर धर्म विश्वसियों से अपेक्षा है कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। दुनिया में शांति, दया, सेवा, सुख, समृद्धि के साथ साथ अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। आपस मे प्रेम, शांति और भाईचारा का संबंध बनाने हुए सभी का सहयोग करने का संकल्प लें। विधायक ने कहा कि गरीबों, असहायों, दीन-दुखियों की सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों में वस्त्र, अनाजों का वितरण करें। मौके पर पेरिस चेयरमेन पादरी श्रद्धानंद कुजूर, सुनिल कुजूर, निखिल बाड़ा, निलेश एक्का सहित युवा संघ के अध्यक्ष मनोज दीपक तिर्की, उपाध्यक्ष आंजन निमन खलखो, सचिव अर्पणा मिंज, सह सचिव अमरदीप टोप्पो,रंजीत एक्का, अनमोल एक्का, सलीमा तिर्की सहित सभी सदस्य एवं भारी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## चबूतरा शेड व क्रिसमस गैदरिंग का विधायक ने किया उदघाटन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम पंचायत राईबहार में शनिवार को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बने चबूतरा शेड एवं क्रिसमस गैदरिंग का विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा उद्घाटन के किया गया। मौके पर विधिवत विशेष प्रार्थना के साथ इसकी शुरूआत की गई ।वहीं ग्रामीणों ने बताया चबूतरा एवं शेड नहीं होने की वजह से हमें सार्वजनिक स्थल पर कार्यक्रम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था एवं इसकी जानकारी हमने विधायक को दी थी। विधायक ने तत्काल यहां पर अपने मद से चबूतरा एवं शेड देने का कार्य किया। जिससे कि अब लोगों को इसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं होगी।विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है। साथ ही क्रिसमस गैदरिंग पर शुभकामना देते हुए कहा कि क्रिसमस हमें आपसी, प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। क्रिसमस के मौके पर हम एक दूसरे में प्रेम बांटे। गरीबों की मदद करें।इस मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम आदि उपस्थित थे।

## जीईएल चर्च कहुपानी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर-प्रखंड के कहुपानी चर्च परिसर में पहला क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन शनिवार को की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का,जिलाध्यक्ष मतीयस बागे उपस्थित रहे जहां पर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर बाइबल प्रतियोगिता नाटक मंचन सहित कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मौके पर उद्घाटन उपासना डोभापानी पास्ट्रोरेस्ट अध्यक्ष पादरी हेमंत संमद के द्वारा की गई। मौके पर प्रवचन कहुपानी चर्च अध्यक्ष पादरी निर्मल किंडो के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा हम अपने उद्धारकर्ता का जन्म से उत्सव मना रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम क्रिसमस पर एकता भाईचारे और शांति के संदेश के रूप में इस त्योहार को मनाते हैं, आप सभी दीन दुखियों की सेवा करते हुए इस पर्व को मनाईये और कोशिश करें अपने आसपास के क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति जो असहाय हो उसकी मदद करें, ताकि आपका क्रिसमस पर्व सफल हो सके।

# कोलेबिरा: भाजपा की बैठक में युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बने अभिषेक कुमार



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** भाजपा कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में शनिवार को भाजयुमो की बैठक कर पुनर्गठन किया गया जिसमें अभिषेक कुमार को प्रखंड अध्यक्ष ,महेश सिंह को महामंत्री, सखी लोहरा को उपाध्यक्ष ,राजन राम को मंत्री, गौरव अग्रवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर जिलाअध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि युवा शक्ति पार्टी के रीढ़ है ।आज युवा शक्ति के आगे आने से हमारा दल और मजबुती के साथ आगे बढ़ रही है, आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करते हुए खुंटी लोकसभा सीट के साथ- साथ कोलेबिरा और सिमडेगा विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी जीत का पताका लहरायगी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि मंडल सशक्तिकरण के तहत सिमडेगा जिला के दोनो विधान सभा के सभी मंडलों में भाजयुमो को मजबुती प्रदान करने के लिए मंडल स्तर में प्रवास कर संगठन में युवाओं को जोड़कर भाजयुमो को जमीनी स्तर पर मजबुत किया जा रहा।

# विधायक भूषण बाड़ा के चार साल पूरे करने पर दी बधाई



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के विधायकी के चार साल पूरे होने पर कांग्रेस नेताओं एवं जिलेवासियों ने बधाई दी है। शानिवार को विधायक के आवास पहुंच कई कांग्रेसी नेताओं ने बुके देते हुए एवं शॉल ओढ़ाकर उनके विधायकी के चौथी वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ निरंतर जनता की सेवा करने एवं क्षेत्र का विकास करने की हिम्मत देने के ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं विधायक ने भी जिलेवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन चार वर्षों में पर जनता का पूरा सहयोग मिला। विधायक ने कहा कि जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी खासकर मीडिया के साथियों का भरपूर सहयोग रहा। इसी का नतीजा रहा कि सिमडेगा विधानसभा आज विकास के पथ पर अग्रसर है।

### एक नजर

## विधायक भूषण बाड़ा ने एक रुपए किलो दाल वितरण योजना कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को कोचेडेगा में एक रुपए किलो दाल वितरण योजना कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने सैंकड़ों ग्रामीणों के बीच दाल का वितरण भी किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हमारी सरकार अपने लोगों के लिए काम कर रही है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को हर कीमत पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। कुछ राज्य त्योहारी सीजन के दौरान प्रति माह 1 रुपए की दर से दाल वितरित कर रहे हैं। लेकिन हमारी सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और राज्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को पूरे वर्ष एक रुपए प्रति किलो की दर से दाल का वितरित करने वाले पहली सरकार होगी। उन्होंने कहा कि हर गरीब को मुक्त में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। एक रुपए प्रति किलो की दर से दाल मिलने से गरीबों को काफी आसानी होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सभी गरीबों तक समय पर दाल का वितरण हर माह कराने का निर्देश दिया। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, पीडीएस दुकान संचालक लेतारे टोप्पो सहित विभाग के कई अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## लचरागढ़ विवेकानंद शिविमं में मनाया गया वनवासी कल्याण आश्रम स्थापना दिवस



**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु विद्या मन्दिर लचरागढ़ में शनिवार को वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम बालासाहब देश पांडे की तस्वीर में माल्यार्पण पुष्पर्चान प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने किया।तत्पश्चात सरस्वती वंदना हुई। आचार्य सुदर्शन कुमार ने कल्याण आश्रम की स्थापना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।इस अवसर पर छात्र छात्रों के द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। और छात्रों का रस्सा कस्सा प्रतियोगिता हुई जिसमे बालक वर्ग में शिवाजी दल विजेता बना और बालिकाओं में आरूणि दल विजेता रहा दोनों ही दल को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्रमोद पाणिग्राही, विमल टेटे, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, अर्जुन महतो, सुदर्शन कुमार, लक्ष्मी देवी, विमला कुमारी, शकुंतला कुमारी, प्रगति कुमारी, दीक्षित कुमारी, यमुना कुमारी वसंती बड़ाईक सुनीति कुमारी, उपस्थित थे।

## वन अधिकार समिति की बैठक में छः ग्रामों का वन पट्टा निर्गत करने की मिली स्वीकृति

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति का बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी से संबंधित सामुदायिक वनाधिकार पट्टा दावा पत्रों से संबंधित कुल 6 ग्राम वनाधिकर समिति के दस्तावेजों की जाँच की गई। जिसमें दावा त्रुटि रहित एवं आपत्ति रहित पाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सभी 6 ग्रामों का वन पट्टा निर्गत करने का स्वीकृति दी गई।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद सदस्य शांति बाला, समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, , वन प्रमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप एवं अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा : मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत मामले में एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत मास्टर मुहल्ला, गांधी स्कूल रोड में विगत 14 दिसम्बर को हुए रास्ता विवाद में मारपीट की घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त राज कपुर( पिता कैलाश प्रसाद यादव )को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि दो पड़ोसियों के बीच रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में संजय कुमार सिंह पिता स्व. गीता प्रसाद सिंह को गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मारपीट में शामिल राज कपूर व प्रेम कपूर दोनों पिता- कैलाश प्रसाद यादव में से एक अभियुक्त राज कपूर को गिरफ्तार किया गया है। शेष की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस संदर्भ में तिलैया थाना कांड संख्या 289/23 के तहत मामला दर्ज की गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## लोस चुनाव 2024 के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को मिला प्रशिक्षण

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार और बिरसा सांस्कृतिक भवन में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी की अगूआई में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने सेक्टर में जाकर गहन जांच पड़ताल करेंगे। विशेष रूप से वलनेरेबुल मैपिंग का कार्य करेंगे। साथ ही अपने गहन जांच का रिपोर्ट प्रपत्र में भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। इसके साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने पोलिंग स्टेशन में रैंप, सड़क की स्थिति, बिजली,पानी की व्यवस्था, महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, भवन की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए प्रपत्र में भरकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

**जागरूकता** — कृषि कार्यालय में एक दिवसीय रबी कर्मशाला का आयोजन

# किसानों को मिलेगा किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा कृषि कार्यालय में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग की ओर से शनिवार को एकदिवसीय रबी कर्मशाला 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास के द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिले में कृषि कार्य को बेहतर से करने के लिए कृषि मॉडल गांव के रूप में बोलबा के मालसाड़ा एवं केरसई के करँगागुड़ी को चयन किया गया है, जहां पर कृषि आधारित कई प्रकार की चीजों को विकसित करने का काम किया जाएगा । मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक ने कहा हमारा देश कृषि प्रधान देश है ,और और इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है ।सरकार पांच चीजों पर कृषि पर कार्य करती है जिसमें पशुपालन विभाग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि वैसे किस जिनका खाता एनपीए हो गया है, उसे भी के किसी ऋण माफी योजना का लाभ दिया जाएगा ।इसके अलावा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में भी इस बार सहकारिता विभाग की ओर से लाह कि खरीदारी का कार्य शुरू होगा ।इसके लिए हमारे सरकार प्रयास कर रही है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही कि हमारे क्षेत्र के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में भी कार्य संभाल रहे हैं एसएमएस क्षेत्र के किसानों को हर संभव केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए कार्य किया जाएगा उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाले सभी सुविधाओं का लाभ लेने की बात कही। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, झामुमो जिला सचिव शफिक खान ,अनिल तिर्की, रावेल लकड़ा, जमीर खान, जमीर हसन सहित सिमडेगा जिले से आए हुए कृषि प्रतिनिधि, एवं किसान महिलाएं शामिल रही।





## किरीबुरु में 61वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन


# खदान में सुरक्षा नियमों का पालन करें : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** खान सुरक्षा महानिदेशालय, चाईबासा रीजन के निर्देशानुसार किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में, ओपेन थियेटर प्रांगण किरीबुरु में 61वां वार्षिक मेटलिफरस खान सुरक्षा सप्ताह के तहत पब्लिसिटी प्रोपगंडा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक आर आर मिश्रा , विशिष्ट अतिथि खान सुरक्षा उप निदेशक आर सुधीर, कन्वेनर सह सेल गुवा व चिड़िया के सीजीएम कमल भाष्कर, मेघाहातुबुरु खदान के सीजीएम आर पी सेलबम, किरीबुरु खदान के सीजीएम कमलेश राय, टाटा स्टील नोवामुण्डी के इलेक्ट्रिकल हेड एस के रौय ने दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक आर आर मिश्रा ने कहा कि हमें सभी के सहयोग से शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना है. डीजीएमएस द्वारा बनाये गये नियमों का सही से पालन करते हुए तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित व शांत वातावरण में सावधानी से कार्य कर हीं यह लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. दुर्घटना खदान, परिवार व देश को नुकसान पहुंचाती है. उन्होंने सभी से कदम कदम पर सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया तथा सभी को शुभकामनाएं दी. किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि किसी भी उद्योग में कार्यस्थल पर कर्मचारियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य काफी महत्वपूर्ण होता है. प्रबंधन भी कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर चिंतित व गंभीर रहता है. सुरक्षा के प्रति 24 घंटा 365 दिन सतर्क व जागरुक रहने की जरुरत है. सही दृष्टिकोण वाला कोई व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम कर सकता है. हम अपनी कार्य नीति व व्यवहार की वजह से शून्य दुर्घटना को प्राप्त कर सकते हैं. किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की जनता व सेलकर्मी सुरक्षा के प्रति काफी सजग हैं. पब्लिसिटी प्रोपगंडा कार्यक्रम सुरक्षा के प्रति जन जन की जागरुक करना है. कन्वेनर कमल भाष्कर ने कहा कि सुरक्षा के नियमों का पालन, सुरक्षित वातावरण व जागरुक होकर कार्य करने से खदानों में दुर्घटनाएं की संभावना शून्य रहती है. खदान में दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है और हर जान कीमती होता है. डीजीएमएस के नियमों को लक्ष्मण रेखा की तरह जब पार करेंगे तो घटना की संभावना अधिक रहेगी. खदान में काम करते समय अनसेफ एक्ट नहीं करना है. घर से कार्य स्थल पर सुरक्षित जाये एवं सुरक्षित अपने घर वापस लौटें, क्योंकि घर पर हमारा कोई इंतजार करता है. टाटा स्टील के हेड एस के रौय ने कहा कि डीजीएमएस का लक्ष्य शून्य दुर्घटना है. चाईबासा रीजन दुर्घटना मामले में 90 फीसदी सफलता प्राप्त कर चुकी है. हमें इस वर्ष शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त कर शत फीसदी सफलता हासिल करना है. किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान उत्पादन व सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है. किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की टीम वन प्लस वन टू नहीं बल्कि ग्यारह है.

## डॉक्टर और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द घूमने फिरने की प्लानिंग पर फिरा पानी



**धनबाद।** 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसी दिन राज्य सरकार का गठन हुआ। पूरे राज्य में स्थापना दिवस धूमधाम से मानने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है, लेकिन सबसे बड़ा झटका डॉक्टर और कर्मचारियों को लगा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रहे डॉक्टर और कर्मचारियों की छुट्टी 22 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक रद्द कर दी गई है। कोई भी डॉक्टर और कर्मचारी 22 से 30 दिसंबर के बीच अवकाश पर नहीं रह सकते हैं। इस संबंध में अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने धनबाद सिविल सर्जन समेत सभी को निर्देश जारी किया है। निर्देश के आलोक में सिविल सर्जन ने इसकी सूचना सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दी है। विशेष विशेष परिस्थिति में डॉक्टर और कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक से अनुमति ले नहीं होगी। इसके बाद ही डॉक्टर और कर्मचारी छुट्टी पर जा सकते हैं। 29 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। अमूमन प्रत्येक वर्ष दिसंबर और जनवरी के आने को लेकर अधिकांश डॉक्टर और कर्मचारी घूमने फिरने के लिए अवकाश पर चले जाते हैं, लेकिन इस बार डॉक्टर और कर्मचारी की प्लानिंग पर ब्रेक लग गया है।

## एक नजर

### अटल जी की जयंती पर भाजपा का रक्तदान शिविर 25 को

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष एवं दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 99वीं जयंती को पार्टी सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी. 25 दिसंबर को गोलमुरी अंतर्गत केबल वेलफेयर क्लब में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं और भाजपा समर्थक रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे. इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, वरिष्ठ पार्टी नेता राकेश प्रसाद ने सहमति दी है. वहीं जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरकार एवं कुणाल षाडंगी, जिला अध्यक्ष गुंजन यादव सहित महानगर भाजपा के शीर्षस्थ नेता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे और रक्तदान करेंगे.

### बोरा गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के उषा टॉकीज स्थित एक बोरा गोदाम में शुक्रवार देर रात एक बजे भीषण आग लग गयी. आग लगने से गोदाम में रखे लाखों के सामान जलकर राख हो गये. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कारोबारी श्रवण साव और फायर ब्रिगेड को फोन करके दी. जानकारी पाकर श्रवण साव और दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. हालांकि तब तक गोदाम में रखे 10 से 12 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गयी थी.

### मधुमक्खियों के काटने से महिला की मौत, 5 लोग घायल

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर के पास डिगारबांध तालाब स्थित पेड़ के पास शुक्रवार को मधुक्खियों के हमले में करीब 6 लोग घायल हो गए थे. 5 लोगों का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला फुलमनी देवी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. मृत महिला के पोता पप्पू गोपनील ने बताया कि तालाब किनारे पेड़ पर लगे छत्ते से निकलकर मधुमक्खियों ने वहां नहा रहे छह लोगों पर हमला कर दिया. गंभीर रूप से जख्मी दादी को इलाज के लिए वे लोग एसएनएमएमसीएच ले आए, जहां शनिवार को उनकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव में किया जायेगा.

### ठंढ बढ़ते ही कोयलांचल में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

## झरिया में डॉक्टर सहित चार घरों में लाखों की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** ठंड बढ़ते ही कोयलांचल में चोरों का आतंक बढ़ गया है. झरिया में शुक्रवार की देर रात चोरों ने कोयरीबांध में एक डॉक्टर समेत चार घरों में नकदी समेत लाखो रुपये के आभूषण व कीमती सामान पर हाथ साफ किया. सुबह सोकर उठने पर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई. झरिया थाना के एसआई कामता प्रसाद यादव ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की. चोरों ने डॉ सुनील गुप्ता, संजीव साव, कृष्णा केसरी और धीरन प्रसाद केसरी के घरों में घटना को अंजाम दिया. डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया कि चोर पीछे की तरफ से छत पर चढ़कर घर में घुसे. बेटा रात में पढ़ाई कर रहा था. इसी बी उसे नींद लग गई और मेन दरवाजा खुला रह गया. चोर घर में रखे 15 हजार रुपए नकद, मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कपड़े समेत करीब 30 हजार रुपए के समान ले गए हैं. चोरों ने संजीव साव के घर से दो सोने के लॉकेट, दो मोबाइल व 8 हजार रुपए नकद समेत करीब 50 हजार के सामान चोरी कर ली. इसी तरह धीरन प्रसाद केसरी और कृष्णा केसरी के घर से चोरों ने कीमती सामान पर हाथ साफ किया और चलते बने. झरिया थाना के एसआई कामता प्रसाद यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

### धनवार के प्रवासी मजदूर की कोलकाता में मौत, छाया मातम

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के धनवार थाना क्षेत्र के बालकीडीह निवासी प्रवासी मजदूर नारायण यादव (45 वर्ष) की कोलकाता में मौत हो गई. वह महावीर यादव का पुत्र था. वह कोलकाता में भवन निर्माण में मजदूरी काम करता था. काम के दौरान ही करंट लगने उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर समाजसेवी मोहन यादव, माले नेता रामेश्वर चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि भिखी पासवान व पूर्व मुखिया संजय साव के प्रयास से तीन दिन बाद शनिवार को मृतक का शव पैतृक गांव लाया गया. शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया. नारायण यादव की पत्नी सावित्री देवी व 10 वर्षीय पुत्री शीतल कुमारी शव देखते ही चीत्कार कर रो पड़ी. पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी. यह देख वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं. नारयण यादव परिवार का इकलौता कमाऊं सदस्य था. घर में बूढ़े मां-बाप के अलावा, पत्नी सावित्री देवी, तीन बेटियां और एक तीन साल एक पुत्र है.

## मासिक लोक अदालत में 21 मामलों का निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह व्यवहार न्यायालय सभागार में शनिवार को आयोजित मासिक लोक अदालत में 21 मामलों का निष्पादन किया गया. साथ ही सुलह के आधार पर पक्षकारों से 47500 रुवए की वसूली भी हुई. लोक अदालत के सफल संचालक को लेकर कुल चार बेंच का गठन किया गया था. 2 झालसा रांची के निदेशानुसार लोक अदालत में मामलों की सुनवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के मार्गदर्शन में की गई. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सौरव कुमार गौतम ने बताया कि मासिक लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम, एनआई एक्ट समेत बिजली, वन, उत्पाद, श्रम, माप-तौल, टेलीफोन आदि विभागगों से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है. आयोजन को सफल बनाने में सभी न्यायिक व विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं का सहयोग रहा.

## एक नजर

### बोकारो जिला कोविड या इसके जैसे किसी भी वेरिएंट से लड़ने को पूरी तरह से तैयार : सीएस

**बोकारो।** देश के कुछ राज्यों में कोविड केस आने से लोगों में फिर से डर का माहौल बनने लगा है. कोविड के नए वेरिएंट के आने से राज्य सरकार इससे निपटने को लेकर अपनी तैयारी में लगी है. इस मामले में बोकारो जिले में भी तैयारियाँ चल रही है. बोकारो सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से तैयार है. इस मामले को लेकर बोकारो सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद का कहना है कि हम लोग इस प्रकार के किसी भी मामले से निपटने को लेकर तैयार हैं. हमारे यहां 10 बेड का आइसोलेटेड वार्ड पूरी तरह से तैयार है. डॉ अरविंद ने कहा कि कोविड का नया वेरिएंट साउथ के राज्यों में मिला है. झारखंड के जमशेदपुर में भी एक दो केस सुनने को मिला है. इसी को देखते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आरटी पीसीआर टेस्ट करना है. कोविड का नया वेरिएशन से सामना हुआ है. उन्होंने कहा, कोविड के नए वेरिएंट से लोगों को डरना नहीं है, बल्कि सतर्क रहना है. भीड भाड़ वाले जगह में जाने से बचना है. अगर जाना जरूरी है तो मास्क लगा कर जायें. उन्होंने बताया कि हम लोग जांच अभी भी कर रहे हैं. बोकारो जिला कोविड या इसके जैसे किसी भी वेरिएंट से लड़ने को पूरी तरह से तैयार है.

### चाईबासा : आईईडी प्लांट करने के क्रम में ब्लास्ट होने से एक महिला नक्सली घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सोनुवा के बोयकेड़ा पंचायत के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी प्लांट करने के क्रम में ब्लास्ट होने से एक महिला नक्सली घायल हो गयी है. बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार की मध्य रात्रि आईईडी बम महिला नक्सली सदस्य लगा रही थी, तभी अचानक आईईडी बम ब्लास्ट हो गया. इससे महिला नक्सली उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई. ग्रामीण महिला नक्सली की मौत होने और उसे सहयोगी नक्सलियों द्वारा साथ ले जाने की भी बात बता रहे हैं. आईईडी प्लांट करने के क्रम में आईईडी ब्लास्ट होने की घटना के बाद सहयोगी नक्सली अपने घायल महिला नक्सलीको लेकर जंगल की ओर लेकर चले गए. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शनिवार को घटना स्थल पर पहुंचकर मामले का सत्यापन करने में जुटी है, लेकिन अब तक पुलिस को कोई सुराग नही मिल सका है.

### धनबाद में सरेआम महिलाओं ने की जमीन दलाल की पिटाई



**धनबाद।** धनबाद में जमीन दलाल की पिटाई हुई है. तोपचांची थाना क्षेत्र में रणधीर वर्मा चौक स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर मारपीट करते हुए हाथों में चप्पल और लाठी लिए दो महिलाओं ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी. शनिवार को रजिस्ट्री कार्यालय से रणधीर वर्मा चौक के धरना स्थल तक महिला ने युवक के ऊपर चप्पल बरसाया. युवक भागते हुए रणधीर वर्मा चौक से हनुमान मंदिर की तरफ से हीरापुर की ओर निकल गया. महिलाओं के मुताबिक पुलिस, बीडीओ, सीओ के पास जमीन से जुड़ा यह मामला चल रहा है. उन्होंने बताया कि उनके दादा के नाम से तोपचांची में जमीन है, जिसमें पांच हिस्सेदार हैं, उस जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए किसी और को लेकर दलाल पहुंचे थे. इसकी जानकारी मिले ही वो यहां पहुंची जब युवक ने विरोध किया तो महिलाओं ने जमीन दलाल की पिटाई कर दी. वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि जिस जमीन की पांच हिस्सेदार महिलाएं बता रही हैं, उस जमीन का कुछ अंश दो हिस्सेदारों ने खरीद लिया है. दोनों हिस्सेदारों ने जमीन के उस अंश को किसी दूसरे को बेच दिया है.

### पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के जेरूआडीह से पोक्सो एक्ट के आरोपी किशोर मेहरा उर्फ किशोर कुमार दास को मुफ्फसिल थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उसके खिलाफ मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 397/23 के तहत 15 दिसंबर को पोक्सो का केस दर्ज किया गया था. पुलिस ने आरोपी किशोर कुमार दास को उसके घर जेरूआडीह से गिरफ्तार किया.

### जमशेदपुर : संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत जेम्को में लगा शिविर, कई लोगों ने उठाया लाभ

**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत जेम्को स्थित शहीद भगत सिंह चौक में शनिवार को कैंप लगाया गया. इसमें हेल्थ कैंप, स्वाइल हेल्थ कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम उज्जवला योजना आदि के स्टाल लगाए गए थे. बता दें कि सरकार द्वारा जिले में 16 दिसंबर से इसकी शुरूआत की गई है. इसमें एक वैन के जरिए लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं खास तौर पर 17 फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी जा रही है. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है. इस कैंप के जरिए पीएम उज्जवला योजना, आधार कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. जिले में यह दो पालियों में आयोजित हो रहा है. उन्होंने बताया कि यहां आकर लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं. जहां शिविर लगाया जा रहा है वहां वैन में लगे बड़ी एलईडी स्क्रीन में रिकार्डेड विडियो मैसेज दिखाया जा रहा है. इसमें उन लोगों की सक्सेस स्टोरी दिखाई जा रही है, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है.

## साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले राजेश पहुंचे तिसरी



**रोहित भारती**

**गिरिडीह।** हरियाणा राज्य के पनवेल के रहने वाले 21 वर्षीय राजेश साइकल से ही पुरे भारत के भ्रमण पर निकले हुए हैं। शनिवार की शाम 15 राज्यों की यात्रा कर वे झारखण्ड के गिरिडीह जिले के तिसरी पहुंचे। तिसरी - गिरिडीह मुख्य - मार्ग पर सफर करते हुए उन्होंने बताया कि वे लगभग सात महीने से सफर कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अबतक साइकल से लगभग 8-10 हजार किलोमीटर का सफर तय किया है। झारखंड के बाद पश्चिम बंगाल, उड़ीसा होते हुए रामेश्वररम की ओर निकल जायेंगे। राजेश ने बताया कि बचपन से ही उनका पुरे भारत घूमने का सपना था। राजेश का मानना है कि नौकरी, बिजनेस या अन्य कोई कार्य में लगने के बाद से इंसान बहुत व्यस्त हो जाता है, उसके पास इतना समय नहीं होता कि वह पूरे भारत का भ्रमण कर सके, खास कर सड़क मार्ग द्वारा।

### बिरनी में पुत्र ने पिता की कुल्हाड़ी से की हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम परसबनी से बेहद चौंकाने वाला खबर सामने आया है। जहां एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की टांगी से मार कर हत्या कर दि। बताते चलें कि जमीन विवाद में पुत्र संदीप सोरेन ने शनिवार दोपहर दो बजे अपने 65 वर्षीय पिता सुखदेव सोरेन की टांगी से मार कर हत्या कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की जानकारी शाम चार बजे हुई। इसके बाद घटना की जानकारी ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद को दी गई। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गारंटी योजना कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की गारंटी योजना के तहत आज गिरिडीह विधानसभा के वार्ड नंबर 9 एवं 10 विवाह भवन गिरिडीह में कैम्प लगाया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ साथ आम जनता ने भाग लिया और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जो सीधे आम जनता के पास लाभुकों के पास जा रही है उसके बारे में लाभार्थियों से संवाद कर जानकारी दिया गया एंव संकल्प लिया गया कि आने वाले 2047 तक मोदी जी का संकल्प है कि हम भारत को हम विकसित देश बनायेंगे और गुलामी वाली मानसिकता से बाहर आएंगे लेकिन जिस तरह से मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश में विकास का पहिया दौड़ रहा है भारत विश्व गुरु की ओर बनने को अग्रसर है तो हम तमाम लोगो का कर्तव्य बनता है कि देश को विकसित देश बनाने के लिए हम सभी मिलकर और इस योजना में मोदी जी का साथ दे, लेकिन बहुत अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि मोदी जी की जो गारंटी योजना है - गारन्टी मतलब गारंटी, मोदी जी की गारन्टी योजना में हमारे गिरिडीह नगर में को कार्यक्रम हो रहा है इसमे लोग उदासीनता बरत रहे हैं सही समय पर जानकारी नहीं दिया जा रहा है।

**जागरूकता**

## बिरनी में दो पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर

# बलगो-खेदवारा में महिलाओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड में शनिवार को दो पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बलगो पंचायत और खेदवारा पंचायत में आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की शुभारंभ बीडीओ सुनील कुमार,प्रमुख रामु बैठा,उप प्रमुख शेखर सुमन, जीप सदस्य सूरज सुमन, मुखिया कुसुम देवी, पंचायत समिति सदस्य अली असगर ने दीप प्रज्वलित करके किया।जिसमें बलगो पंचायत में बिरनी उपमुखिया रुकसाना खातून मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास,रोजगार सेवक मुरली व खेदवारा में अंचलाधिकारी सारांश जैन,मुखिया कंचन देवी,सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय,पंचायत समिति सुनीता देवी,विसूत्री अध्यक्ष इतवारी वर्मा,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कृपा महतो,मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर मण्डल अन्य जनप्रतिनिधियों मौजूद रहे। इस अवसर पर आए हुए अधिकारियों को माल्यर्पण करके स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकतर अबुआ आवास का आवेदन आया है।।जनताओं ने इस कार्यक्रम में सरकार योजनाओं लेने के लिए। अधिकतर दोनो पंचायतों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। इस अवसर पर सभी विभाग के टेबल पर लाभुकों ने अपना अपना आवेदन जमा किया।। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना फूलो झानो आशीर्वाद योजना पशुपालन एवम सहकारिता विभाग किशोरी संवृद्धि योजना सीएम युत्कृष्ट विद्यालय सोना सोभरण योजना सर्वजन पेंशन योजना राजश्व विभाग सावित्रीबाई फुले किशोरी संवृद्धि योजना स्वास्थ्य समेत कई विभाग का अलग अलग स्टोल लगा कर विभाग के कर्मियों ने लोगो से आवेदन लिया और कार्य निष्पादन भी किया जा रहा था।

## एक नजर इधर भी

# चीटिंग छोटी हो या बड़ी जायें कंज्यूमर कोर्ट

**देश** में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को उपभोक्ता हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाये गये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाये जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया।

■ योगेश कुमार गोयल

# जब गूंजा जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल

## वीर बाल दिवस व शहादत सप्ताह पर नमन

इन दिनों



श्री सिंह

**9 जनवरी**, 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित 'वीर बाल दिवस' के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों- साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृबति में 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जायेगा। साहिबजादे जोरावर सिंह (9) और फतेह सिंह (7) सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। सम्राट औरंगजेब (1704) के आदेश पर मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया। इस घटना में गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। इस पेशकश को उन दोनों ने ठुकरा दिया जिस कारण उन्हें मौत की सजा दी गई और उन्हें जिंदा ईंटों की दीवार में चुनवा दिया गया। इन दोनों शहीदों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। दस सिख गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनकी जयंती नानकशाही कैलेंडर पर आधारित है। गुरु गोबिंद सिंह अपने



पिता गुरु तेग बहादुर यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढंकने के लिये पगड़ी भी शामिल है। उन्होंने खालसा या पांच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की। पांच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कड़ा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं। ये आस्था के पाँच प्रतीक हैं जिन्हें एक खालसा को हमेशा धारण करना चाहिये। उन्होंने खालसा योद्धाओं के पालन करने हेतु कई अन्य नियम भी निर्धारित किये, जैसे- तंबाकू, शराब, हलाल मांस से परहेज आदि। खालसा योद्धा निर्दोष लोगों को उत्पीड़न से बचाने के लिये भी कर्तव्यनिष्ठ थे। उन्होंने अपने बाद गुरु ग्रंथ साहिब (खालसा और सिखों की धार्मिक पुस्तक) को दोनों समुदायों का अगला गुरु घोषित किया। उन्होंने वर्ष 1705 में मुक्तसर की लड़ाई में मुगलों के खिलाफ युद्ध किया। आनंदपुर (1704) के युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह ने अपनी माँ और दो नाबालिग बेटों को खो दिया, जिन्हें मार डाला गया था। उनका बड़ा बेटा भी युद्ध में मारा गया। उनके साहित्यिक योगदानों में जाप साहिब, बेंती चौपाई, अमृत सवाई आदि शामिल हैं। उन्होंने 'जफरनामा' भी लिखा जो मुगल सम्राट औरंगजेब को एक पत्र था। बताते हैं कि मुगलों ने अचानक आनंदपुर साहिब के किले पर हमला कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों से लड़ना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने उन्हें वहां से चलने के लिए कहा। इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह के परिवार सहित अन्य सिखों ने आनंदपुर साहिब के किले को छोड़ दिया और वहां से निकल पड़े। जब सभी लोग सरसा नदी को पार कर रहे थे तो पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पूरा परिवार बिछड़ गया। बिछड़ने के बाद गुरु गोबिंद सिंह और दो बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह चमकौर पहुंच गये। माता गुजरी, दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और गुरु साहिब के सेवक रहे गंगू गुरु साहिब अन्य सिखों से अलग हो गये। इसके बाद गंगू इन सभी को अपने घर ले गया लेकिन उसने सरहिंद के नवाज वजीर खान को जानकारी दे दी। इसके बाद वजीर खान माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को कैद कर लिया। 22 दिसंबर को चमकौर की लड़ाई शुरू हुई जिसमें सिख और मुगलों की सेना आमने-सामने थी। मुगल बड़ी संख्या में थे, लेकिन सिख कुछ ही थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों में हौसला भरा और युद्ध में डटकर सामना करने को कहा। यह युद्ध अगले दिन भी चलता रहा। युद्ध में सिखों को शहीद होता देखा दोनों बड़े साहिबजादों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने एक-एक कर युद्ध में जाने की अनुमति गुरु साहिब से मांगी। गुरु साहिब ने उन्हें अनुमति दी और उन्होंने एक के बाद एक मुगल को मौत के घाट उतारना शुरू किया। इसके बाद वे दोनों भी शहीद हो गये। बताया जाता है कि 24 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी भी इस युद्ध में उतरना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए गुरु साहिब जो युद्ध में उतरने से रोक दिया और उन्हें वहां से जाने को कहा। मजबूरन गुरु साहिब को वहां से निकलना पड़ा। इसके बाद वह सिख मैदान में लड़ते हुए शहीद हो गये। यहां से निकलने के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी एक गांव में पहुंचे, जहां उन्हें बीबी हरशरन कौर मिलीं, जो गुरु साहिब को आदर्श मानती थीं। उन्हें जब युद्ध में शहीद हुए सिखों और साहिबजादों की जानकारी मिली तो वह चुपके से चमकौर पहुंचीं और शहीदों का अंतिम संस्कार करना शुरू किया, जबकि मुगल यह नहीं

**दस सिख गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनकी जयंती नानकशाही कैलेंडर पर आधारित है। गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता गुरु तेग बहादुर यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढंकने के लिये पगड़ी भी शामिल है। उन्होंने खालसा या पांच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की। पांच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कड़ा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं।**

# मानवीय मूल्यों के वाहक बनेंगे रामलला, संस्कारों को करेंगे सुदृढ़

**तीन** दिन और फिर इंतजार खत्म! अगले माह भारत सहित विश्वभर के करोड़ों राम भक्तों का एक चिरकालीन सपना साकार होने जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या नगरी में एक बार फिर दीपोत्सव के साथ भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर को लोकार्पित करेंगे, जो श्रीराम मंदिर निर्माण के इस चरण तक पहुंचने के पीछे की 500 वर्ष की संघर्ष गाथा उकेरेगी। श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में पांच अगस्त 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूणार्हुति में सहायक बना है। मूल गर्भगृह में विराजमान होने के बाद विश्व के सभी आस्थावान अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे। अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों-युगों तक देता रहेगा, मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात-अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण। देश के करोड़ों लोगों को संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति का स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम सर्वोपरि हैं। भगवान राम विश्वभर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। देश के सभी तीर्थ स्थानों की मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद, सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों की उपस्थिति देश की एकात्मता व सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल होगी। आज देश-दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सबका समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है। महिला सशक्तीकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है। समाज में जो शक्तियां सवर्ण-दलित, शहरवासी, वनवासी (जनजाति), संपन्न-गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनके लिए राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर को लोकार्पित करेंगे, जो श्रीराम मंदिर निर्माण के इस चरण तक पहुंचने के पीछे की 500 वर्ष की संघर्ष गाथा उकेरेगी। श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में पांच अगस्त 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूणार्हुति में सहायक बना है।**

उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़-पौधे, जीव-जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण व जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता-पुत्र, भाई-भाई, शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा। लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ, वह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव-जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा-महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गये हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। आस्था के कारण ही करोड़ों लोगों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जिसने अब साकार रूप ले लिया है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्णता की ओर है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 से अधिक वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओं आदि के नेतृत्व में चला। इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन अपने हाथों में लिया। स्व. अशोक सिंघल के साहसी एवं यशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना।

■ गिरजा शंकर

## है न विचित्र बात !

# सुगमता के नये युग की शरुआत

**वैश्विक** स्तर पर लोकतंत्र की जननी और दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में किसी भी कानून को पारित करने की बहुत ही विस्तृत पेचीदगी वह पारदर्शी प्रक्रियाएं बनी हुई है, जिसको पार करने के बाद ही कोई विधेयक पारित होकर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनता है। किसी भी विधेयक को कानून बनाने के लिए संसद के उच्च व निचले सदन से पारित करना कोई आसान काम नहीं होता उस पर विस्तृत चर्चा होती है, संशोधन वह सेलेक्ट कमेटी से होते हुए संसद में पेश होता है, इसके पहले लॉ कमीशन जनता जर्नादन के समक्ष उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए भी राष्ट्रीय गजट में प्रकाशित होता है। कुल मिलाकर संसद के दोनों सदनों में कोई भी विधेयक पारित कराना बड़ी उपलब्धि है। हालांकि यह रेखांकित करने वाली बात है के संसद के पिछले कुछ सत्रों से यह परिपाटी चली आ रही है के ध्वनि मत से ही विधेयक पारित हो रहे हैं क्योंकि एक विशेष पार्टी व उनके गठबंधन के सदस्यों की संख्या अधिक होने से विपक्ष कुछ कर सकनें में लाचार है किसी भी विधेयक पर वोटिंग नहीं हुई है वह केवल दिल्ली विधेयक से संबंधित वोटिंग के अलावा अन्य विधेयकों में वोटिंग देखने को नहीं मिली है। ठीक इसी तरह प्रेस व पत्र पत्रिका विधेयक जो राज्यसभा यानें उच्च सदन से पिछले अगस्त में ही पारित कर दिया गया था और अब लोकसभा में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को ध्वनि मत से पारित हो गया है, अब राष्ट्रपति महोदया के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जायेगा जिससे प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के नये ऐतिहासिक युग की शुरूआत होगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों में प्रेस और पुस्तिका पंजीकरण विधेयक अधिनियम 1867 के औपचारिक युग को समाप्त कर 2023 का नया विधेयक पारित कर लिया गया है। इसलिए आज हम मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रेस की आजादी और समाचार पत्र पत्रिका प्रकाशन में प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 मील का पत्थर सब आईटी होगा। साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 की करें तो, इस नये कानून में किसी भी कार्यालय में गये बिना ही ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं समकालिक बना दिया गया है। इससे प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को इस प्रक्रिया को काफी तेज करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेषकर छोटे और मध्यम प्रकाशकों को अपना प्रकाशन शुरू करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेटों या स्थानीय अधिकारियों के पास संबंधित घोषणा को प्रस्तुत करने और इस तरह की घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी इस तरह की कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में इस पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और इसमें काफी समय लगता था। साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 के लोकसभा में पारित होने की करें तो, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 (पीआरपी) गुरुवार को राज्यसभा में पारित हो गया। बता दें कि प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 (पीआरबी) को निरस्त करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक का उद्देश्य पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक सत्यापन और पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाना है। सदन ने विपक्ष की अनुपस्थिति में कुछ मिनट बाद ही ध्वनि मत से विधेयक पारित कर दिया। इस बीच सूचना-प्रसारण मंत्री ने कहा, पुराने और नये अधिनियम के बीच अंतर समझाने के लिए मैं चाहता था कि विपक्ष भी यहां होता क्योंकि वे एक समय देश पर शासन कर रहे थे। विधेयक में समाचार पत्रों के प्रसार और सत्यापन से संबंधित प्रावधान हैं।

■ किशन भावनानी गोंदिया

# जन गण मन के महानायक हैं अटल बिहारी वाजपेयी

**अटल** जी का नाम सारी दुनिया के प्रमुख नेताओं में वरिष्ठ है। वे भारतीय जन गण मन के महानायक हैं। उनकी स्मृति बार-बार आती है। उनका पूरा व्यक्तित्व एक छंद और भावप्रवण काव्य था। विधाता ने उन्हें पूरे जतन से गढ़ा था। प्रकृति ने अपना सारा मधुरस उड़ेल दिया था उनके व्यक्तित्व में। वे सरस थे। तरल थे। सरल थे। विरल थे और विश्वमोहन। आज (रविवार) उनकी जन्म तिथि की पूर्व संध्या है। राष्ट्र उनका स्मरण कर रहा है। हमारे जैसे कार्यकर्ता उनकी छाया में पले। स्वाभाविक है उनका स्मरण। वैसे स्मरण उनका होता है, जिनका विस्मरण हो जाता है। अटल जी की स्मृति प्रतिपल जीवंत रहती है। वे भारतीय सार्वजनिक जीवन के शिखर शलाका पुरुष थे। वे भारतीय लोकतंत्र की दिव्यता हैं और राजनैतिक जीवन के मर्यादा पुरुष। इतिहास ने उन्हें पूरी आत्मीयता के साथ अपने अन्तःस्थल में स्थापित किया है। इतिहास निर्मम और निष्पक्ष होता है। वह अपने पराये में भेद नहीं करता। वह अनायास ही किसी को महानायक नहीं बनाता। लोकमत भी इतिहास की तरह निर्मम होता है। इसलिए विश्व इतिहास के प्रतिष्ठित महानायक भी संपूर्ण लोकमन की प्रशंसा नहीं पा सके। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे और राष्ट्रवाद का संदेश लेकर सतत गतिशील विहारी थे। उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे और कवि थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी सबके प्रिय अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। वे सबके प्रति आत्मीय थे। विपरीत ध्रुवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। 1975 में आपत्काल था। देश कारागार में बदल गया था। संविधान कुचल दिया गया था। हजारों राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ता जेल भेजे गये थे। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आये। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था। जनसंघ का विसर्जन भावुक क्षण था। इन पंक्तियों का लेखक भी इस भावुक प्रवाह का हिस्सा था। जनसंघ का विसर्जन हुआ। अब सब जनता पार्टी के हिस्से थे। कुछ समय बाद जनता पार्टी में कलह हुई। जनसंघ घटक के सदस्यों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम पर दोहरी सदस्यता का आरोप लगा। अटल जी ने उत्तर प्रदेश की एक जनसभा में चुटकी ली 'उन्होंने पहले प्यार किया, सम्बंध बनाये। सम्बन्धों का लाभ उठाया और अब हमसे हमारा गोत्र वंश पूछते हैं।' बात नहीं बनी। जनसंघ घटक अलग हो गया। अटल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। अटल जी के नेतृत्व का सम्मोहन बढ़ता गया। अटल जैसी वक्तव्य कला दुर्लभ। शब्द उनके आज्ञापालक थे। उनका शब्द चयन और प्रयोग अद्भुत था। मनमोहन प्रभाव था उनके भाषण में। वे नेता प्रतिपक्ष बने। प्रधानमंत्री बने। विपक्षी नेता के रूप में उन्होंने विषय प्रतिपादन का नया रिकार्ड बनाया। संसद उन्हें पूरे मनोयोग से सुनती थी जब वे विपक्ष में थे तब नरसिंहाराव तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेशी प्रतिनिधिमण्डल का नेता बनाया। यह भी एक विशेष अवसर था। उन्होंने देश के बाहर भारतीय जनतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाई, 'उन्होंने कहा कि वे भारत में विरोधी दल के नेता हैं लेकिन देश के बाहर भारत के प्रतिनिधि।' उनके विचार मननीय हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति बताया। हिन्दू और हिन्दुत्व को भारत की जीवनशैली बताया। उनकी कविता 'तन मन हिन्दू मेरा परिचय' खासी चर्चा में रहती है। उन्होंने राजनीति में भारतीय संस्कृति का प्रवाह पैदा किया। जो कहा, सीना ठोककर कहा। लोग तिलमिलाये। ऐसे लोगों ने जनसंघ पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटल जी ने संसद में साम्प्रदायिकता की परिभाषा करने की मांग भी की। सब चुप हो गये। अटल जी पत्रकार, साहित्यकार थे। लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रधर्म पत्रिका के सम्पादक रहे थे। पत्रिका के सम्पादक मण्डल ने भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी पर विशेषांक प्रकाशित करने का निर्णय लिया। सम्पादक मण्डल ने मुझे दोनों विशेषांकों का अतिथि सम्पादक बनाया। इसका विमोचन दिल्ली भाजपा कार्यालय में अटल जी व आडवाणी जी ने किया था। विमोचन के पहले अटल जी ने दोनों अंक देखने के लिए मांगे। मैंने पत्रिका के प्रबंधक पवन पुत्र बादल के साथ अटल जी को दोनों अंक दिखाये। विशेषांकों के आलेख व चित्र संयोजन देखकर वे भावुक हुए। उन्होंने इस अनुष्ठान की प्रशंसा की। मुझे बधाई भी दी। इस तरह वे अपने सहयोगियों को लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते थे। अटल जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना। क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय कठिनाइयां समझने का अवसर मिला। विश्व परिवार ने अटल जी के नेतृत्व का सम्मान किया। लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी परमाणु परीक्षण से सहमत नहीं थी। अटल जी यह बात जानते थे। इसके कारण संभावित आर्थिक प्रतिबंधों से भी वे अवगत थे। लेकिन उन्होंने परमाणु परीक्षण का निर्णय लिया। दुनिया के कई देश नाराज भी हुए। संसद में भी भारी बहस हुई। उन्होंने पूरे स्वाभिमान के साथ अपने निर्णय का पक्ष रखा। उन्होंने संसद में देश की प्राथमिकता बताई 'परमाणु परीक्षण सम्बंधी हमारे निर्णय की एक मात्र कसौटी राष्ट्रीय सुरक्षा ही है। हमने किसी अन्तरराष्ट्रीय करार का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि परमाणु परीक्षण किसी देश के विरुद्ध भय उत्पन्न करने अथवा आक्रमण करने के लिए नहीं हैं।' चन्द्रशेखर ने टिप्पणी की। उनके कथन पर अटल जी की टिप्पणी ध्यान देने योग्य है। अटल जी ने कहा कि मुझे खेद है कि मैं आपके विचारों से सहमत नहीं हूं। चन्द्रशेखर की बात काटते हुए भी वे शील और मर्यादा में ही रहे। लोकतंत्र उनकी जीवन श्रद्धा था। अटल जी ने भारत के राजनैतिक आकाश में सार्वजनिक जीवन की मर्यादा रेखा खींची है। यह रेखा बहुत ऊंची है। मूल्य आधारित सार्वजनिक जीवन की यह रेखा हम सभी राजनैतिक दलों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने लोकतंत्र को भारत की जीवनशैली बताया था। अटल जी के अनुसार 'लोकतंत्र 49 बनाम 51 का अंकगणित नहीं है। सबकी अभिलाषा और राष्ट्रीय स्वप्नों के लिए सबको साथ लेकर कल्याण करना ही जनतंत्री राजनीति है।' अटल जी सभी दलों और नेताओं में लोकप्रिय थे।

**अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आये। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था।**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राष्ट्रपति ने हैदराबाद में राष्ट्रपति निलयम में एट होम की मेजबानी की



**हैदराबाद।** तमिलिसाई सौंदरराजन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रेड्डी को आतिथ्य और उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया। वार्षिक दक्षिणी प्रवास के हिस्से के रूप में 18 दिसंबर को हैदराबाद पहुंचीं राष्ट्रपति, सिकंदराबाद के बोलारम में राष्ट्रपति निलयम में ठहरी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति निलयम में एट होम (अनौपचारिक जलपान) पर लोगों की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। तमिलिसाई सौंदरराजन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रेड्डी को आतिथ्य और उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया।

### आप विधायक से जुड़ी कंपनी की 35 करोड़ की संपत्ति अटैच



**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40.92 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा की कंपनी की 35.10 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। गज्जनमाजरा कंपनी के निदेशक हैं। ईडी ने बयान में कहा कि मलेरकोटला में स्थित संपत्ति तारा कॉरपोरेशन लिमिटेड से जुड़ी है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतिम आदेश जारी कर संपत्ति को अटैच किया गया है।


### बेटियों की तरह अब बेटों को भी मिलेगा महालक्ष्मी सुरक्षा कवच

**देहरादून।** उत्तराखंड में बेटियों की तरह अब बेटों को भी महालक्ष्मी सुरक्षा कवच मिलेगा। बेटा हो या बेटी पहले दो बच्चों के जन्म पर इस योजना का लाभ दिया जाएगा। धामी कैबिनेट में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है प्रदेश में 17 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना शुरू की गई थी। प्रसव के बाद माता,कन्या शिशु के पोषण, अतिरिक्त देखभाल और लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से योजना को शुरू किया गया था, लेकिन अब सरकार की ओर से बेटियों की तरह बेटों के जन्म पर भी योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बेटा हो या बेटी पहले दो प्रसव पर योजना का लाभ दिया

### गुजरात के स्कूली पाठ्यक्रम में 'भगवद गीता' शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में 'भगवद गीता' पर एक पाठ्यपुस्तक लॉन्च की है। इस पाठ्यपुस्तक को अगले शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। गुजरात के शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल्ल पंशेरिया ने शुक्रवार को कहा कि यह निर्णय तीन साल पहले केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है। पंशेरिया ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में 'श्रीमद भगवद गीता' के आध्यात्मिक सिद्धांतों और मूल्यों को एक पूरक पाठ्यपुस्तक के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के लिए, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का आभार व्यक्त करते हुए, गुजरात के शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस कदम से, छात्रों में गर्व की भावना विकसित होगी और भारत की समृद्ध, प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपराओं के साथ एक मजबूत संबंध विकसित होगा।

# खूबसूरत वादियों के बीच पर्यटन स्थलों में मनाएं नए साल का जश्न



**एजेंसी। शिमला**

नववर्ष के जश्न के लिए हिमाचल प्रदेश तैयार है। वहीं, नए साल पर यदि बर्फबारी होती है तो जश्न दोगुना हो जाएगा। नए साल के इस्तकबाल के लिए सैलानियों के मनोरंजन के लिए यहां खास बंदोबस्त किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों तथा निजी होटलों में 31 दिसंबर की रात स्पेशल न्यू ईयर पार्टी का आयोजन होता है। क्रिसमस और न्यू इयर के मौके पर सैलानी और स्थानीय लोग एचपीटीडीसी के होटलों में लाइव म्यूजिक के साथ डाइन एंड डांस का लुत्फ उठा सकेंगे। निगम के होटलों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। गाला नाइट्स में कपल और बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिताएं, मनोरंजक गतिविधियां आयोजित होंगी। मनाली क्वीन, भागसू क्वीन के अलावा होटल स्तर पर बेस्ट डांसिंग कपल का चयन कर आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। सैलानियों को हिमाचली, भारतीय और विदेशी व्यंजन परोसे जाएंगे। क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए द पैलेस चायल, हॉली डे होम, होटल पाइनवुड बडोग, मनाली कॉम्प्लेक्स, धर्मशाला कॉम्प्लेक्स, होटल टी बड पालमपुर, होटल मणिमहेश डलहोजी और न्यू रोस कॉमन कसौली में खास बंदोबस्त किए गए हैं। न्यू ईयर पर हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर नवविवाहित जोड़ों की खूब रौनक रहेगी। हिमाचल के पर्यटन स्थलों में हो रही एडवांस बुकिंग में 50 फीसदी कमरे हनीमून कपल बुक करवा रहे हैं। होटल संचालकों और ट्रैवल एजेंसियों ने भी हनीमून कपल के लिए आकर्षक पैकेज जारी किए हैं। नवंबर में देश भर में 6 लाख से अधिक शादियां हुई हैं। हनीमून के लिए नवविवाहित जोड़ों की पहली पसंद शिमला और मनाली रहते हैं। हनीमून कपल के लिए होटल में ठहराव, खाने-पीने, घूमने और ट्रांसपोर्टेशन के लिए शिमला पैकेज, मनाली पैकेज और कोम्बो पैकेज जारी किए हैं। पैकेज में दिल्ली, चंडीगढ़ और कालका से वोल्वो में कपल शिमला और मनाली पहुंचेंगे। बस स्टैंड पर टैक्सी लेने आएगी और होटल छोड़ेगी। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा लोकल साइट सीन और टूर खत्म होने के बाद वोल्वो में वापसी की सुविधा दी जा रही है। होटलों की ओर से एक्स्ट्रा सर्विस के तौर पर हनीमून कपल को रूम फ्लावर डेकोरेशन, स्पेशल हनीमून केक, रेड वाइन ऑफर की जा रही है।

## मौसम ने बदली करवट, ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी शुरू




**रोहतांग।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश के जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति की चोटियों पर शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई है। रोहतांग दर्रा के साथ, बारालाचा, कुंजम दर्रा सहित ऊंची चोटियों में सुबह से बर्फबारी का दौर जारी रहा। अटल टनल के साउथ पोर्टल में भी बर्फबारी दर्ज की गई है। अटल टनल पहुंचे सैलानी आसमान से बर्फ के फाहे गिरते देख खुशी में झूम उठे। इस दौरान सैलानियों ने बर्फबारी को अपने मोबाइल में कैद किया। साथ ही बर्फ में खूब अठखेलियां कीं। वहीं, मौसम में आए इस बदलाव से पूरी घाटी शीतलहर की चपेट में आ गई है। तापमान शून्य तक पहुंचने से पेयजल स्कीमों के साथ नदी-नाले भी जम गए हैं। क्रिसमस से पूर्व हो रही बर्फबारी से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। खराब मौसम के बीच भी शनिवार को सैलानी अटल टनल, कोकसर तथा सिस्सू में पर्यटक पहुंचे हैं। वहीं, राजधानी शिमला व आसपास भागों में भी आज सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में आज बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। राज्य क सभी भागों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.8, सुंदरनगर 5.1, भुंतर 5.5, कल्पा 3.5, धर्मशाला 9.2, ऊना 6.8, नाहन 9.4, केलांग 0.4, पालमपुर 5.5, सोलन 2.2, कांगड़ा 9.3, मंडी 5.4, चंबा 8.1, डलहौजी 9.0, जुब्बड़हट्टी 8.5, कुफरी 7.6, कुकुमसेरी 0.9, नारकंडा 5.9, भरमौर 8.9, रिकांगपिओ 5.9, सेऊबाग 6.6, धौलाकुआं 8.1, बरठीं 6.1, समदो माइनस 0.1, पांवटा साहिब 10.0, सराहन 6.0 और देहरागोपीपुर में 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## श्रीनगर में न्यूनतम तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से ऊपर

**श्रीनगर।** शनिवार को आंशिक बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है, "श्रीनगर शहर में आज न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में यह क्रमशः शून्य से 1.5 और 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 8.8, कारगिल में माइनस 7.4 और द्रास में माइनस 6.9 डिग्री सेल्सियस था। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 10.2, कटरा में 11.2, बटोटे में 8.5, भद्रवाह में 7.4 और बनिहाल में 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे स्थानीय रूप से 'चिल्लई कलां' के नाम से जाना जाता है।

### तामिलनाडु के तूतुक्कुडि जिले में राहत कार्य जारी

## एनडीआरएफ मौके पर पहुंची




**एजेंसी। तामिलनाडु**

तामिल नाडु में अत्यधिक बारिश के कारण आई बाढ़ में तूतुक्कुडि-पलायमगोट्टई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एंटोनियारपुरम के पास एक पुल टूट गया, जबकि तूतुक्कुडि-तिरुचेंदूर मार्ग पर एराल और अट्टूर में भी पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। तमिलनाडु में बारिश से प्रभावित तटीय जिले तूतुक्कुडि में राहत कार्य जारी है और इस दौरान पुलिस के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम ने शनिवार को एसआईपीसीओटी औद्योगिक क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। एनडीआरएफ की टीम ने एसआईपीसीओटी पुलिस के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित महिलाओं और बच्चों को नौका से सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया। तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना ने आज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया।

### जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष से हटाए जाएंगे ललन सिंह

## नीतीश खुद संभाल सकते हैं कमान



**एजेंसी। पटना**

नीतीश को उनके करीबी विश्वासपात्रों ने सलाह दी है कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष का पद संभालना चाहिए क्योंकि इससे पार्टी के भीतर किसी भी तरह की कलह से बचने में मदद मिलेगी, जो अन्यथा ललन सिंह की जगह किसी नए चेहरे के कारण शुरू हो सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख के पद से हटा सकते हैं। यह फैसला 29 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान लिए जाने की संभावना है। कयासों के बीच सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार खुद पार्टी प्रमुख का पद संभाल सकते हैं। यह भी समझा जाता है कि नीतीश को उनके करीबी विश्वासपात्रों ने सलाह दी है कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष का पद संभालना चाहिए क्योंकि इससे पार्टी के भीतर किसी भी तरह की कलह से बचने में मदद मिलेगी, जो अन्यथा ललन सिंह की जगह किसी नए चेहरे के कारण शुरू हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ललन सिंह के कामकाज के तरीके और खासकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ उनकी बढ़ती नजदीकियों को लेकर नाराज हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि ललन सिंह 2024 का लोकसभा चुनाव फिर से मुंगेर से लड़ने के इच्छुक हैं और वह राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि नीतीश अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इंडिया ब्लॉक भागीदारों के साथ अच्छा समन्वय करने में विफलता के कारण ललन सिंह से भी नाराज थे। इस बीच, इंडिया ब्लॉक की हालिया बैठक में नीतीश कुमार ने जनवरी तक सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा 19 दिसंबर को दिल्ली में कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए थे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को जानकारी दी और कहा कि नीतीश कुमार ने विचार व्यक्त किया कि सीट बंटवारा जनवरी तक पूरा हो जाना चाहिए।

### श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन विस्फोट कांड में जौनपुर की अदालत ने दो लोगों को दोषी ठहराया

**जौनपुर।** विस्फोट को अंजाम देने के लिए आरडीएक्स का उपयोग कर बम डिब्बे के शौचालय में रखा गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि जौनपुर में दो युवक सफेद सूटकेस के साथ ट्रेन में चढ़े थे। जौनपुर की स्थानीय अदालत ने श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन विस्फोट कांड में दो लोगों को दोषी ठहराया है। जुलाई 2005 में हुए विस्फोट में 14 लोगों की जान चली गई थी। जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र मौर्य ने शनिवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार राय ने इस मामले में दो आरोपियों नफीकुल विश्वास और हिलाल को दोषी ठहराया। मौर्य ने कहा कि अदालत मामले में दो जनवरी, 2024 को सजा सुनाएगी। मौर्य ने बताया कि वर्ष 2005 में 28 जुलाई को शाम लगभग पांच बजे पटना से नयी दिल्ली जाते समय श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही हरपालगंज रेलवे स्टेशन पार करते हुए हरिहरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची कि उसी समय ट्रेन में भीषण विस्फोट हो गया।

### मोबाइल टावर के उपकरण चुराकर चीन में बेचने वाले गैंग के 10 गिरफ्तार

## कई टेक्नीशियन और कबाड़ी भी शामिल



**एजेंसी। गाजियाबाद**

गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गैंग के 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गैंग टावर से कीमती डिवाइस चुराता था और उन्हें मद्रास के रास्ते चीन में बेचता था। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद के मुताबिक पकड़े गए आरोपी कन्हैया, रवि, कपिल, करण, कोमल, वसीम, आसिफ, शहबाज, इजराइल और शाहरुख हैं। सभी आरोपी ग्रेटर नोएडा में जेवर और गाजियाबाद में मुरादनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनसे जियो और एयरटेल कंपनी के 5 रेडियो रिसीवर यूनिट, 8 बैटरियां, सेल कवर, लोहे के कवर और चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। इजराइल, कन्हैया, रवि, करण, कोमल और कपिल मोबाइल टावर कंपनियों में टैक्नीशियन का काम करते हैं। वो पहले ऐसा मोबाइल टावर चुनते हैं, जहां सुरक्षा कम रहती है। इसके बाद पूरा गैंग वहां धावा बोलता है और कीमती उपकरण चुरा लेता है। ये उपकरण आसिफ, वसीम और शाहबाज कबाड़ी को कम दाम पर बेच दिए जाते हैं। ये कबाड़ी चोरी का सामान थोड़ा ज्यादा रेट पर दिल्ली के मुस्तफाबाद में दूसरे कबाड़ियों को बेच देते हैं। दिल्ली से इस सामान को मद्रास पहुंचाया जाता है, जहां से इसे चीन में बेच दिया जाता है। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मोबाइल टावरों में चीन के उपकरण ही प्रयुक्त होते हैं। इसलिए ये उपकरण पुनः चीन में महंगे दाम पर बेच दिए जाते हैं। पुलिस को इस गैंग के कई और लोगों की जानकारी हुई है, उन्हें भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा के नाम हो रहा है फर्जीवाड़ा विहिप ने लोगों को चेताया

**नई दिल्ली।** अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है। इसे लेकर हर तरह से प्रचार-प्रसार भी हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का प्रयास है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल कर इसे एक बड़ा कार्यक्रम बनाया जाए। लेकिन इसी के साथ राम मंदिर के नाम पर एक बड़ा फ्रॉड भी सामने आ गया है। कुछ लोग राम मंदिर निर्माण के नाम पर पर्चा छापकर लोगों से चंदा वसूल रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा है कि राम मंदिर निर्माण के नाम पर कोई चंदा नहीं लिया जा रहा है। यह पूरी तरह फ्रॉड है और लोग इससे सावधान रहें। यदि कोई व्यक्ति राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा ले रहा है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विहिप के नेताओं के संज्ञान में यह विषय लाया जिसके बाद संगठन को इस पर प्रतिक्रिया देनी पड़ी है।

## नीतीश कुमार ने शर्मसार किया : पूर्व डिप्टी सीएम



**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि पशु मेला में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सार्वजनिक रूप से सरकारी कार्यक्रम में सोमा चक्रवर्ती के साथ जो व्यवहार किया वह कहीं से सही नहीं है। उनके व्यवहार ने अत्यंत शर्मसार कर दिया है। इससे पहले भी विधानमंडल के भीतर प्रजनन दर को लेकर मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया और हाथ का इशारा करते हुए उन्होंने जिस बात की चर्चा की, उसे महिलाएं काफी अपमानित महसूस कर रही थीं। रेणु देवी ने कहा कि इतना ही नहीं दो साल पहले भी विधायक निकी हेंब्रम को बहुत ही सुंदर मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था। उसको लेकर महिलाओं के प्रति मुख्यमंत्री का व्यवहार सामने आया। सोमा चक्रवर्ती के साथ मुख्यमंत्री ने जो किया वह छेड़खानी करना हुआ। सार्वजनिक मंच पर किसी के कंधे पर मत रखना किसी की चेहरे के इतने करीब जाकर कुछ बोलना यह कहां तक उचित है। भाजपा की वरीय नेत्री ने आरोप लगाया कि महागठबंधन में जाते ही नीतीश कुमार की दिमागी स्थिति गड़बड़ा गई है। ईडी गठबंधन में हम सब कुछ मन चले थे लेकिन आपको नया माल मिला आराम मानसिक तौर पर नीतीश कुमार बीमार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री से अपील है कि वह बिहार और बिहारी को अपमानित न करें। महिलाओं की जो पीड़ा है वह सामने दिखाई पड़ रही है।

# दयानिधि मारन का विवादित बयान उत्तर भारतीय तमिलनाडु में साफ करते हैं टॉयलेट



**एजेंसी। चेन्नई**

डीएमके सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान उत्तर भारत के राज्यों को गौमूत्र राज्य बताया था। इस बीच उत्तर भारतीयों को लेकर डीएमके के एक और नेता दयानिधि मारन के भी बोल बिगड़ते हुए नजर आ रहे हैं। मारन ने हिंदी पट्टी के राज्यों बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों को लेकर एक बार फिर विवादित बयान देकर राजनीतिक बहस का मुद्दा खड़ा कर दिया है। मारन ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग जो केवल हिंदी सीखते हैं वो निर्माण कार्यों के लिए तमिलनाडु चले जाते हैं। वह सड़कों और शौचालयों की सफाई जैसे छोटे-मोटे काम करते हैं। मारन ने इसका उदाहरण सिर्फ इसलिए दिया कि यह हिंदी सीखने के परिणामों को दर्शाता है। डीएमके सुप्रीमो एमके स्टालिन की हिदायत के बाद भी इस तरह के बयान आने से उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच भाषायी मुद्दा एक बार फिर गरम हो सकता है।

### चुनाव का समय आ गया है और यूपी में जाति का मामला एक बार फिर गरमा गया है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दल जाति के नेताओं को लुभा रहे हैं और 2017 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए बेधड़क जाति और उपजाति सम्मेलनों का आयोजन कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा को चुनावी प्रक्रिया में कोई भूमिका निभाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अब तक हिंदुत्व को अपनी प्राथमिकता सूची में रखने वाली भाजपा भी ओबीसी वर्ग की उपजातियों को लुभाने में लगी है। पार्टी को स्पष्ट रूप से लगता है कि सामान्य तौर पर हिंदुओं की बात करने से चुनावों में पर्याप्त संख्या नहीं मिल सकती है और इसलिए विशिष्ट जाति समूहों को सामूहिक रूप से और साथ ही अलग से ध्यान देने की आवश्यकता है। हाल के दिनों में, भाजपा अपने ओबीसी नेताओं के नेतृत्व में लखनऊ में उप-जाति सम्मेलन आयोजित कर रही है, इसमें उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य भी शामिल हैं, जो खुद एक ओबीसी हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ओबीसी के नए स्वयंभू नेता हैं और भाजपा के लिए पिछड़ा समर्थन जुटाने के लिए भी जोर लगा रहे हैं।

### माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार गिरफ्तार, 100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति का आरोप

**मेरठ (उप्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने माफिया एवं दिवंगत पूर्व सांसद अतीक अहमद के मेरठ निवासी एक रिश्तेदार कमर अहमद काजमी को फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी ई-वे बिल के जरिये 100 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की क्षति पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि एसटीएफ ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के मामले में मेरठ निवासी कारोबारी कमर अहमद काजमी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। मेरठ विकास प्राधिकरण का पूर्व जन सम्पर्क अधिकारी काजमी माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार है। सिंह ने बताया कि लखनऊ और मेरठ एसटीएफ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। कमर अहमद काजमी पर फर्जी ई-वे बिल बनाकर 100 करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी चोरी करने का आरोप है।

## विदिशा के मिशनरी स्कूल में जय श्रीराम कहने पर छात्र की पिटाई



**एजेंसी। विदिशा**

जिले में गंजबसौदा के एक मिशनरी स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाने पर हुए विवाद की जांच राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने की है। इस जांच के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। दरअसल, गंजबसौदा की मिशनरी स्कूल भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाने पर एक बच्चे की पिटाई के आरोप लगे थे। इस मामले की जांच के लिए, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम गंजबसौदा पहुंची। बाल आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो यहां खुद पहुंचे थे। चाइल्ड लाइन टीम, स्थानीय प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी भी पहुंचे राष्ट्रीय बाल आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया, इस मामले में हमें शिकायत मिली थी।आयोग की टीम मामले की सुनवाई के लिए यहां पहुंची थी। उन्होंने बताया कि जय श्री राम के नारे लगाने के मामले में स्कूल पर लगे आरोप सही पाए गए हैं। एफआईआर दर्ज करने के निर्देश बासौदा पुलिस को दिए हैं।

# हार्दिक के खेलने पर संशय, चोटिल सूर्या अफगान सीरीज से हो सकते हैं बाहर

**एजेंसी। मुंबई**



अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से टी-20 की घरेलू सीरीज शुरू हो रही है। इसमें चोटिल सूर्य कुमार यादव नहीं खेलेंगे। सूर्या कुमार साउथ अफ्रीका दौरे पर टखने में चोट लग गई थी। अब न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अफगानिस्तान सीरीज में उनके चोट से उबरने की संभावना कम है। सूर्य कुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं। वहीं वर्ल्ड कप में चोटिल होकर बाहर हार्दिक के

## हार्दिक पंड्या के खेलने पर भी संशय





हार्दिक वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे। मैच के 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर उनका टखना मुड़ गया था। वह क्रीज पर ही बैठ गए थे। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए थे। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था। एजेंसी के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि हार्दिक के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले ठीक होने की संभावना कम है। हालांकि, उनके चोट को लेकर इउअकर्की ओर से अभी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

खेलने पर भी संशय है और ईशान किशन सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। **अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जानी है :** अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है। **सूर्या की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया :** साउथ अफ्रीका दौरे से पहले और वनडे वर्ल्ड कप के बाद सूर्या ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी करते हुए भारत को सीरीज को सीरीज में जीत दिलाई थी। **जितेश शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ विकेटकीपिंग करेंगे :** साउथ अफ्रीका दौरे को बीच में निजी कारणों से छोड़ने वाले विकेटकीपर ईशान किशन के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। साउथ अफ्रीका दौरे पर ईशान टी-20 और टेस्ट टीम का हिस्सा थे। ईशान ने टी-20 के बाद निजी कारणों से दो टेस्ट मैचों की सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। माना जा रहा है कि ईशान एक साल से टीम के साथ घर से बाहर रहे हैं। ऐसे में वह कुछ दिनों क्रिकेट से दूर रहकर अपने को मानसिक रूप से मजबूत करना चाह रहे हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ जितेश शर्मा टी-20 सीरीज में टीम में शामिल हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व टेस्ट कप्तान डीन एल्गर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है। एल्गर भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज खेलकर करियर का अंत करेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज 26 दिसंबर से शुरू होगी।

# भारत ने पहली पारी में बनाए 406 रन, मिली 187 रनों की बढ़त

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की महिलाओं की पहली पारी तीसरी सुबह 36 मिनट तक चली, जिसमें उन्होंने अपने रात के स्कोर में 30 रन जोड़े और शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं पर 187 रनों की कुल बढ़त के साथ 406 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही भारत ने पहली बार महिला टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 400 रन बनाए, और 2021 में गोल्ड कोस्ट के कैरारा स्टेडियम में 377/8 पारी घोषित के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर लिया। भारतीय पारी कुल मिलाकर 7.5 ओवर तक चली। रात के 376/7 के स्कोर से शुरुआत करते हुए, भारत की उम्मीदें दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर पर टिकी थीं, जो अधिक से अधिक रन जोड़ सकें ताकि वे 200 रनों की बढ़त के मनोवैज्ञानिक आंकड़े से कम से कम आगे बढ़ सकें। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई एक योजना के साथ सामने आए, उनके अनुभवी तेज गेंदबाज किम गार्थ और एनाबेल सदरलैंड ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए शॉर्ट-पिच गेंदों का इस्तेमाल किया। वस्त्रकर ने 123वें ओवर में सदरलैंड पर बैक-टू-बैक बाउंड्री लगाई।

# शुक्ला दत्ता बनीं महिला अंडर 19 फुटबॉल टीम की मुख्य कोच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को भारत की पूर्व महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को भारत की अंडर-19 महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया, श्रद्धांजलि सामंतराय को सहायक कोच और लूरेम्बम रोनिबाला चानू को फरवरी में सैफ चैंपियनशिप के लिए गोलकीपर कोच नियुक्त किया। यह निर्णय एआईएफएफ की तकनीकी समिति द्वारा लिया गया, जिसने अंडर19 महिला टीम के लिए कोचिंग स्टाफ के चयन को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को वर्चुअल बैठक की। बैठक की अध्यक्षता भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने की इसमें एआईएफएफ के महासचिव सत्यनारायण एम, मनोरंजन भट्टाचार्य, सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस, यूजीनसन लिंगदोह और तकनीकी निदेशक सैयद साबिर शामिल हुए। व्यापक विचार-विमर्श के बाद, समिति ने शुक्ला दत्ता को भारतीय अंडर19 महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।

## एनएसएस के अवार्डी को खेलमंत्री ने किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा दो दिवसीय युवा उत्सव आर्यभट्ट एवं आड्रे हाउस के सभागार में आयोजित किया गया। उत्सव में झारखंड के 24 जिलों से विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी, एवं थीमेटिक से चयनित कुल 720 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के युवा एवं एनएसएस के अवार्डी को झारखंड के खेलकूद एवं युवाकार्य मंत्री हफीजुल हसन द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले युवाओं में राष्ट्रीय युवा अवार्डी अंकित कुमार पाण्डेय(दुमका) और आलोक कुमार चौधरी (गढ़वा), राष्ट्रीय एनएसएस अवार्डी में फलक फातिमा, जतिन कुमार, प्रशांत कुमार, अंकित कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार साव, अनामिका गोप, अभिषेक रंजन, डॉ सरिता सिंह और डॉ ओमप्रकाश पाण्डेय सहित अन्य विजेता शामिल है।

## जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का वार्षिक महा खेल उत्सव 'परवाज - 2023'

**रांची।** विगत दो दिन से मेकॉन स्टेडियम, श्यामली में चले रहे जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का वार्षिक महा खेल उत्सव 'परवाज - 2023' का तीसरा दिन लंबी रेस प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह के नाम रहा। 1500 मीटर रेस में जूनियर बालिका और बालक समूह में तिलक सदन की सुहीना सिंह और टैगोर सदन के प्रखर भारती प्रथम स्थान पर रहे। वहीं सीनियर बालिका और बालक वर्ग में राजेंद्र सदन की बबिता मुंडा और टैगोर सदन के प्रांजल सिन्हा ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी। 3000 मीटर ओपन दौड़ में टैगोर के प्रांजल सिन्हा, प्रखर भारती क्रमश: प्रथम और द्वितीय तथा दयानंद सदन के वैभव कुमार गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। वहीं भाला फेंक में टैगोर सदन वेदांश गौरव ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 47.28 मीटर भाला फेंक कर कीर्तिमान रचा। पुरुष शिक्षकों की 100 मीटर की दौड़ और महिला शिक्षिकाओं की म्यूजिकल राउंड ने खेल मैदान में समाँ बाँध लिया। कर छात्रों ने मानो आसमान सिर पर उठा लिया हो।

## बीएस कॉलेज ने एसएस मेमोरियल कॉलेज को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा



**लोहरदगा।** रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीएस कॉलेज लोहरदगा ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को हरा कर चैंपियनशिप जीत ली। बी एस कॉलेज लोहरदगा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल सम्पन्न हुआ जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। एसएस मेमोरियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 167 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। सुशांत सिंह ने 57 और प्रियांशु ने 28 रनों का योगदान दिया, और बी एस कॉलेज के गेंदबाज मयंक ने 3 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए बी एस कॉलेज ने अच्छी बल्लेबाजी की और 33.2 ओवर में 4 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। बी एस कॉलेज के सुमित ने नाबाद 79 और आर्यन ने 33 रनों का योगदान किया। एसएस मेमोरियल के अभिषेक को दो विकेट मिले। सुमित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुमित को ही मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया। रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान किया।

# हॉकी प्रशंसकों का समर्थन और ऊर्जा जबरदस्त है : सलीमा टेटे

**एजेंसी। रांची**



भारतीय महिला हॉकी टीम की शीर्ष मिडफील्डर सलीमा टेटे को लगता है कि रांची लौटना हार्दिक घर वापसी जैसा है, क्योंकि टीम आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड की राजधानी में विजयी वापसी के लिए तैयार है जो 13 से 19 जनवरी, 202 तक आयोजित होने वाला है। प्रतिष्ठित 2024 पेरिस ओलंपिक में स्थान पाने के लिए टीम की तलाश तेज हो गई है क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर अपना कौशल दिखाने की तैयारी कर रहे हैं। शीर्ष मिडफील्डर, सलीमा टेटे, जो अपने उच्च गेमप्ले के लिए जानी जाती हैं, रांची में खेलने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि टीम परिचित मैदान पर रोमांचक मैचों के लिए तैयार है। झारखंड के दिल से आने वाली, टेटे में न केवल खेल के प्रति अपार जुनून है, बल्कि अपने नायकों के प्रति समर्पित राष्ट्र की आकांक्षाएं भी हैं। रांची में वापसी टीम के लिए विशेष महत्व रखती है, जिसने पहले अपने कौशल और दृढ़ संकल्प के प्रदर्शन में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 जीती थी। उनका लक्ष्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराना है। इसके अतिरिक्त, यह घर वापसी भारतीय हॉकी प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वे ओलंपिक योग्यता यात्रा के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर अपनी प्रिय टीम के पीछे रैली करते हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई दौरे से बाहर हुए पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली अपेंडिसाइटिस से पीड़ित होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गए हैं। शनिवार को जारी पीसीबी विज्ञप्ति में कहा गया, नोमान अली ने कल अचानक गंभीर पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद आपातकालीन जांच और स्कैन किए गए, जिसमें तीव्र एपेंडिसाइटिस की पुष्टि हुई। सर्जन की सलाह पर, आज सुबह उनकी लैप्रोस्कोपिक अपेंडेक्टोमी की गई। सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। नोमान अली के चोटिल होने के कारण पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण और कमजोर हो गया है, टीम में केवल एक फिट फ्रंटलाइन स्पिनर साजिद खान हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रमुख स्पिनर अबरार अहमद के दौरे के मैच में चोट लगने के बाद साजिद खुद ही आए थे। पर्थ टेस्ट में पाकिस्तानी टीम फ्रंटलाइन स्पिनर के बिना खेली।

## पाकिस्तान को शाहीन अफरीदी से चाहिए थोड़ा और प्रयास : वॉन

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी के अगुआ शाहीन शाह आफरीदी से और अधिक प्रयास देखना चाहते हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी अधिक तेज गेंदबाजी करने की जरूरत है। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शाहीन ने 45.2 ओवरों में 2/172 के मैच आंकड़े बनाए, क्योंकि पाकिस्तान 360 रनों से हार गया। वॉन को यह भी लगता है कि अगर पाकिस्तान ने गेंद से संघर्ष नहीं दिखाया तो पर्थ का खराब प्रदर्शन मेलबर्न और सिडनी में आने वाले टेस्ट में दोहराया जा सकता है।

## व्यापार

# बैंकों को बड़े दिवालिया मामलों की हर महीने समीक्षा का निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों को हर महीने शीर्ष 20 दिवालिया मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने दिवालिया मामलों की समीक्षा के लिए कहा है क्योंकि दिवालिया अदालतों में मामलों को स्वीकार करने में देरी होती है। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) के कामकाज की भी समीक्षा करेंगी क्योंकि फँसे कर्ज की वसूली में देरी हो रही है। सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एनएआरसीएल प्रबंधन के साथ बैठक बुलाई थी। एनएआरसीएल की स्थापना वाणिज्यिक बैंकों की तनावग्रस्त संपत्तियों को संभालने और उनका निपटान करने के लिए की गई थी ताकि उनके बही-खाते साफ हो जाएं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक धन उपलब्ध हो सके। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पिछले सप्ताह संसद को सूचित किया कि नवंबर 2024 तक एनएआरसीएल ने सितंबर 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्धारित दो लाख करोड़ रुपये के मूल लक्ष्य के मुकाबले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 11,617 करोड़ रुपये के फंसे हुए ऋण का अधिग्रहण किया है। मंत्रालय ने कहा, एनएआरसीएल द्वारा अधिग्रहित कुछ खाते आईबीसी के तहत हैं और एनसीएलएटी द्वारा समाधान योजना को मंजूरी मिलने के बाद ही वसूली संभव है। इस प्रकार, शेष खातों में एनएआरसीएल ने 30 नवंबर 2023 तक केवल 16.64 करोड़ रुपये की वसूली की है।

## निफ्टी 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। निफ्टी शुक्रवार को सकारात्मक नोट पर बंद हुआ, जबकि अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। शुक्रवार को निफ्टी 94.40 अंक या 0.44 प्रतिशत ऊपर 21,349.40 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 241.86 अंक या 0.34 प्रतिशत ऊपर 71,106.96 पर बंद हुआ। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा है कि निफ्टी रियल्टी और निफ्टी आईटी 2.55 प्रतिशत और 2.27 प्रतिशत ऊपर रहे -- ये दो सेक्टर जिन्होंने शुक्रवार को बेहतर प्रदर्शन किया। चूंकि अधिकांश भारतीय आईटी कंपनियों के पास विदेशी ग्राहक हैं और यूएस फेड द्वारा दर में कटौती की उम्मीद के चलते इन ग्राहकों से नए ऑर्डर में वृद्धि हो सकती है। इसलिए आईटी उद्योग भविष्य में दर में कटौती की संभावना को लेकर आशावादी है। कई फार्मास्यूटिकल और डायग्नोस्टिक कंपनियों के स्टॉक में शुक्रवार को तेजी देखी गई, जो 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# एप्पल न्यूज पब्लिशर्स के साथ 50 मिलियन डॉलर के सौदे पर कर रहा विचार

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**



एप्पल अपने जेनरेटिव एआई सिस्टम को ट्रेन करने में मदद के लिए अपने आर्टिकल्स का इस्तेमाल करने के लिए कुछ टॉप न्यूज पब्लिशर्स के संपर्क में है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, टेक जायंट स्पष्ट रूप से कम से कम 50 मिलियन डॉलर के मल्टीईयर डील्स पर चर्चा कर रहा है और कोंडे नास्ट, एनबीसी न्यूज और आईएसी (जो पीपल, द डेली बीस्ट और बेटर होम्स एंड गार्डन्स का मालिक है) जैसे पब्लिकेशन के संपर्क में है। चर्चा से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है, एप्पल ने हाल के हफ्तों में मेजर न्यूज और पब्लिशिंग ऑर्गनाइजेशन के साथ बातचीत शुरू की है, जिसमें कंपनी के जेनेरिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के डेवलपमेंट में उनके कंटेंट का उपयोग करने की अनुमति मांगी गई है। कुछ न्यूज एग्जीक्यूटिव आशावादी थे कि एप्पल का दृष्टिकोण अंततः एक सार्थक साझेदारी को जन्म दे सकता है। आईफोन निर्माता स्पष्ट रूप से न्यूज और जनरेटिव एआई के लिए अपनी योजनाओं के बारे में अस्पष्ट रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, एप्पल एआई के पब्लिक डिस्कशन से अनुपस्थित रहा है। इसका वर्चुअल असिस्टेंट, सिरी, अपनी रिलीज के बाद से एक दशक में काफी हद तक स्थिर रहा है।

**एप्पल ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया :** इस महीने की शुरुआत में, एप्पल की मशीन लर्निंग रिसर्च टीम ने अपने सिलिकॉन चिप्स पर चलने के लिए डिजाइन किए गए फ्रेमवर्क और मॉडल लाइब्रेरी जारी की।

# चालू वित्त वर्ष में कोयले का आयात 44 प्रतिशत तक घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ब्लेंडिंग के लिए भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान 44.28 प्रतिशत घटकर 15.16 मिलियन टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 27.21 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली का उत्पादन बढ़ने के बावजूद कोयले का आयात घटा है। मंत्रालय ने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के बावजूद कोयले के आयात में गिरावट कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता और समग्र कोयला आयात को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश में पर्याप्त कोयला है, लेकिन स्वदेशी स्टॉक के कैलोरी मान में सुधार करने और थर्मल पावर प्लांटों में उत्सर्जन को कम करने के लिए मिश्रण के लिए ईंधन का आयात भी किया जाता है। लगभग 4.7 प्रतिशत की वार्षिक बिजली मांग में वृद्धि के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। देश में अप्रैल से नवंबर 2023 तक बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.71 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोरोना काल के बाद पूर्ण वाणिज्यिक गतिविधियाँ फिर से शुरू होना है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि नवंबर 2023 तक घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 779.1 बिलियन यूनिट (बीयू) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पन्न 718.83 बिलियन यूनिट (बीयू) से 8.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# महंगाई पर पैनी नजर रख रही है मौद्रिक नीति समिति

**एजेंसी। मुंबई**



रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के दिसंबर की बैठक के ब्योरे में खाद्य कीमतों पर अनिश्चितता से उत्पन्न मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिम पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। बैठक के शुक्रवार को जारी विवरण के अनुसार, एमपीसी सदस्य शशांक भिड़े ने खाद्य मुद्रास्फीति पर चिंता व्यक्त की जो छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मानसून के मौसम के दौरान प्रतिकूल वर्षा की स्थिति के प्रभाव के कारण कुछ मुख्य फसलों की पैदावार कम रहने की आशंका है जिसका असर खाद्य मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। एमपीसी बैठक के विवरण में कहा गया है कि अल्पावधि में मुद्रास्फीति पैटर्न को प्रभावित करने वाले कारकों की एक श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए ओवरऑल मुद्रास्फीति 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही में क्रमश: में 5.6 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत तथा 2024-25 की पहली तिमाही में 5.2 प्रतिशत अनुमानित है। इसके बाद दूसरी तिमाही में इसके चार प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 4.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत बढ़ी, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है। आरबीआई के अधिकारी राजीव रंजन के अनुसार, विकास के मोर्चे पर, अर्थव्यवस्था पूरी गति से चल रही है और मौद्रिक नीति इस उच्च विकास प्रक्षेपवक्र का समर्थन करने का सबसे अच्छा तरीका मूल्य स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखना है।

## गोदरेज एंड सप्लाई चेन के साथ दे रहा ग्रोथ को रफ्तार

**रांची।** गोदरेज समूह की अग्रणी कंपनी गोदरेज एंड बॉयस तेजी से भारत में अधिक टिकाऊ औद्योगिक ढांचे को आकार दे रही है। गोदरेज एंड बॉयस अपनी वार्षिक खरीद का लगभग 80 प्रतिशत स्थानीय स्तर प्राप्त कर रहा है। इस कोशिश के साथ कंपनी न केवल घरेलू कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है, वहीं रणनीतिक रूप से पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभावों को कम करने में भी अपना योगदान दे रही है। यह प्रयास न केवल कंपनी को अपनी सप्लाई चेन को सुरक्षित करने में मदद करता है, वहीं इसकी मदद से कंपनी को उत्पाद डिजाइन और लागत पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता होती है। गोदरेज एंड बॉयस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज़ुरवान मारोलिया ने ग्लोबल सप्लाई चेन में आ रही अड़चनों के प्रति कंपनी के सक्रिय प्रयासों के बारे में बात करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और महामारी के कारण सप्लाई चेन में रुकावट दुनिया भर के व्यवसायों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण रहा है।

## जिला खेल संचालन समिति की बैठक में खेल के विकास को लेकर लिए गए कई निर्णय



**साहेबगंज।** जिले में खेल के विकास को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव के कार्यालय कक्ष में जिला खेल संचालन समिति की बैठक हुई जिसमें जिले में विभिन्न प्रखंडो में आवासीय एवम डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र (एथलेटिक्स,फुटबॉल, वॉलीबाल, कबड्डी,बैडमिंटन, वुशु, तीरंदाजी इत्यादि) खोलने का निर्णय लिया गया। वहीं सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित बालक आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र में 25 खिलाड़ियों को बढ़ाकर 40 करने का निर्णय लिया गया साथ ही प्रशिक्षण में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने ,सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज के निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का नाम स्वतंत्रता सेनानी फूलो-झानो रखने समेत विभिन्न बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला खेल पदाधिकारी राजेश चौधरी, + 2 उच्च विद्यालय सकरीगली के प्राचार्य राजेश कुमार,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, जिला टूरिज्म स्पेसलिस्ट गौरव प्रिदर्शी, आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच संतोष कुमार प्रसाद,डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच अशोक कुमार साहनी ,जिला खेल कार्यालय कर्मी हेमंत भगत , सुरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## 24वीं झारखंड सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2023 का हुआ रंगारग उद्घाटन

**रांची।** इसके साथ ही झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अगले साल से शुरू होगा सिल्वर जुबली वर्ष के तहत अनेकों कार्यक्रम 24वी सीनियर झारखण्ड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2023 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भोलानाथ सिंह (महासचिव-हॉकी इंडिया), को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, के द्वारा सॉल, बूके , स्मृति चिन्ह एवं अन्य जिलों से आये जिला सचिवो के द्वारा उनको बड़ा माला पहनाकर स्वागत किया गया, इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं रजनीश कुमार तथा अन्य अतिथियो के द्वारा झंडोत्तोलन, बजरंगबली की पूजा, एवं खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उक्त प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस 24वी सीनियर झारखंड कुश्ती प्रतियोगिता के साथ ही अगले साल झारखंड राज्य कुश्ती संघ का सिल्वर जुबली वर्ष में प्रवेश होने के उपलक्ष में झारखंड के हर जिलों में पूरे वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा एवं 25वीं झारखंड सीनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता अपने सिल्वर जुबली वर्ष होने के उपलक्ष में झारखंड सीनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का बहुत ही भव्य रूप से आयोजन कराया जाएगा। यह जानकारी हमारे अभिभावक श्री भोलानाथ सिंह ने दी है।

## सिमरराज और प्रेरणा बने बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में छात्र-छात्राएं विगत तीन दिनों से मैदान में खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। जहाँ हर कोई उत्साह, उमंग, जुनून से अपने सदन को जिताने के तत्पर दिखाई दे रहा था। मेकॉन स्टेडियम में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता परवाज-2023 का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं सचिव सह परिवहन आयुक्त कृपानंद झा ने विद्यालय ध्वज का झंडोत्तोलन और परेड निरीक्षण के साथ किया। जहाँ तिलक, टैगोर, दयानंद और राजेंद्र सदन के छात्रों ने विद्यालय के स्पोर्ट्स कैप्टन रौनक कुमार गुप्ता और प्रेरणा कुमारी की अगुवाई में मार्च पास्ट कर मंच पर बैठे विशिष्ट अतिथि मेकॉन के वित्त निदेशक मुकेश कुमार, वाणिज्य निदेशक संजय कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट निदेशक प्रद्युम्न कुमार दीक्षित और विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्यों को सलामी दी।

## एक नजर

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव निवासी 53 वर्षीय इन्द्रजीत मेहता की मौत रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी। मृतक की पत्नी नगीना देवी ने रांची बारियातू पुलिस के समक्ष दिए फर्द बयान में बताया है कि उनके पति इन्द्रजीत मेहता गत 19 दिसंबर के अहले सुबह चाय दुकान की ओर जा रहे थे। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में छतरपुर व मेदिनीनगर से चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### 100 असहायों में कंबल वितरण

**सतबरवा।** नारायण सेवा समिति के द्वारा शनिवार को हरिजन मोहल्ला, धोबी मोहल्ला व नदी पार बदलाया टोला में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व वृद्ध व्यक्तियों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान नारायण सेवा करने के सम्मान है।

### शिक्षक अभिषेक का मूल्यांकन पद्धति सर्वश्रेष्ठः अंचल अधिकारी

सतबरवा। राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को पीजीटी विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा विद्यालय के मैदान में विज्ञान वर्ग 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए प्री-बोर्ड जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह मूल्यांकन पूर्ण रूप से जैक आधारित था। इसका उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों में विशिष्ट वातावरण का निर्माण कराने के साथ ही शिक्षा के दृष्टिकोण से विद्यार्थियों के अंदर विभिन्न बिंदुओं पर आदर्शवाद स्थापित करना था। उन्होंने बताया कि वार्षिक मूल्यांकन का उद्देश्य वर्ग 12 की परीक्षा फरवरी माह में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिये विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक विकास में आ रही रुकावटों को दूर करना है। निरीक्षण करने पहुंचे सतबरवा प्रखंड अंचलाधिकारी कृष्ण मोहन तिर्की, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, शिक्षक सुशील टोप्पो, रवि रंजन कुमार, दिलीप प्रसाद, नरेंद्र राम, धर्मदीप पाल ने शिक्षक के पहल की सराहना करते हुये इसे सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

### जिप सदस्य ने स्कूल भवन निर्माण का किया शिलान्यास

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ढाब कला गांव में शनिवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के लिए चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने नारियल फोड़कर किया। ज्ञात हो कि 15 वें वित्त आयोग जिला परिषद निधि से भवन निर्माण कराया जाना है।

### विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने किया गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन

# सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी : मिथिलेश



**नवीन मोल संवाददाता। गढ़वा**
जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर के बॉल को खेल कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के लोग खेल को पहचान दिलाने और प्रतिभा को आगे लाने के लिए 22 सालों से निरंतर काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को जो मंच आज उपलब्ध हो रहा है, उसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मंच आज से 40 साल पहले यहां के पूर्व के खिलाड़ियों को मिला होता तो धोनी से पहले देश का प्रतिनिधित्व गढ़वा का खिलाड़ी कर लिया होता। उस समय बलराज, दिनेश, नितेश जैसे खिलाड़ी थे, जो देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी खेल में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, वे लोग कड़ी मेहनत करें साथ ही प्रयास लगातार करते रहें मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि वह लगातार विधानसभा का चुनाव लड़ते रहे, दो बार हार मिला पर निराश नहीं हुए जिसका परिणाम यह है कि दो बार विधानसभा हारने के बाद तीसरी बार में गढ़वा विधानसभा की जनता ने उन्हें आज ही के दिन विधायक बनाया और विधायक बनने के बाद मंत्री भी बन गए, इसलिए लोगों को हार से निराश होने की जरूरत नहीं है, सफलता के लिए प्रयासरत रहना जरूरी है।आयोजन कमेटी को हर संभव मदद करने को तैयार हैं।

डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि आप लोग खेल को कैरियर के रूप में अपनाएं। आज खेल में पैसा के साथ साथ ग्लैमर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अभिभावक बच्चों को लेकर मैदान पहुंच रहे हैं, खिलाड़ियों को भी नई तकनीक को सीखने की आवश्यकता है। संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता एक बड़े आयाम की ओर बढ़ रहा है। उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि 43 साल पहले इसी मैदान में मंत्री के साथ खेला करते थे, आज उन्हें अपने बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते देख कर काफी खुशी हो रही है। सचिव आनंद सिन्हा ने मंत्री और जिला प्रशासन से प्रतियोगिता को नियमित रूप से कराने के लिए मैदान को यथावत बनाए रखने की मांग की ताकि प्रतियोगिता का समय पर समापन किया जा सके। मौके पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र सिंह, खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, राजद के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, नंदकुमार गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा, अशोक दुबे, सियाराम शरण वर्मा, गुड्डु तिवारी, आशुतोष रंजन सिंहा, आलोक सिन्हा, पंकज वर्मा, निखिल, राजू सिन्हा, राजीव रंजन, बिटू, मनोज तिवारी, प्रिंस खान नवनीत कुमार, अभिषेक द्विवेदी, विशाल कुमार आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने किया स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार का भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ अटौला मोड़ पर स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद जवान के परिजनों को फूल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पैर छू कर आशीर्वाद लिया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि हमारे देश की आजादी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या व बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर दिया। जिन्हें हम सभी भुलते जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले में सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानी अटौला गांव के थे। चुनाव जीतने के बाद से ही हमने उनकी याद में यहां तोरण द्वार बनाने का संकल्प किया था, जिसका आज भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द यहां भव्य व आकर्षक तोरण द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसका उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों से ही कराया जाएगा। उन्होंने गढ़वा के पूर्व विधायकों पर तंज करते हुए कहा कि पहले भी गढ़वा के विधायक और मंत्री क्षेत्र में थे, परंतु किसी ने इन्हें याद नहीं किया। उन्होंने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का नाम लिए बगैर कहा कि 10 साल पूर्व यहां तोरण द्वार बनाने के लिए शिलान्यास भी किया गया था, परंतु आज तक निर्माण नहीं कराया गया। मंत्री ने जोर देकर कहा कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। आज विपक्ष के लोग सरकार गिराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं, परंतु उन्हें मुंह की खानी पड़ रही है। वर्तमान झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। साथ ही आगे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा महागठबंधन की ही सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव के समय जात-पात, हिंदू-मुस्लिम कर समाज को बांटकर वोट लेने का काम करती है। मौके पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, उदय नारायण दुबे आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, सुजाता देवी, मीना देवी, धर्मराज भारती, बबलू दुबे, पूर्व मुखिया हरिवंश तिवारी, ऋषि कुमार तिवारी सहित अटौला, चेचरिया तथा खोरीडीह पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्रम मंत्री ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया
राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शनिवार को जिले के सिमरिया प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में 26 दिसम्बर 2023 को होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के आगमन और कार्यक्रम को लेकर की जा रही प्रशासनिक तैयारी व हेलीपैड स्थल समेत अन्य का जायजा लिया। साथ ही कार्यक्रम को लेकर वरीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया नीतू सिंह, समाज सेवी मनोज चंद्रा, शारदा देवी आदि मौजूद थे।

## डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

**गिद्धौर।** जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत शनिवार को गिद्धौर प्रखंड पहुंचकर कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। डीएसओ ने प्रखंड के गिद्धौर में दो व बरियातू में एक पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। बरियातू में धनेश्वरी पीडीएस दुकान के निरीक्षण के क्रम में मात्र 14 प्रतिशत अनाज का वितरण कार्डधारीयों के बीच किया गया मिला और गोदाम में अनाज भी नहीं पाया गया। इस पर तीन दिनों के अंदर 100 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथी ही गिद्धौर के दो पीडीएस दुकान वितरण ठीक पाया गया।

### प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया व पत्थलगड़ा के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

# स्कूली बच्चों को दी गई आईटी सेक्टर की जानकारी




**नवीन मेल सिमरिया/पत्थलगड़ा**
शनिवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय व पत्थलगड़ा प्रखंड के प्लस टू जनता उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया के शैक्षणिक भ्रमण पर हजारीबाग देवांगन चौक स्थित इनोवेशन टैंक पहुंचे। इस विजिट में बच्चों को आईटी सेक्टर की विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं कई छात्राओं को द ग्लैमर स्मार्क ब्यूटी सैलूनएंड एकेडमी का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें ब्यूटीशियन से संबंधित जानकारी दी गई ताकि वे रोजगार से जुड़कर अपना जीविकोपार्जन कर सकें। शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. नितेश कुमार, सतीश प्रसाद, प्रकाश दांगी, मिथलेश सिन्हा, योगेंद्र कुमार, स्वाति कुमारी, ब्रजेश कुमार, बबिता कुमारी, वीएमसी अध्यक्ष रंजित सिंह, अमित कुमार भारती, मीना कुमारी सहित अन्य शामिल थे। वहीं प्रधानाचार्य श्रावण कुमार के निर्देशानुसार प्लस टू जनता उच्च विद्यालय पत्थलगड़ा के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ट्रेड के शिक्षक सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के ट्रेड से संबंधित सभी छात्रों को झारखंड के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर एंव गणेश फैमिली रेस्टोरेंट व रिजॉर्ट भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में बच्चों ने कुछ ऐतिहासिक स्मृतियां एवं पर्यटकों का आवागमन से अवगत हुए। वहीं गणेश फैमिली रेस्टोरेंट में बच्चों ने मेहमान नवाजी का लुफ्त उठाया। शिक्षिक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार दुबे, उदय कुमार कुशवाहा के साथ विद्यार्थी शामिल थे।

# योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभुक



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
सासंग पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया पुष्पा देवी, बीपीओ रतन कुमारी, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टालों पर जाकर अपना-अपना आवेदन जमा करवाया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने ऑन द स्पॉट ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, साइकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी एमओ रामनाथ यादव, झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, सासंग पंसस, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर कुशध्वज कुमार, पंचायत सचिव प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

## सलैया में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों लोग

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के मझिगावां में शनिवार को आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के दूसरे राउंड में विभिन्न विभागों के अलग-अलग 17 स्टॉल लगाए गये। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। सीओ यामुन रविदास तथा मुखिया कमला देवी ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं का आमजनों तक पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में अबुआ आवास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि के भी आवेदन प्राप्त हुये। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा महिला की गोद भराई तथा शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दर्जनों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गयी। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, अमित यादव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव उपस्थित थे।

### पांकी विधायक के साथ सखी मंडल की बहनों को दिया सिलाई मशीन

# नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी पहुंचे नीलांबर-पीतांबरपुर




**नवीन मेल संवाददाता**
**पांकी।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने शनिवार को नीलांबर -पितांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में पांकी विधानसभा के सखी मंडल की बहनों के आजीविका संवर्धन हेतु विधायक मद से सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी सहित विधायक पुष्पा देवी, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुये। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी के आगमन पर विधायक ने उन्हे पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की है। इसी कड़ी में उनके द्वारा पूरे विधानसभा के सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन एवं वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। श्री बावरी ने विधायक के पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि लुटेरी प्रदेश सरकार आम जनता के हक पर डाका डाल रही है। आगामी विधान सभा चुनाव में जनता इसे निश्चित ही बाहर का रास्ता दिखायेगी।

## थाना प्रभारी की पहल पर युवक को मिला खोया फोन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।**
पत्थलगड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी गौतम राणा पिता गोवर्धन राणा के द्वारा ओपो रेना 10 मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित एक आवेदन थाना में दिया गया था।

इसपर थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जांच व खोजबीन शुरू करवाया। थाने के सीसीटीएनएस दिलीप प्रजापति समेत अन्य पदाधिकारीयों को इस मामले में जांच के लिए लगाया गया। थाना प्रभारी के निर्देश के बाद सभी ने खोजबीन प्रारंभ किया और उक्त मोबाइल को सफलतापूर्वक बरामद कर गौतम राणा को थाना बुलाकर वापस सौंप दिया गया। गौतम राणा ने खुशी जाहिर करते हुए थाना के प्रति आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी श्री दास ने कहा कि कोई मामला या कार्य हो रिजल्ट आना चाहिए। थाना क्षेत्र के लोगों कि हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करता रहूंगा।

### नरही पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# 957 आवेदनों का त्वरित निष्पादन, 842 लंबित



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड की नरही पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, मुखिया मनोज ठाकुर, उपमुखिया शारदा पासवान ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कुल 1799 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 957 का त्वरित निष्पादन किया गया। 842 आवेदन लंबित रहे। अबूआ आवास योजना के 770, आयुष्मान कार्ड के 6, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना के 3, मनरेगा के तहत नए कार्य के 20, मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड के 10, बिरसा हरित सिंचाई कूप के 2, राशन कार्ड में संशोधन या नये के 22, बिजली संबंधी समस्या का 1, कंबल वितरण के 19, सर्वजन पेंशन योजना के 34, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 5, आधार पंजीकरण के 8, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 25, पेयजल एवं स्वच्छता के 18, पोर्टल नया पंजीकरण के 6, स्वास्थ्य जांच के 39, आजीविका का 1, एसएचजी आईडी कार्ड के 810 आवेदन प्राप्त हुये।

मौके पर जिपस पति प्रमोद कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, सीएचओ सौम्या कुमारी, एएनएम सोना कुमारी, दिलीप कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, बिरेंद्र सिंह, बाल विकास पर्यवेक्षिका आरती कुमारी, सीआरपी सुबोध कुमार, संजीव कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, प्रकाश कुमार, संजय राम, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, पल्लवी चौबे, एसआरपी अस्तरुन निशा, कृति रॉय, सुनीता कुमारी, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, उषा, ललिता उपस्थित थे।

## सर्वाधिक 594 आवेदन अबुआ आवास के आए

**रमना।** सिलीदाग पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय कुमार, सीओ बासुदेव राय, मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। परिसंपतियों के वितरण के साथ मनरेगा से कूप निर्माण, दीदी बांडी योजना की स्वीकृति दी गई। 1314 लोगों ने विभिन्न स्टॉलों पर आवेदन दिए। इनमें सर्वाधिक 594 आवेदन अबुआ आवास के रहे। मौके पर बीडीसी सीता देवी, कर्णपुरा मुखिया अजित पांडेय, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी, बहियार कला मुखिया सावित्री देवी, टंडवा मुखिया संतोष सिंह, उप मुखिया नेहा सोनी, पंचायत सचिव बिनोद राम, वीरेंची पासवान आदि मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

### एबीपी-सीवोटर सर्वे ...

'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा पार्ट शुरू करेगी। दूसरे पार्ट में भारत जोड़ो यात्रा अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक चलेगी।

वहीं, पिछले साल 12 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई 30 जनवरी 2023 को जम्मू-कश्मीर में समाप्त हुई भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस ने सफल बताया था और दावा किया था कि पार्टी को इससे लोगों का अच्छा समर्थन मिला है। ओपिनियन पोल में ज्यादा प्रतिशत में लोगों ने कहा कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा का फायदा 2024 में नहीं मिलेगा। वहीं, नए चेहरो को आगे करने को लेकर भी ज्यादा लोगों ने कहा कि इसका फायदा पार्टी को नहीं मिलेगा।

**50 फीसदी लोगों को नहीं विपक्षी गठबंधन के टिके रहने पर भरोसा :** सी वोटर ओपिनियन पोल सर्वे के नतीजों से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की जनता को विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर भरोसा नहीं है। सर्वे का हिस्सा बने 50 फीसदी ने चुनाव तक इसकी एकजुटता बने रहने पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। सर्वे के ये आंकड़े विपक्षी गठबंधन की टेंशन बढ़ा सकते हैं।

### पद्म पुरस्कार लौटाए नहीं ...

पुरस्कार का नाम अपने नाम केआगे पीछे लगाएं? यह सिर्फ सम्मान है जो सरकार देती है और सम्मान में उपाधि में अंतर होता है। किसी व्यक्ति ने अगर पीएचडी की तो डॉ या भारतीय सेना में अधिकारियों की रैंक को संबोधित किया जाताहै उन्होंने यह अर्जित की होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर 1995 के अपने फैसले में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्देश दियाकि भारत रत्न पद्म विभूषण पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे राष्ट्रीय पुरस्कारों का उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो नियमों केतहत पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति से पुरस्कार जब्त कर लेना चाहिए। 'राष्ट्रपति द्वारा जब यह पुरस्कार दिया जाता है तो हर पुरस्कार विजेता को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बारे में बताया जाता है और साथ ही उन्हें सलाह दी जाती है कि वह अपने नाम के आगे या पीछे पुरस्कार का नाम ना लगाएं। कुछ वर्षों में अवॉर्ड वापसी का चलन काफी तेज हुआ है। इस पर लगाम लगाने के लिए पार्लियामेंट्री कमेटी ने अंडर टेकिंग फॉर्म भरवाने की सिफारिश की है कि वे भविष्य में अपना अवॉर्ड नहीं लौटाएंगे। कमेटी ने अवॉर्ड वापसी के मुद्दे को देश का अपमान बताया है। उसने कहा कि इससे पुरस्कारों की साख पर असर पड़ रहा है। इसका राजनीति करण नहीं होना चाहिए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### छग के सीएम विष्णु देव साय ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी थे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### छत्तीसगढ़ में नौ नए मंत्रियों ने ली शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार हो गया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने नौ मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने बृजमोहन अग्रवाल, राम विचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओ पी चैधरी, लक्ष्मी राजवाड़े और टंक राम वर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### इजराइल ने लेबनान - गाजा में दागी मिसाइलें, कई आतंकवादी मारे गए

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा शहर में हमास मुख्यालय पर हमला कर आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को हमास के खिलाफ अभियान में यह कामयाबी मिली।

### ईडी ने तेजस्वी यादव को फिर भेजा समन, 5 जनवरी को बुलाया



**नई दिल्ली।** ईडी ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को फिर नया समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी यादव को 5 जनवरी को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी को 5 जनवरी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने तेजस्वी को 22 दिसंबर और लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को पेश होने के लिए समन भेजा था।

# कैलिफोर्निया स्थित हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

## मंदिर की दीवारों पर प्रधानमंत्री मोदी का अपमानजनक चित्र बनाया




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में शुक्रवार को एक प्रमुख हिंदू मंदिर में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। साथ ही बे एरिया के नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए और खालिस्तान नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले की प्रशंसा करते हुए स्प्रे पेंट बनाया गया है। मंदिर के एक सदस्य चिंतन पंड्या ने बताया कि पिछली रात जो कुछ भी हुआ, वह भारतीय समुदाय के खिलाफ बर्बरता और हिंसा है। उन्होंने कहा कि यह घटना चिंताजनक है, क्योंकि लगभग दो साल पहले खुलने के बाद से यह पहली बार है कि मंदिर में ऐसा कुछ हुआ है। पंड्या ने कहा, यह समुदाय के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना पर चर्चा के लिए मंदिर के नेता एक विशेष बैठक करेंगे।

अमेरिका स्थित वकालत संगठन, गठबंधन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते हिंदूफोबिया को संबोधित करने के लिए एक संपूर्ण और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। सीओएचएनए ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धर्म की स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं है, जब लोगों के आस्था के केंद्रों पर हमले हों। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सह-संस्थापक मिहिर मेघानी ने सीबीएस न्यूज से कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश अमेरिकी, अधिकांश भारतीय, अधिकांश हिंदू इस कृत्य का नापसंद करते हैं।" मेघानी ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में भारतीय-अमेरिकी समुदाय बढ़ रहा है और ये राजनीतिक मुद्दे अब यहां विभाजन का हिस्सा बन रहे हैं। यह घटना अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा न्यूयॉर्क स्थित खालिस्तान नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अभियोग को खारिज करने के ठीक बाद हुई है।

# अलगाववादी ताकतों को नहीं मिले जगह

## राष्ट्रीय रक्षा विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह में बोले एस जयशंकर



**एजेंसी। गांधीनगर**

अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों द्वारा एक मंदिर की दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमारे दूतावास ने वहां की सरकार और पुलिस से इसकी शिकायत की है, जांच जारी है।

विदेश मंत्री शनिवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि यह भारतीय कूटनीति की उपलब्धि रही है कि हम कई प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भू-राजनीतिक विचार अक्सर विश्वसनीय भागीदारों की पहचान करने के इर्द-गिर्द घूमते हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही कि हम अक्सर प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।'

विदेश मंत्री ने आतंकवाद पर बात करते हुए कहा, 'आप लोग यह नहीं समझें कि आतंकवाद की शुरूआत अभी हुई है। यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए। इस देश में बहुत कुछ बदल गया है। मेरे लिए सबसे ज्यादा कोई चौंकाने और बदलाव लाने वाला समय है तो वो मुंबई का 26/11 हमला। कई लोग बहुत भ्रमित थे जब तक कि उन्होंने 26/11 के आतंकवाद की वास्तविक तस्वीरें नहीं देखी थीं।' उन्होंने कहा, 'अब हमें सबसे पहले इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है। कुछ लोगों ने 26/11 के बाद भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ की। जबकि मुझे नहीं लगता अब देश का यह मूड है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद का अभ्यास कर रहा है तो आपको जवाब देना चाहिए।'

## कर्नाटक में हिजाब बैन हटाने का आदेश नहीं दिया

# अपने बयान से पलटे सिद्धारमैया



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में हिजाब बैन को लेकर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अभी तक ऐसा नहीं किया है, हां विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी ने मुझसे हिजाब पर प्रतिबंध हटाने को लेकर सवाल पूछा जिसके जवाब में मैंने उन्हें जवाब दिया कि सरकार इसे रद्द करने पर विचार कर रही है। मैसुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि सरकार राज्य में हिजाब पर लगे बैन को हटाने जा रही है, इसके लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बीजेपी ने सीएम पर धर्म का जहर बोने का आरोप लगाया था।

कर्नाटक में हिजाब बैन के दौरान चर्चा में आई छात्रा मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारा अधिकार है और हम सबको अब भाई-बहन की तरह रहने दें। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारी संस्कृति है। यह हमारा अधिकार है। मेरा मानना है कि हमें अधिकार मिलेगा। शिक्षा में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### सीएम ले सकते हैं फैसला : सुप्रिया सुले



सिद्धारमैया के बयान के बाद से देश भर में इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। इसे लेकर कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने राज्य के मुख्यमंत्री पर धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया, इसपर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने हिजाब विवाद पर कहा, यह कर्नाटक का आंतरिक मामला है, वहां के सीएम फैसला ले सकते हैं। राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने के मामले पर कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, सत्तारूढ़ कांग्रेस फूट डालो और शासन करो वाली ब्रिटिश सरकार की नीति को आगे बढ़ा रही है। राज्य सरकार को कम से कम बच्चों को अपनी गंदी राजनीति से बचाना चाहिए था।

### बीजेपी ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना

उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ कांग्रेस हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर परीक्षा देने गईं हिंदू महिलाओं को उनके मंगल सूत्र और पैर की अंगूठियों को उतारने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों की स्थिति को ऊपर उठाने की कोशिश नहीं की।

### चीनी वीजा मामले में ईडी के सामने पेश हुए कार्ति चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। तमिलनाडु के शिवगंगा से लोकसभा सांसद कार्ति दोपहर करीब 12 बजे यहां मुख्यालय में ईडी के सामने पेश हुए। इससे पहले वह ईडी के दो समन में शामिल नहीं हुए थे। 2022 में दर्ज मामले में आरोप लगाया गया है कि वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल), जो पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी, के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया था।

# अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक घुसपैठिया ढेर



**एजेंसी। जम्मू**

अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाबलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह भारी हथियारों से लैस चार घुसपैठियों के समूह को अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से इस ओर घुसने का प्रयास करते हुए देखा गया। सुरक्षाबलों की वापस लौटने की चेतावनी के बावजूद घुसपैठिये नहीं माने और भारतीय सीमा में घुसने लगे। इसके बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में एक घुसपैठिया मारा गया।

### पुंछ -राजौरी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित

**पुंछ।** पुंछ-राजौरी जिलों में तलाशी अभियान के दौरान शनिवार कि सुबह मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। सुरक्षाबलों ने पुंछ में 21 दिसंबर को सेना के दो वाहनों पर घात लगा कर हमला कर चार जवानों की जान लेने वाले आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए व्यापक तलाशी अभियान चला रखा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अफवाह फैलाने वालों और शरारती तत्वों को कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या पैदा करने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर पुंछ और राजौरी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

## भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक का दूसरा दिन

# पार्टी का वोट प्रतिशत 51 करें : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर शुक्रवार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के विस्तार भवन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक चल रही है। दो दिवसीय बैठक की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी और शनिवार को दूसरे दिन पदाधिकारियों को अमित शाह संबोधित करेंगे। शुक्रवार को बंद कमरे में चली बैठक में सभी महासचिवों के साथ भाजपा के सभी मोर्चा पदाधिकारी भी मौजूद थे। शुक्रवार को जेपी नड्डा ने भी एक्स पर संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में भाजपा देश के मुख्य स्तंभ युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण के पथ पर अग्रसर है। सूत्रों के अनुसार शनिवार को सभी पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति और जीत का मंत्र दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पदाधिकारियों से देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत 51 प्रतिशत तक बढ़ाने पर जोर देते हुए जन कल्याण की केन्द्र सरकार की योजना को जन-जन पहुंचाने पर तेजी से काम करने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए चार जातियों में महिला, गरीब, युवा और किसानों पर विशेष रूप से फोकस करने को कहा गया है। इसकी तस्दीक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी की है।

# राष्ट्रपति ने किया पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज का निरीक्षण



**एजेंसी। जोधपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को जैसलमेर के दौरे पर रहीं। यहां पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के जवानों से रूबरू होने के बाद उन्होंने जैसलमेर के पूनम सिंह स्टेडियम में पहुंच कर लखपति दीदी कार्यक्रम में शिरकत की। हजारों स्वावलंबी महिलाओं को एक साथ देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जहां खुशी से लबरेज नजर आईं, वहीं कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व कृषि मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

जैसलमेर में राष्ट्रपति मुर्मू 'लखपति दीदी सम्मेलन' में शिरकत करने के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक की ओर से 100 करोड़ रुपये का ऋण, 40 करोड़ की आजीविका संवर्धन सहायता और राजस्थान महिला निधि ऋण के 10 करोड़ की राशि के चेक वितरित किए। राष्ट्रपति ने महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल्स की भी जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मूर्मू शनिवार की अपने एक दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचीं। यहां पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। इस मौके पर विधायक प्रताप पुरी और छोटू सिंह भी मौजूद रहे।

अपने एक दिवसीय दौरे में उन्होंने पोकरण आर्मी रेंज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सेना के जवानों और अधिकारियों से फीडबैक लेने के साथ ही हर परिस्थितियों में सीमा की रक्षा के लिए मुस्तैद रहने वाले सेना के जवानों का हौसला भी बढ़ाया।

## गणतंत्र दिवस समारोह | मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

# भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों इस साल 26 जनवरी को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इस महान अवसर भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतीक्षारत इन पलों के लिए करीब नौ घंटे पहले एक्स हैंडल पर अपनी उत्सुकता और खुशी साझा की है। उन्होंने लिखा है- ' मैं अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इस दिन भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का जश्न भी मनाएंगे।' इससे कुछ घंटे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने एक्स हैंडल पर आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने लिखा-' मित्र नरेन्द्र मोदी निमंत्रण के लिए धन्यवाद। मैं भारत के गणतंत्र दिवस समारोह पर जश्न मनाने के लिए समारोह में आपके साथ रहूंगा।' भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, रणनीतिक साझेदार के रूप में भारत और फ्रांस कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उच्च स्तर की समानता साझा करते हैं। इस वर्ष भारत-फ्रांस अपनी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ (सिल्वर जुबली) मना रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को पेरिस में आयोजित बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 8 और 9 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत के दौरे पर आए थे। खास बात यह है कि भारत अपने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए हर साल वैश्विक नेताओं को आमंत्रित करता है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 2021 और 2022 में इस समारोह में किसी को भी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित नहीं किया गया। राष्ट्रपति मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता होंगे। वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी मुख्य अतिथि थे। वर्ष 2020 में ब्राजील के तत्कालीन राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

### पीएम ने जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवावासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गोवा में जुआरी नदी पर बने देश के दूसरे सबसे लंबे केबल ब्रिज के शनिवार को पूरी तरह चालू होने के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुल कनेक्टिविटी में सुधार से पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवा के लोगों को बधाई। यह प्रमुख परियोजना उत्तरी और दक्षिणी गोवा के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करेगी जिससे आने वाले समय में पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जुआरी नदी पर केबल आधारित पुल की दूसरी लेन का उद्घाटन किया था। नये जुआरी पुल से उत्तर और दक्षिण गोवा, डाबोलिम और मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा।

## फिल्म जगत

### 'बिग बॉस 17': मुनव्वर फारुकी व मन्नारा के रिश्ते में आई खटास



**'बिग बॉस 17'** के नवीनतम एपिसोड में मन्नारा चोपड़ा और मुनव्वर फारुकी के बीच अनबन दिख रही है। शो में दोनों एक-दूसरे से नाराज दिखाई दिए। चैनल द्वारा साझा किए गए प्रोमो में मन्नारा कप्तानी कार्य के बाद मुनव्वर से नाराज दिख रही हैं, जहां उन्होंने मुनव्वर को 'पाखंडी' कहा। दोनों को गार्डन एरिया में बैठे देखा गया, जहां मन्नारा को मुनव्वर से कहते देखा गया कि वह सिर्फ अपने लिए स्टैंड ले रही थी और इसलिए उन्होंने कप्तानी के लिए अपना नाम दिया। मन्नारा को मुनव्वर से कहते हुए सुना गया, मैं पाखंडी नहीं हूं, हो सकता है आप हों। आपने जो शब्द इस्तेमाल किया, वह मुझे पसंद नहीं आया। कप्तानी भाड़ में जाए।" उन्होंने फिर माफी मांगी। फिर उन्हें मुनव्वर को दूरी बनाए रखने के बारे में बताते हुए देखा गया और नई वाइल्ड कार्ड एंट्री आयशा खान की ओर इशारा करते हुए उसे अपने नए दोस्तों के पास जाने के लिए कहा।